सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 07 जून, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 153, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## खाद्य तेलों की पैकिंग के मानक आकार तय

उपभोक्ता मामलों के विभाग ने खाद्य तेलों के पैक के लिए तय आकार निर्धारित किए हैं, ताकि उपभोक्ता अलग-अलग ब्रांडों की कीमत आसानी से तुलना कर सकें। } 10

## नार्को-आतंकी नेटवर्क का जड़ से करेंगे खात्मा : मनोज सिन्हा

जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नशामुक्त समाज के निर्माण और मादक पदार्थों के खतरे से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि वह इसका जड़ से सफाया करेंगे। } 12

# एच-1बी वीजा बंद करने का प्रस्ताव

### रिपब्लिकन पार्टी के एक कट्टरपंथी सांसद ने उठायी मांग

एजेंसी



वाशिंगटन। अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के एक कट्टरपंथी सांसद ने एच-1बी वीजा कार्यक्रम में बड़े बदलाव के प्रावधान वाले विधेयक का मसौदा संसद में पेश किया है। इसमें एच-1बी वीजा को अमेरिका में स्थायी निवास (ग्रीन कार्ड) प्राप्त करने के रास्ते के रूप में इस्तेमाल करने की व्यवस्था समाप्त करने का प्रस्ताव रखा गया है।

टेक्सास से रिपब्लिकन सांसद चिप रॉय ने अमेरिकन व्हाइट-कॉलर वर्कर जॉब्स एक्ट पेश किया। प्रस्तावित विधेयक में वैकल्पिक व्यावहारिक प्रशिक्षण (ओपीटी) कार्यक्रम को भी समाप्त करने की मांग की गई है। यह कार्यक्रम विदेशी छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के बाद सीमित अवधि तक अमेरिका में काम करने की अनुमति देता है। रॉय ने कहा, लगभग 40 वर्षों के इतिहास में एच-1बी वीजा का दुरुपयोग ही हुआ है। इसके जरिए नियोक्ताओं ने अमेरिकी स्टेम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) कर्मचारियों को दरकिनार कर सस्ते विदेशी श्रमिकों को प्राथमिकता दी है, जबकि छंटनी और कम वेतन को कर्मचारियों की कमी के नाम पर छिपाया गया है। उन्होंने कहा अब समय आ गया है कि इस लॉटरी-आधारित व्यवस्था को समाप्त कर ऐसी प्रणाली लाई जाए जो योग्यता को प्राथमिकता दे, वास्तविक वेतन मानकों को लागू करे और अमेरिकी व्हाइट-कॉलर (दफ्तरों में काम करने वाले) कर्मचारियों को पहले स्थान पर रखे। यह विधेयक ऐसे समय में लाया गया है जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन कानूनी आव्रजन कार्यक्रमों पर सख्ती कर रहा है। इसके तहत एच-1बी आवेदकों के लिए उच्च वेतन को प्राथमिकता देना और नए आवेदनों पर एक लाख ...शेष पृष्ठ 10 पर

# वैश्विक संकट के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था : राजनाथ

### आर्थिक संकट से निपटने के लिए जमीन, किसानों, संसाधनों व वैज्ञानिक प्रतिभा से तैयार करने होंगे विकल्प

विशेष संवाददाता



लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि जब कई देश आर्थिक अनिश्चितता का सामना कर रहे हैं, उस समय भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था की अपनी पहचान बनाए हुए है। सिंह ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, वित्त वर्ष 2025-26 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जबकि चौथी तिमाही में वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही। यह पिछले 12 वर्षों में सुधार, प्रदर्शन, रूपांतरण के मंत्र से निर्मित इसके लचीलेपन एवं अंतर्निहित शक्ति को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आर्थिक विकास को स्थिरता, विश्वास, निरंतरता और विश्वसनीयता के साथ जोड़ा है। रक्षा मंत्री ने कहा, जैसे-जैसे भारत विकसित भारत की परिकल्पना की ओर बढ़ रहा है, यह उल्लेखनीय विकास गाथा नए अवसर पैदा कर रही है और 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को मजबूत कर रही है।

पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के पश्चिम मंडल-2 द्वारा आयोजित प्रबुद्ध जन संवाद कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने प्रबुद्धजनों, वरिष्ठ नागरिकों एवं क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता, व्यापारी, अधिवक्ता, शिक्षाविद् एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अलावा उन्होंने राजधानी महानगर के मध्य मंडल-2 द्वारा कैसरबाग स्थित राय उमा बाली प्रेक्षागृह में आयोजित प्रबुद्ध जनसंवाद कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनके सुझाव, समस्याएं एवं विचार सुने।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से वोवीनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने एक प्रतिनिधिमंडल के साथ भेंट की। एक बयान में यह जानकारी दी गई। राजनाथ सिंह ने इस मौके पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि वोवीनाम खेल भारत और वियतनाम के बीच पारस्परिक संबंधों को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है। बयान के मुताबिक प्रतिनिधिमंडल में ख्वाजा मोइनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति अजय तनेजा, वर्ल्ड वोवीनाम फेडरेशन टेक्निकल कमेटी के डायरेक्टर एवं वियतनामी प्रशिक्षक मास्टर हुईन खैक गुयेन, कोच मास्टर फाम ची थिन्ह, एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव शंकर महाबले (महाराष्ट्र), टेक्निकल डायरेक्टर देवेन मोएरंथम (मणिपुर), संयुक्त सचिव विनोद लखेरा, बृजेश कुमार भाऊ (जम्मू-कश्मीर), ऋषि पाल भारती, देवेंद्र सिंह रावत और विनम्र गर्ग शामिल थे। इस मुलाकात के दौरान प्रवीण गर्ग ने रक्षा मंत्री को लखनऊमें जारी सात दिवसीय नेशनल टेक्निकल सेमिनार की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ख्वाजा मोइनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित इस सेमिनार में 21 प्रदेशों के सीनियर खिलाड़ी और मास्टर्स वियतनामी प्रशिक्षकों की देखरेख में विशेष प्रशिक्षण ले रहे हैं। रक्षा मंत्री सिंह ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# उत्सव के रंग में भंग डाला तो खाक हो जायेगा भविष्य : योगी

### ❍ सीएम योगी ने गोंडा को दी 516 करोड़ की सौगात ❍ 262 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास




जिला संवाददाता

गोंडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया कि अब वह नहीं होगा, जो 2017 के पहले होता था। 2015-16 में दुर्गा पूजा में गोंडा में दंगे की चेष्टा की गई थी। तब मां दुर्गा की मूर्ति का विसर्जन नहीं होने दिया जाता था। रामलीला में अड़चन डाली जाती थी। त्योहार व उत्सव से पहले उपद्रव शुरू हो जाते थे। 2017 से पहले सत्ता में बैठे लोग दंगाइयों व पेशेवर गुंडों के सामने नतमस्तक होते थे। प्रदेश में महीनों कर्फ्यू रहता था। लेकिन, अब किसी ने उत्सव के रंग में भंग डाला तो उसका वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ...शेष पृष्ठ 10 पर

## पहले प्रदेश में नहीं थीं नौकरियां व रोजगार

सीएम योगी ने कहा कि एक समय ऐसा भी आ गया, जब अन्य जनपदों की भांति ही गोंडा के नौजवानों के सामने भी पहचान का संकट हो गया। प्रदेश में नौकरी-रोजगार नहीं था। नौजवान जब बाहर जाते थे तो अन्य प्रदेशों के लोग 10 कदम की दूरी बना लेते थे। शंका भरी निगाहों से देखते थे। 12 वर्ष में पीएम मोदी व 9 वर्ष में डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों का परिणाम है कि अब यूपी का नाम आते ही सामने वाले का चेहरा खिल जाता है और वह आपको गले लगाने ...शेष पृष्ठ 10 पर

## दो-दो विधानसभाओं का एकसाथ दौरा करेंगे सीएम

सीएम ने श्रावस्ती की पौराणिकता का जिक्र करते हुए बताया कि वहां एयरपोर्ट निर्माण हो रहा है। महाराजा सुहेलदेव ने एक हजार वर्ष पहले विदेशी आक्रांताओं का मुंहतोड़ जवाब दिया था। आक्रांताओं को दहलाने वाला शौर्य कैसा होना चाहिए, महाराज सुहेलदेव उसके प्रतीक हैं। स्वाधीनता के लिए किस प्रकार के त्याग-बलिदान की आवश्यकता होनी चाहिए, गोंडा उसका प्रतीक है। जब अच्छी सरकारें आईं, तब गरीबों को रोजगार, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो पाया। हमने तय किया है ...शेष पृष्ठ 10 पर

## गोंडा के गावों में बढ़ रहा प्राकृतिक खेती का दायरा

सीएम ने कहा कि गोंडा में प्राकृतिक खेती का दायरा बढ़ा है। हमें प्राकृतिक जीवन पद्धति को अपना कर आरोग्यता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ना चाहिए। वैश्विक ऊर्जा संकट में भी पीएम मोदी का नेतृत्व भारत को नई ऊर्जा दे रहा है और चुनौतियों से जूझने के लिए मन में उत्साह भी पैदा कर रहा है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं। यह बिजली की आवश्यकता को कम करेगा, प्राकृतिक ऊर्जा उपलब्ध कराएगा। ग्रीन ...शेष पृष्ठ 10 पर

## रेलवे सुरक्षा व भीड़ प्रबंधन की बने व्यापक कार्ययोजना : सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश में रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, तकनीक-सक्षम तथा परिणामोन्मुख बनाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश देश का सबसे बड़ा रेल यातायात वाला राज्य है, जहां प्रतिदिन लाखों यात्री रेल सेवाओं का उपयोग करते हैं। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा, महिला सम्मान, अपराध ...शेष पृष्ठ 10 पर

## यूक्रेन ने रूस के कई बड़े शहरों को बनाया निशाना

सेंट पीटर्सबर्ग (रूस)। रूस के दूसरे सबसे बड़े शहर सेंट पीटर्सबर्ग में शनिवार सुबह यूक्रेन के बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले के बाद निवासियों को अपने घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गयी। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

यह हमला रूस के काफी अंदर तक वार करने की कीव की बढ़ती क्षमता को दर्शाता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बैठक प्रस्ताव को खारिज कर दिया था। सेंट पीटर्सबर्ग के गवर्नर अलेक्जेंडर बेगलोव ने शहर के लोगों को घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी और चेतावनी दी कि मोबाइल इंटरनेट सेवाएं प्रभावित हो सकती हैं। क्षेत्रीय गवर्नर अलेक्जेंडर द्रोजदेंको ने कहा कि आसपास के लेनिनग्राद क्षेत्र के ऊपर 141 ड्रोन मार गिराए गए। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसकी वायु रक्षा प्रणाली ने कुल 376 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए। जेलेंस्की ने एक्स पर कहा, कल रात, हमारे ड्रोन ने सेंट पीटर्सबर्ग क्षेत्र में लगभग 1,000 किलोमीटर की दूरी दुश्मन नौसेना के शस्त्रागारों और क्रोनस्टैड में एक अड्डे तक तय की।

## संक्षेप

### टी-20 टीम में सूर्यवंशी को मौका




मुंबई। भारतीय टी20 क्रिकेट में शनिवार को बदलाव की नई बयार देखने को मिली जब श्रेयस अय्यर को सूर्यकुमार यादव की जगह राष्ट्रीय टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया। महज 15 वर्ष और 71 दिन की उम्र में वैभव सूर्यवंशी राष्ट्रीय टीम में जगह पाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का वर्षों पुराना रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। तेंदुलकर ने 15 नवंबर 1989 को कराची में पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। उस समय उनकी उम्र 16 वर्ष और 205 दिन थी।

### प्रज्ञानानंदा ने शतरंज में जीत का रचा इतिहास



ओस्लो। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा इतिहास रचते हुए अंतिम दौर में जर्मनी के विन्सेंट कीमर को हराकर प्रतिष्ठित नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। प्रज्ञानानंदा ने आखिरी दिन की शुरुआत 15 अंक के साथ तीसरे स्थान से की। उन्होंने सबसे अहम मौके पर बेहतरीन खेल दिखाया।

# अपने हितों की रक्षा करना जानता है भारत : पुतिन

### मोदी के नेतृत्व के दौरान भारत को प्रतिबंधों की धमकी उल्टी पड़ेगी

एजेंसी



सेंट पीटर्सबर्ग। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व के दौरान प्रतिबंधों की धमकियों से भारत की संप्रभुता को कमजोर करने की कोई भी कोशिश तुरंत उल्टी पड़ेगी।

पुतिन ने यह बात वार्षिक सेंट पीटर्सबर्ग अंतरराष्ट्रीय आर्थिक फोरम में कही। यह टिप्पणी उन्होंने दुनिया की बड़ी समाचार एजेंसियों के प्रमुखों के साथ बातचीत के दौरान उनकी टिप्पणियों पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कही। पुतिन ने कहा, भारत हमेशा एक संप्रभु देश की तरह काम करता है, और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, प्रतिबंधों की कोई भी संभावित धमकी तुरंत उल्टी पड़ेगी। रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि वह लंबे समय से प्रधानमंत्री मोदी के साथ करीबी बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने उस समय को भी याद किया जब मोदी के अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि प्रधानमंत्री मोदी इसे कभी नहीं भूलेंगे। अब जब वह प्रधानमंत्री हैं, तो सभी प्रतिबंध हटा दिए गए हैं, और जहां तक मैं समझता हूं, अमेरिका और भारत के बीच रिश्ते कामयाबी के साथ बढ़ रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि अगर भारत सुखोई-57 विमान या एस-500 वायु रक्षा मंच जैसी रूसी रक्षा प्रणालियां खरीदता है, तो क्या उसे अमेरिकी प्रतिबंध का सामना करना पड़ सकता है, पुतिन ने कहा, भारत एक संप्रभु देश है, और वह उन उत्पादों को चुनने के लिए स्वतंत्र है जिन्हें वह अपने लिए सबसे आधुनिक और सबसे उपयुक्त मानता है, तथा जो स्पष्ट रूप से सर्वोत्तम मूल्य प्रदान करते हैं। चाहे लोग कुछ भी कहें, भारत हमेशा इसी तरह से कार्य करता आया है। उन्होंने कहा, भारत हमेशा अपने राष्ट्रीय हितों के आधार पर काम करता है। पुतिन ने कहा कि भारत के साथ रूस का सहयोग, दूसरे सभी साझेदारों की तरह, राजनीतिक माहौल पर निर्भर नहीं करता। उन्होंने कहा, हम पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सिपाही ने बास्केटबॉल पोल से फंदा लगाकर दी जान

इटावा। इटावा पुलिस लाइन में तैनात एक सिपाही ने शनिवार सुबह बास्केटबॉल ग्राउंड के पोल पर फंदा लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक केके मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान आरक्षी अजीत सिंह यादव (40) के रूप में हुई है। अजीत सिंह यादव पुलिस लाइन परिसर स्थित सरकारी आवास में रहते थे और शनिवार सुबह उनका शव पुलिस लाइन के बास्केटबॉल ग्राउंड में पोल से लटका मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उन्होंने बताया कि अजीत सिंह यादव मूल रूप से कानपुर देहात के रहने वाले थे और 2005 में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। उन्होंने बताया कि अजीत सिंह ...शेष पृष्ठ 10 पर

# राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है साहित्य : धामी

### अभिव्यंजना 5.0 में देशभर के साहित्य मनीषियों का संगम

प्रमुख संवाददाता



हल्द्वानी (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री ने कहा कि साहित्य केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि समाज के बौद्धिक और सांस्कृतिक विकास का महत्वपूर्ण आधार है। एक सशक्त रचना व्यक्ति के चिंतन को प्रभावित करने के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया को भी गति प्रदान करती है। कालाढूंगी के धनपुर धमोला स्थित नमस्ते कॉर्बेट रिजॉर्ट में आयोजित राष्ट्रीय साहित्यिक आयोजन अभिव्यंजना 5.0 को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लेखकों और कवियों की भूमिका किसी भी समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। वे अपनी लेखनी के माध्यम से समय की चुनौतियों, सामाजिक सरोकारों और मानवीय मूल्यों को जनसामान्य तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत की साहित्यिक परंपरा सदियों पुरानी और अत्यंत समृद्ध रही है। विभिन्न कालखंडों में साहित्यकारों ने समाज को नई दिशा देने, कुरीतियों के खिलाफ जनमत तैयार ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

अधिकतम : 36.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

❍ सीएफओ फोरम एलिवेट 2.0 का आयोजन (पृष्ठ-02)
❍ सौर ऊर्जा में यूपी को नंबर-1 बनाने का लक्ष्य (पृष्ठ-02)
❍ फलों के राजा आम की अमेरिका में धूम (पृष्ठ-10)
❍ पश्चिम एशिया संकट से जीडीपी पर दबाव (पृष्ठ-10)
❍ विशाखापत्तनम में खड़ा है 292 मीटर लंबा जहाज (पृष्ठ-10)

विशेष खबर

### वैश्विक अस्थिरता के बीच आर्थिक वृद्धि पर ईएसी के साथ की व्यापक चर्चा

# विकास से जुड़े मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी ने की मंत्रणा

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की आर्थिक वृद्धि को तेज करने के उपायों पर प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के सदस्यों के साथ चर्चा की। इस दौरान ईएसी-पीएम के सदस्यों ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का भारत और दुनिया पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर अपना आकलन भी पेश किया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की एक बैठक की अध्यक्षता की जिसमें भारत के आर्थिक परिवर्तन और दीर्घकालिक विकास प्राथमिकताओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

उन्होंने कहा, सुधारों की प्रक्रिया को और गति देने तथा जीवन की सुगमता और कारोबार की सुगमता सुनिश्चित करने पर भी विचार साझा किए गए। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री और उनकी आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्यों ने मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के बीच आर्थिक वृद्धि को मजबूत करने के लिए कई विचारों एवं नीतिगत उपायों पर चर्चा की। सूत्रों ने कहा कि उच्च-स्तरीय बैठक में जीवन की सुगमता और कारोबारी सुगमता को बेहतर बनाने से जुड़े विभिन्न सुधारों पर भी विचार-विमर्श किया गया। ईएसी एक स्वतंत्र निकाय है जो भारत सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री को आर्थिक एवं संबंधित मुद्दों पर सलाह देता है। इस बैठक में सलाहकार परिषद के सदस्यों के अलावा प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव पी.के. मिश्रा एवं शक्तिकांत दास भी शामिल हुए। वर्तमान में ईएसी में एक चेयरमैन, तीन पूर्णकालिक सदस्य और 11 अंशकालिक सदस्य हैं। इसके प्रमुख एस. महेंद्र देव हैं, जबकि संजय कुमार मिश्रा, संजीव सान्याल एवं शामिका रवि पूर्णकालिक सदस्य हैं। परिषद के 11 अंशकालिक सदस्यों में राकेश मोहन, साजिद जेड चिनॉय, नीलकंठ मिश्रा, नीलेश शाह, टीटी राम मोहन, सौम्य कांति घोष, केवी राजू, चेतन घाटे, पामी दुआ, पुलक घोष और गौरव वल्लभ शामिल हैं। ईएसी के कार्यक्षेत्र में प्रधानमंत्री द्वारा संदर्भित किसी भी आर्थिक या अन्य मुद्दे का विश्लेषण करना और उस ...शेष पृष्ठ 10 पर

# फिरोजपुर में ट्रक-पिकअप वाहन की टक्कर, नौ की मौत

एजेंसी

फिरोजपुर। पंजाब के फिरोजपुर में शनिवार को एक पिकअप वाहन की ट्रक से टक्कर हो जाने के कारण नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी, दुर्घटना फिरोजपुर-फाजिल्का सड़क पर जंगावाला मोड़ के पास हुई।

❍ कई अन्य हुए घायल, दुर्घटना के कारणों की जांच जारी

जलालाबाद से 32 लोग एक रिश्तेदार की अस्थियों को ब्यास नदी में विसर्जित करने के लिए अमृतसर के ब्यास जा रहे थे कि तभी उनके वाहन की ट्रक से टक्कर हो गई। इनमें से कई की मौके पर ही मौत हो गई और गंभीर रूप से घायल लोगों को फिरोजपुर के सिविल अस्पताल ले जाया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. निखिल गुप्ता ने बताया कि गंभीर हालत वाले मरीजों को फरीदकोट स्थित गुरु गोबिंद सिंह सरकारी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। फिरोजपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भूपिंदर सिंह अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। सिंह ने कहा कि पुलिस दुर्घटना के सटीक कारण का पता लगाने के लिए जांच कर रही है। दुर्घटना में अंशप्रीत सिंह (12) को मामूली चोटें आई हैं। उसने बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ अपनी दादी पूरू बाई (62) की अस्थियां विसर्जित करने जा रहा था।

# मंच पर गूंजा जय श्री राम व बुलडोजर बाबा का जयघोष

## सात बजे से ही चकरौत पहुंचने लगे लोग, लोगों ने कहा कि जितनी तेजी से बुलडोजर चलता है, उससे ज्यादा गति से विकास का पहिया चलता है

**विशेष संवाददाता (vol)**



**गोंडा/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार सुबह बलरामपुर में मां पाटेश्वरी का पूजन कर सभास्थल चकरौत पहुंचे। कटरा व करनैलगंज विधानसभा के बॉर्डर पर आयोजित इस जनसभा में दोनों ही विधानसभाओं के लोग पहुंचे। सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में सुबह सात बजे से ही लोग पहुंचने लगे। सुबह दस बजे से पहले ही पंडाल लोगों से खचाखच भरा नजर आया और हर ओर भगवा लहराता दिखा।

मुख्यमंत्री योगी के मंच पर पहुंचते ही जनप्रतिनिधियों ने भाषण दिया। जिले के जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री को भगवान राम की प्रतिमा और गदा भेंट कर उनका स्वागत किया।

साथ ही जिला प्रशासन की ओर से उन्हें मां शक्ति की प्रतिमा शक्ति और सेवा के प्रतीक के रूप में भेंट की गई। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनता, कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। मंच पर स्वागत उद्बोधन में कैसरगंज लोकसभा सांसद करन भूषण सिंह ने अपने भाषण में सीएम को बुलडोजर बाबा कहकर संबोधित किया। उनके इतना कहते ही पंडाल में जय श्री राम व बुलडोजर बाबा की जय के उद्घोष हुआ।

वहीं, मुख्यमंत्री ने अपने भाषण की शुरूआत में कहा कि गोंडा ऊजार्वान जनपद है। यहां के युवा ऊजार्वान, अन्नदाता किसान परिश्रमी और बहनें व बेटियां प्रतिभाशाली हैं। इस पर पंडाल में भाजपा के झंडे लहराते रहे। लोग कुर्सियों पर खड़े होकर सीएम का भाषण सुनते नजर आए।

**सीएम के विकास मॉडल को युवाओं ने सराहा :** कटरा निवासी आशीष मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री का भाषण सुनने के लिए सुबह सात बजे से ही आ गया था। जिससे आगे पहुंचकर उन्हें देख भी सके और ठीक से सुन भी सके। उनके साथ आए मनीष, शिवम व अन्य लोगों ने भी मुख्यमंत्री के विकास मॉडल को सराहा। कहा कि बुलडोजर बाबा के राज में जितनी तेजी से बुलडोजर चलता है, उससे ज्यादा तेज गति से विकास का पहिया भी चलता है। इसीलिए सीएम योगी को सुनने आए हैं। इसी तरह करनैलगंज से पहुंचे आलोक मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री का यह कहना कि अच्छे जनप्रतिनिधि चुनें, एकदम सही है। सही जनप्रतिनिधियों को चुनने से ही सही ढंग से विकास होता है।

### मुख्यमंत्री ने जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को किया सम्मानित

**योगी आदित्यनाथ ने गोंडा में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, चाबी, प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र प्रदान किया।**

#### मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होने वाले लाभार्थी...

- आरती देवी- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का प्रमाण पत्र
- गीता सिंह- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना- 40 लाख का चेक
- ब्रजमोहन शुक्ल- कस्टम हायरिंग सेंटर के तहत ट्रैक्टर की चाबी
- वैभव सिंह- प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना- 8 लाख का चेक
- हरिओम वर्मा- दिव्यांगजन पेंशन योजना का स्वीकृति पत्र
- बेबी ऋषिका- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की लाभार्थी
- अनारा- गोनार्क स्वच्छता मार्ट के लिए चाबी
- अंकित कुमार- मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना- 2.62 लाख
- देवी प्रसाद- आयुष्मान वन वंदना कार्ड
- महेश- वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत प्रमाण पत्र
- तारावती- कन्या विवाह सहायता योजना- 85 हजार का चेक
- पूजा व सरोज- एनआरएलएम- 387 स्वयं सहायता समूह को बैंक क्रेडिट लिकेंज वितरण के तहत 7.58 लाख से अधिक का चेक
- ऊषा- मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की चाबी
- अभिषेक तिवारी- मेधावी छात्र- स्टडी टेबल व प्रमाण पत्र
- रुचि- मेधावी छात्रा- स्टडी टेबल व प्रमाण पत्र

# मुख्यमंत्री योगी ने किये मां पाटेश्वरी के दर्शन

## गोरक्षपीठाधीश्वर ने मां के चरणों में लगाई हाजिरी

**विशेष संवाददाता (vol)**

- मंदिर की व्यवस्थाओं का लिया जायजा, श्रद्धालुओं का किया अभिवादन
- सीएम ने गोशाला में गुड़-हरा चारा खिलाकर गो माता की सेवा भी की



**लखनऊ/बलरामपुर।** गोरक्षपीठाधीश्वर व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह तुलसीपुर में देवी शक्तिपीठ मां पाटेश्वरी मंदिर में दर्शन, पूजन-अर्चन किया। उन्होंने मां की आरती उतारी और सुखी, स्वस्थ व समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया।

सीएम योगी शुक्रवार को बलरामपुर पहुंचे। यहां विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास के बाद मंदिर में रात्रि विश्राम किया। शनिवार सुबह दर्शन-पूजन के बाद मंदिर में आये श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया।

**स्वस्थ-समृद्ध उत्तर प्रदेश की कामना की**

सीएम ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व स्वच्छता की समुचित व्यवस्था का भी निर्देश दिया। स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों, संतों आदि से मुलाकात भी की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गोंडा के लिए प्रस्थान किया। दर्शन-पूजन के दौरान महंत मिथिलेश नाथ योगी, कालीबाड़ी गोरखपुर के महंत रविंद्र दास, विधायक पलटूराम, कैलाश नारायण शुक्ल आदि भी मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में कानून-व्यवस्था ध्वस्त : अखिलेश यादव

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा है कि सरकार से लेकर संगठन तक में शीर्ष पदों पर बैठे भाजपा नेताओं की भाषा बेहद अभद्र और असंसदीय है। मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों, सहयोगी दलों ने नौ साल के कार्यकाल में विकास का कोई कार्य नहीं किया। भेदभाव और नफरत फैलाने का काम किया। भाजपा सरकार में कानून-व्यवस्था ध्वस्त है। हर दिन जघन्य हत्याएं हो रही है। भ्रष्टाचार चरम पर है। हर विभाग में लूट मची है। थाना, तहसील भ्रष्टाचार का अड्डा बन गया है। स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त है। अस्पतालों में मरीजों को पर्याप्त दवा इलाज नहीं मिल रहा है। दवाओं में बड़ी पैमाने पर घपलेबाजी है। बिजली व्यवस्था चरमरायी हुई है। स्मार्ट मीटर लगाकर भाजपा सरकार ने जनता को लूटने का काम किया। शिक्षा व्यवस्था की दुर्दशा हो गयी है। परीक्षाएं पारदर्शी नहीं रह गयी है। पेपर लीक हो रहे है। सरकार समय पर पंचायत चुनाव नहीं कर पायी। किसानों की आय दुगनी नहीं हुई। भाजपा सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और सरकार के मंत्रियों के पास जनता से जुड़े मुद्दो और भाजपा द्वारा किये गये वादो पर कोई जवाब नही है। भाजपा सरकार 2027 में हार के डर से भयभीत है। मुख्यमंत्री और उनके सहयोगी दल अलोकतांत्रिक और अमर्यादित व्यवहार और भाषा पर उतर आये हैं। संवैधानिक पदों पर बैठे भाजपा के लोगों में अपने पदों की मर्यादा का भी सम्मान नहीं है। ये सब पदों की गरिमा को गिराने अपमानित करने का काम कर रहे है। इनके पास जनहित में करने के लिए न कोई काम है और न सोच। प्रदेश की जनता सब देख रही है।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल को जन्मदिवस पर सीएम योगी सहित कई मंत्रियों ने दी बधाई

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं मुजफ्फरनगर सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कपिल देव अग्रवाल को उनके जन्मदिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित केंद्र एवं राज्य सरकार के अनेक मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न क्षेत्रों की हस्तियों ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई संदेश प्रेषित किए। जन्मदिवस के अवसर पर दिनभर शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों, प्रदेश सरकार के मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों (एमएलसी), सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों, उद्योग जगत से जुड़े व्यक्तियों तथा प्रबुद्ध नागरिकों ने दूरभाष, सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने उनके स्वस्थ, दीर्घ एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना करते हुए प्रदेश के विकास और जनसेवा में उनके योगदान की सराहना की। मुजफ्फरनगर स्थित उनके आवास पर भी बड़ी संख्या में समर्थक, कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, व्यापारी, शिक्षक, युवा एवं आम नागरिक पहुंचे और पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिवस की बधाई दी।

# योगी सरकार में दिव्यांगों को मिला त्वरित न्याय, 96.38% शिकायतों का निस्तारण

## हेल्पलाइन बनी बड़ा सहारा, एक फोन कॉल पर दूर हो रहीं दिव्यांगों की समस्याएं

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश के दिव्यांगजन भी योगी सरकार की प्राथमिकताओं में प्रमुख रूप से शामिल हैं। उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-180-1995 प्रभावी माध्यम के रूप में उभरी है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में विभाग ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के दौरान कुल 7,707 शिकायतें प्राप्त हुईं थी, जिनमें से 7,428 शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया है। इस प्रकार कुल 96.38 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया गया है।

- किसी भी दिव्यांगजन को न भटकना पड़े, समयबद्ध निस्तारण पर सरकार का जोर



### दिव्यांगजनों की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण कर रहा विभाग

इस संबंध में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के उप निदेशक डॉ. अमित कुमार राय ने बताया कि वर्ष 2025-26 में हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त कुल शिकायतों में से 96.38 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण किया गया है। विभाग का सतत प्रयास है कि प्रत्येक पात्र दिव्यांगजन को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर, पारदर्शी और सरल तरीके से उपलब्ध हो तथा उनकी समस्याओं का भी समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके, ताकि किसी भी दिव्यांगजन को अनावश्यक रूप से भटकना न पड़े।

हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों में विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित मामले शामिल हैं। इनमें दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (पेंशन) योजना से संबंधित 7,281 शिकायतें, स्वावलंबन कार्ड से संबंधित 52 शिकायतें और दुकान निर्माण एवं संचालन योजना से संबंधित 67 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके अतिरिक्त शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना से संबंधित 23 शिकायतें, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना से संबंधित 69 शिकायतें और अन्य विषयों से जुड़ी 215 शिकायतें दर्ज की गईं थी।

इसमें स्वावलंबन कार्ड, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना और अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया है। यह उपलब्धि सरकार की दिव्यांगजन हितैषी नीतियों और प्रभावी प्रशासनिक तंत्र का प्रमाण है। प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाएं शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक दिव्यांगजनों की पहुंच को मजबूत कर रही हैं। साथ ही शिकायत निवारण तंत्र को सुदृढ़ बनाकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी दिव्यांगजन को अपनी समस्या के समाधान के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े।

हेल्पलाइन व्यवस्था ने दिव्यांगजनों और शासन-प्रशासन के बीच एक प्रभावी संवाद स्थापित किया है, जिसके माध्यम से लाभार्थी अपनी समस्याएं सीधे संबंधित विभाग तक पहुंचा सकते हैं। दिव्यांगजन अपनी समस्याओं, शिकायतों और योजनाओं से संबंधित जानकारी के लिए विभाग की टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-180-1995 पर संपर्क कर सकते हैं। विभाग की ओर से शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है।

# सीएफओ फोरम एलिवेट 2.0 का आयोजन

**विशेष संवाददाता (vol)**




**लखनऊ।** भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (आईसीएआई) की लखनऊ शाखा द्वारा आईसीएआई की मेंबर्स इन इंडस्ट्री एंड बिजनेस कमेटी (एमआईबीसी) द्वारा एक होटल, लखनऊ में सीएफओ फोरम एलिवेट 2.0 का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओएस), उद्योग जगत के अग्रणी प्रतिनिधि, उद्यमी, नीति-निमार्ता एवं वित्तीय क्षेत्र के वरिष्ठ पेशेवरों ने भाग लिया। कार्यक्रम के विशेष मुख्य वक्ता के रूप में विजय किरण आनंद, सचिव, अवसंरचना एवं औद्योगिक विकास विभाग तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इन्वेस्ट यूपी उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के व्यापक दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया तथा बताया कि अवसंरचना विकास, औद्योगिक विस्तार, व्यवसाय सुगमता, डिजिटल प्रशासन एवं निवेश संवर्धन राज्य की आर्थिक प्रगति के प्रमुख आधार स्तंभ हैं। आनंद ने राज्य सरकार के विकासात्मक विजन को साकार करने में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की महत्वपूर्ण भूमिका की भी सराहना की और कहा कि वित्तीय पारदर्शिता, सुशासन एवं व्यवसायिक दक्षता को बढ़ावा देने में यह पेशा एक महत्वपूर्ण भागीदार है।

उन्होंने कहा कि पेशेवरों, उद्यमियों, वित्तीय नेतृत्वकर्ताओं एवं नीति-निमार्ताओं को सुशासन को सुदृढ़ करने, निवेश को प्रोत्साहित करने तथा सतत आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करना होगा। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि पारदर्शिता, नवाचार एवं प्रभावी वित्तीय नेतृत्व उत्तर प्रदेश को देश की अग्रणी आर्थिक शक्तियों में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

इस फोरम का आयोजन सीए अनुज गोयल, अध्यक्ष, एमआईबीसी, आईसीएआई तथा सीए अंकुर गोयल, अध्यक्ष, सीआईआरसी, आईसीएआइ के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में सीए अश्वनी जायसवाल, अध्यक्ष, आईसीएआई लखनऊ शाखा तथा सीए आशीष गुप्ता, सचिव, आईसीएआई लखनऊ शाखा की भी विशेष उपस्थिति रही।

# स्व. विनीत राय के परिजनों से मिले अजय राय

## विनीत की गाजीपुर में कर दी गयी थी गोली मारकर नृशंस हत्या

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** विगत दिनों होटल व्यवसायी आलोक राय के पुत्र स्व. विनीत राय की अपराधियों द्वारा गोली मारकर नृशंस हत्या कर दिये जाने पर शनिवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय गाजीपुर पहुंचे और स्व. विनीत राय के आवास मोहल्ला अष्टभुजी कालोनी, गाजीपुर पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सांत्वना दी और ढांढस बंधाया।



इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एक तरफ मुख्यमंत्री जीरो टालरेंस के दावे करते हैं दूसरी तरफ पूरा प्रदेश ताबड़तोड़ हो रही हत्याओं से दहल उठा है। गाजियाबाद से गाजीपुर तक हत्याओं का दौर चल रहा है। स्व. विनीत राय की जिस प्रकार हत्या की गयी है वह बहुत ही दुःखद है। मृतक के पिता आलोक राय से मैं मिला, उन्होने बताया कि पहले से अपराधियों एक गैंग है जो पहले भी इस तरह की घटना में लिप्त है, स्व. विनीत राय जो कि एक नौजवान, युवा होटल व्यवसाय से जुड़े थे। वर्ष 2023-2024 में भी इनके होटल में बदमाशों द्वारा हमला किया गया था और मारपीट, तोड़फोड़ की गयी थी।

स्व. विनीत राय को प्रताड़ित भी किया गया था जिस पर कोई कार्यवाही नहीं की गयी। अपराधी पकड़े भी गये थे किन्तु उन पर सख्त कार्यवाही करने के बजाय छोड़ दिया गया था जिसका दुष्परिणाम रहा कि स्व. विनीत राय की हत्या हो गयी। सरकार और पुलिस पहले चेती होती और जो वह सुरक्षा के लिए मांग कर रहे थे यदि उन्हें सुरक्षा दी गयी होती तो स्व. विनीत राय की हत्या नहीं होती। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष इसके बाद गाजीपुर से चलकर वाराणसी पहुंचे और फिरोज की हत्या कर दिये जाने पर उनके आवास विधानसभा क्षेत्र पिण्डरा के सिंधोरा पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त किया और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होने कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार उनके साथ खड़ा है।

# सौर ऊर्जा क्रांति में यूपी को देश में नंबर-1 बनाने का लक्ष्य : एके शर्मा

**विशेष संवाददाता (vol)**

- पीएम सूर्य घर योजना को गति देने के लिए मंत्री एके शर्मा ने की समीक्षा बैठक
- बैंकों और विद्युत विभाग को मंत्री का स्पष्ट निर्देश, ऋण व मीटर प्रक्रिया में न हो देरी



**लखनऊ।** प्रदेश के ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत तथा नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक शीघ्रता से पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों, बैंकों एवं वेंडरों को समन्वित रूप से कार्य करते हुए योजना के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

सर्किट हाउस सभागार, वाराणसी में आयोजित पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने योजना की प्रगति, उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वाराणसी में कार्यरत वेंडरों से सीधे संवाद कर जमीनी स्तर पर आ रही चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की तथा उनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि प्री-कॉन्फिगर्ड मीटरों की स्थापना में तेजी लाई जाए तथा पहले से स्थापित मीटरों का कॉन्फिगरेशन प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि लाभार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब योजना की गति को प्रभावित करता है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

बैठक में उन्होंने विभिन्न बैंकों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति प्रक्रिया को अधिक सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए। पात्र आवेदकों से केवल आवश्यक दस्तावेज ही लिए जाएं तथा बिना उचित कारण किसी भी आवेदन को अस्वीकृत न किया जाए। उन्होंने कहा कि आसान वित्तीय सहायता योजना की सफलता का महत्वपूर्ण आधार है।

शर्मा ने यूपी नेडा द्वारा अप्रैल एवं मई माह में सौर ऊर्जा स्थापना के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष श्रेणी में स्थान प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त ी। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय वेंडरों, उपभोक्ताओं, जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के संयुक्त प्रयासों को देते हुए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

सभी विभागों और संस्थाओं को पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए प्रदेश को इस योजना के अंतर्गत देश में प्रथम स्थान पर स्थापित करने का लक्ष्य हासिल करना होगा। इससे न केवल आम नागरिकों के बिजली खर्च में कमी आएगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को भी नई मजबूती मिलेगी।

बैठक के दौरान मंत्री एके शर्मा ने सोलर दीदी को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया तथा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में विधायक कैंट सौरभ श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड शंभू कुमार, नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल, निदेशक यूपी नेडा, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, विभिन्न बैंकों के जिला समन्वयक, मुख्य प्रबंधक आरईसीएल, यूपीनेडा के प्रशासनिक अधिकारी, परियोजना अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# गाजीपुर एनकाउंटर को लेकर डॉ. संजय निषाद ने उठाये सवाल

**विशेष संवाददाता (vol)**

**लखनऊ।** गाजीपुर में हुए एनकाउंटर पर निषाद पार्टी के अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने सवाल उठाये है। कैबिनेट मंत्री कहना है कि मेरा स्पष्ट मानना है कि अपराधी की कोई जाति नहीं होती। यदि कमलेश बिंद ने कोई अपराध किया था, तो उसे कानूनी प्रक्रिया के तहत सजा मिलनी चाहिए थी क्योंकि विनीत राय हत्याकांड में कमलेश बिंद कहीं से भी मुख्य आरोपी नहीं था। यदि एनकाउंटर करना ही था, तो मुख्य आरोपियों का किया जाना चाहिए था। मैं गाजीपुर पुलिस की इस कार्रवाई से पूर्णतः असंतुष्ट हूं। मैं गाजीपुर पुलिस और वहां के पुलिस कप्तान को चुनौती देता हूं कि यदि आपकी पुलिसिया कार्रवाई सही है, तो दोनों मुख्य आरोपियों का एनकाउंटर करके दिखाइए। मुझे पता है कि आप ऐसा कर ही नहीं सकते।



उन्होंने एनकाउंटर को लेकर गाजीपुर पुलिस पर सवाल उठाये है और उनका जवाब मांगा है कि एनकाउंटर किन परिस्थितियों में किया गया? जब कमलेश बिंद की पत्नी स्वयं यह कह रही है कि उसके सामने उसके पति को थाने में मारा-पीटा गया और उसके बाद ले जाकर एनकाउंटर कर दिया गया, तो इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

भारतीय न्याय संहिता और संविधान में आरोपी को न्यायालय में आत्मसमर्पण (सरेंडर) करने का प्रावधान है। अब तो पुलिस न्यायालय के गेट और न्यायालय परिसर के भीतर से ही गिरफ्तार कर लेती है। यह मौलिक अधिकारों का हनन है। जब आप जानते थे कि एनकाउंटर के बाद समाज में रोष का माहौल बन सकता है, तो आपकी एलआईयू क्या कर रही थी? आपको यह सूचना क्यों नहीं मिली कि परिजन या सामाजिक लोग विरोध कर सकते हैं? मृतक के शव को ले जाते समय पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था क्यों नहीं की गई? आपका बयान है कि आप सभी पर रासुका लगायेंगे। तो मैं कहता हूं कि सबसे पहले डॉ. संजय निषाद पर रासुका लगाकर दिखाइये। मंत्री संजय निषाद ने कहा कि गाजीपुर पुलिस को यह ध्यान रखना चाहिए कि गाजीपुर में निषाद समाज का इतिहास सभी के सामने है। आप काले कानून की भांति यह कह रहे हैं कि रासुका लगाएंगे।

# हॉकी जूनियर एशिया कप 2026 में भारत की जीत पर योगी ने दी बधाई

**विशेष संवाददाता (vol)**

- उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने प्रदेश को विशेष गौरव का अवसर प्रदान किया: सीएम योगी
- सीएम योगी ने सोशल मीडिया पर दीं शुभकामनाएं, उत्तर प्रदेश के हॉकी खिलाड़ियों के योगदान को बताया प्रेरणादायी

**लखनऊ।** हॉकी पुरुष अंडर-18 जूनियर एशिया कप 2026 में भारतीय हॉकी टीम द्वारा स्वर्ण पदक जीतने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों को शनिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। जापान के काकामिगाहारा में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने मेजबान जापान को 4-1 से हराकर एशियाई चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश के उन पांच खिलाड़ियों की सराहना की, जिन्होंने टीम इंडिया की इस ऐतिहासिक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए प्रदेश का मान बढ़ाया है।

**भारतीय हॉकी विश्व पटल पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करे, यही मंगलकामनाः सीएम योगी...** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स लिखा कि जापान में आयोजित पुरुष अंडर-18 एशिया कप 2026 में स्वर्ण पदक जीतकर मां भारती को गौरवभूषित करने वाली भारतीय हॉकी टीम एवं समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई! इस ऐतिहासिक विजय में उत्तर प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों केतन कुशवाहा, शाहरुख अली, प्रह्लाद राजभर, राहुल यादव एवं रोमित पाल के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने प्रदेश को विशेष गौरव का अवसर प्रदान किया है। आप सभी ने अपने कौशल, समर्पण और अनुशासन से राष्ट्र का मान बढ़ाया है। टीम के सभी खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ एवं सहयोगी दल का हार्दिक अभिनंदन। विजय की यह स्वर्णिम यात्रा निरंतर नई ऊंचाइयों को स्पर्श करे, भारतीय हॉकी विश्व पटल पर सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करे, यही मंगलकामना है।

**डॉ. आर.पी. सिंह के नेतृत्व में हुई चयन प्रक्रिया :** गौरतलब है कि, भारतीय टीम के साथ उत्तर प्रदेश के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रजनीश मिश्रा ने कोचिंग स्टाफ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, हॉकी इंडिया के मुख्य चयनकर्ता एवं उत्तर प्रदेश हॉकी के अध्यक्ष डॉ. आर.पी. सिंह के नेतृत्व में हुई चयन प्रक्रिया को भी इस सफलता का अहम आधार माना जा रहा है।

# शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बर्दाश्त नहीं

## जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनता की समस्याएं



**भिनगा, श्रावस्ती।** तहसील भिनगा में शनिवार को जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग और पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।

जिलाधिकारी ने लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को उनका समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी ने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का तय समय में समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही मिलने पर संबंधित थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में भिनगा तहसील में कुल 150 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं, तहसील जमुनहा में 22 शिकायतों में से 2 और तहसील इकौना में 35 शिकायतों में से 4 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी भिनगा आशीष भारद्वाज, क्षेत्राधिकारी भिनगा सतीश कुमार शर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुनील कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### डीएम ने भिनगा तहसील का किया औचक निरीक्षण



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने शनिवार को तहसील भिनगा का औचक निरीक्षण कर विभिन्न अनुभागों की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अभिलेखागार, रिकॉर्ड रूम, लेखपाल अनुभाग, कानूनगो अनुभाग, रजिस्ट्रार कार्यालय और न्यायालयों का निरीक्षण कर रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखने तथा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील में आने वाले सभी फरियादियों की शिकायतों को दर्ज कर समय सीमा के भीतर उनका समाधान किया जाए, ताकि लोगों को बार-बार तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि निर्धारित शुल्क से अधिक किसी भी प्रकार की धनराशि न ली जाए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी एवं तहसील प्रशासन को न्यायालयों में लंबित राजस्व वादों का तेजी से निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न पंजिकाओं, शिकायत रजिस्टर, आय-व्यय लेखा तथा डाक टिकटों के अभिलेखों की भी जांच की।

उन्होंने तहसील परिसर में आने वाले लोगों के लिए पेयजल, बैठने और छाया की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही बड़े बकायेदारों की सूची अद्यतन कर राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान उपजिलाधिकारी आशीष भारद्वाज, तहसीलदार जागृति सिंह, नायब तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

संक्षेप

### 195 शिकायतों में महज 13 का निस्तारण

प्रतापगढ़। तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक सौ पन्चान्वे शिकायतों में अफसरों ने तेरह का निस्तारण कराया। सर्वाधिक शिकायत राजस्व विभाग की एक सौ अटठाईस, पुलिस छब्बीस, विकास विभाग बीस, आपूर्ति आठ, विद्युत एक व अन्य विभागों की बारह रहीं। फरियादियों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने त्वरित निस्तारण कराए जाने का भरोसा दिलाया। एसडीएम ने शिकायतो से सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर निस्तारण कराए जाने के कड़े निर्देश दिये। समाधान दिवस का संयोजन तहसीलदार गरिमा वर्मा ने किया। इस मौके पर एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ल, खण्ड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा, अधीक्षक डा0 अरविंद गुप्ता, ईओ इन्द्र प्रताप आदि रहे।

### पेड़ कटाई को लेकर दी गई तहरीर, जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। जल जीवन मिशन योजना परिसर से अज्ञात आरोपी द्वारा सात पेड़ काटे जाने को लेकर पुलिस को तहरीर दी गयी है। लालगंज कोतवाली के अगई गांव निवासी कुंवर मृत्युंजय सिंह ने दी गई तहरीर में कहा है कि योजना के परिसर के अंदर तथा बाहरी सीमा क्षेत्र में सात पेड़ की अवैध कटान हुई है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। पीड़िता के साथ मारपीट को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ उदयपुर पुलिस ने केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पूरे वंशा कुम्भीआइमा निवासिनी रेशमा पुत्री ननकऊ ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पांच जून को वह सुबह लगभग पांच बजे ईट की पथाई कर घर वापस आ रही थी। रास्ते में गांव के सुनील पुत्र भुलई ने रंजिशन उसे ईट से चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर सुनील की मां व बहन ने भी पीड़िता के साथ मारपीट की। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए पीड़िता को जानलेवा धमकी भी दी।

### पिलर तोड़े जाने को लेकर तीन के खिलाफ मुकदमा

प्रतापगढ़। भूमिधरी में पीड़ित के निर्मित आठ पिलर आरोपियों द्वारा तोडकर नष्ट कर दिया गया। पीड़ित ने विरोध किया तब आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए जानलेवा धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के भवराम बोझी निवासी रवि मौर्य पुत्र पन्नालाल मौर्य ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार जून की शाम करीब आठ बजे गांव के अशोक वर्मा पुत्र स्व0 जगेसर, संतोष वर्मा व रंजीत वर्मा पुत्रगण रामकुमार वर्मा ने उसके आठ पक्का निर्मित पिलर तोड़ दिये। विरोध करने पर आरोपियों ने महिलाओं के साथ अभद्रता करते हुए गालीगलौज व जानलेवा धमकी दी।

### दुष्कर्म का आरोपी धराया

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस ने दुष्कर्म व पास्को एक्ट के एक वांछित आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया। एसओ गौरव त्रिवेदी शनिवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। थाना क्षेत्र के रंगौली चौराहे से पुलिस टीम ने दुष्कर्म व पास्को के मुकदमें में वांछित सांगीपुर थाना के नया पुरवा रंगौली निवासी सहदेव वर्मा के पुत्र वंशी लाल वर्मा को हिरासत मे ले लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### आधा दर्जन के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। आरोपियों द्वारा रंजिशन घर में घुसकर पीड़ित व उसके परिजनों के साथ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी को लेकर चार नामजद तथा दो अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कटरा दुग्धा निवासी शिवमूरत वर्मा पुत्र ननकू ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार मई को रात नौ बजे पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी गांव के अनिल वर्मा पुत्र भागीरथी, सुशील वर्मा पुत्र अनिल, अनिल वर्मा की बहन का लड़का अनुज व अनिल की पत्नी हीरामणी दो अज्ञात आरोपियों के साथ उसके घर घुस आये। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए लाठी डंडे व फावड़े से हमला कर दिया। पीड़ित के साथ आरोपियों द्वारा उसके लड़के राजेश तथा पत्नी राजकली व पुत्री कल्पना को भी मारपीट कर चुटहिल कर दिया।

### मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक



श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जनपद श्रावस्ती में मिशन शक्ति फेज-5 (द्वितीय चरण) के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान शक्ति मोबाइल टीम और विभिन्न थानों की मिशन शक्ति टीमों ने गांवों, कस्बों और सार्वजनिक स्थानों पर जाकर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी सहायता सेवाओं की जानकारी दी। उन्हें निडर होकर अपनी समस्याएं रखने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के बारे में भी जागरूक किया। महिलाओं को ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक और सोशल मीडिया फ्रॉड से सतर्क रहने की सलाह दी गई। साथ ही बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत शिकायत करें तथा अपना ओटीपी किसी के साथ साझा न करें। कार्यक्रम में यूपीकॉप ऐप, सीसीटीएनएस प्रणाली और महिला सहायता हेल्पलाइन की जानकारी दी गई। साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में भी जागरूक कर उनका लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस ने महिलाओं को बताया कि सभी थानों पर मिशन शक्ति केंद्र और साइबर हेल्प डेस्क स्थापित हैं, जहां जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता प्राप्त की जा सकती है।

## तहसील समाधान दिवस में 50 शिकायतों की सुनवाई, 6 का मौके पर निस्तारण

डुमरियागंज -सिद्धार्थनगर। शासन की मंशा के अनुरूप आयोजित सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की उपस्थिति में तहसील डुमरियागंज में जन शिकायतों की सुनवाई की गई।

कार्यक्रम में कुल 50 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें राजस्व विभाग के 35, पुलिस विभाग के 8, विकास विभाग के 2 तथा अन्य विभागों के 5 मामले शामिल रहे। जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग से संबंधित 6 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों की जांच शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों पक्षों की उपस्थिति में कर



नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को तीन दिनों के भीतर 100 प्रतिशत कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी विवेकानन्द मिश्रा, डीएफओ नीला एम, डीसी मनरेगा संदीप सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रकृति से अनावश्यक छेड़छाड़ खतरनाक : एसडीएम




**प्रतापगढ़।** पर्यावरण के प्रति जागरूकता एवं योगदान हम सभी की जिम्मेदारी ही नहीं हमारा कर्तव्य भी है। प्रकृति से आना आवश्यक छेड़छाड़ मानव जीवन के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। इसलिए पर्यावरण को स्वच्छ वह हरा भरा बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है। उक्त उद्गार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के तत्वावधान में एसपी इंटर कॉलेज कुंडा परिसर में आयोजित वृक्षारोपण व जन जागरूकता संगोष्ठी को संबोधित करते हुए बतौर और मुख्य अतिथि एसडीएम वाचस्पति सिंह ने व्यक्त किये। फॉरेस्ट रेंजर आशीष प्रताप सिंह ने पर्यावरण दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शासन के निर्देश के क्रम में पांच दिवसीय वृक्षारोपण का कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया है। उन्होने बताया कि इस वर्ष गंगा एक्सप्रेस-वे के किनारे तैंतालिस किलोमीटर तक सघन वृक्षारोपण किया जाएगा। प्रदेश महासचिव अजय पाण्डेय ने कहा भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ सदैव सामाजिक सरोकारों के लिए दृढ़ संकल्पित है। प्रधानाचार्य राधेश्याम दूबे ने पर्यावरण संरक्षण और अधिकाधिक पौध रोपण का संदेश विद्यार्थियों के माध्यम से हर घर तक जाएगा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय ने कहा पौधारोपण के साथ ही वनो का संरक्षण भी आवश्यक है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया ने कहा भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ हर वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम कराता है जिससे तहसील, कोतवाली, नगर पंचायत कई इन्टर कॉलेजो में संगठन के लगाए पौधे वृक्ष बन गये है। संचालन वरिष्ठ पत्रकार अनुशासन प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी डॉ विजय यादव ने किया। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोलू शुक्ला, अजय यादव, विनोद मिश्रा, रवींद्र दुबे, अजय त्रिपाठी , देवेन्द्र नारायण मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, शास्वत शुक्ला राज, अमित शुक्ला अजमत अली, बालेन्दु मिश्रा, रवीन्द्र नाथ, वाचस्पति तिवारी, श्याम नारायण, रमेशचंद्र वर्मा, अतुल मिश्रा, श्रीगणेश, सेक्सन आफिसर केशव प्रसाद, जयकरन यादव, छोटे खां, भाईलाल आदि मौजूद रहे।

## साइकिल अपनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं डॉ. गिरीश दूबे




बांसी, सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील क्षेत्र के चर्चित ग्राम निवासी एवं वरिष्ठ भौतिक चिकित्सक हड्डी जोड़ एवं नश से सम्बंधित डॉ. गिरीश दबे ने युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, फिट रहने तथा ईंधन बचाने के लिए साइकिल चलाने की प्रेरणा दी है। डॉ. दूबे ने कहा कि साइकिल चलाना केवल एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचने का माध्यम नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य संवर्धन और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आह्वान से प्रेरित होकर उन्होंने साइकिल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाया है। डा 0 गिरीश दबे ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नियमित व्यायाम और साइकिल चलाने को अपनाएं, जिससे शरीर स्वस्थ रहेगा, प्रदूषण कम होगा और देश का करोड़ों लीटर ईंधन भी बचाया जा सकेगा। डॉ. गिरीश दूबे ने कहा कि यदि हर व्यक्ति छोटा-सा प्रयास करे तो स्वच्छ वातावरण और बेहतर भविष्य का सपना साकार हो सकता है।

## खादी ग्रामोद्योग की ओर से एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि विधायक सदर पंकज गुप्ता की उपस्थिति में तहसील पकरिसर में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सदर पंकज गुप्ता ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाये जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यकमं, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, टूल किट्स वितरण योजना (विद्युत चालित चाक, दोना पत्तल मशीन, पॉपकार्न मशीन) एवं कौशल सुधार प्रशिक्षण आदि बहुत ही सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं आप सब इनका लाभ अवश्य लें और अपने आसपास के लोगों को भी लाभ लेने के लिए प्रेरित करें। कहा की सरकार की यह योजनाएं ऐसी हैं जिनसे आप लोग अपना स्वरोजगार स्थापित कर स्वावलंबी और आत्म निर्भर बन सकते हैं। जिलाधिकारी ने अपने उद्बोधन द्वारा सरकार एवं विभाग द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु शतप्रतिशत प्रतिभागिता करने के लिये प्रेरित किया। कहा की है सरकार की कल्याणकारी योजनाएं आप सब लोगों के लिए ही चलाई जा रही हैं। आप सब बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर इन योजनाओं का लाभ लेंगे तो अवश्य ही आपके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और आप लोग अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर अपने को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बना सकते हैं।

## एसएसपी ने 63 खोये मोबाइल मालिकों को लौटाये



सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन में जनपदीय सर्विलांस सेल एवं विभिन्न थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 63 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक स्वामियों को सौंप दिए गए। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख 10 हजार रुपये बताई गई है। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने सिद्धार्थनगर पुलिस तथा एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन का हृदय से आभार व्यक्त किया। कई मोबाइल धारकों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका खोया हुआ मोबाइल दोबारा मिल पाएगा, लेकिन पुलिस की सक्रियता और तकनीकी प्रयासों से यह संभव हो सका। एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश पर सर्विलांस टीम एवं उएक्फ्र पोर्टल पर तैनात कर्मचारियों ने अथक प्रयास कर मोबाइल फोन बरामद किए। 6 जून 2026 को एसएसपी ने स्वयं मोबाइल धारकों को उनके फोन सौंपे और लोगों को अपने मोबाइल की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी।

इस सराहनीय सफलता में उपनिरीक्षक हरेन्द्र चौहान, मुख्य आरक्षी विवेक कुमार मिश्रा, जनार्दन प्रजापति, पुष्पेन्द्र, आरक्षी अभिनन्दन सिंह एवं संजीव कुमार गोयल सहित सर्विलांस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस जनहितकारी कार्रवाई की जिले भर में सराहना की जा रही है।

### चोरी गये ट्रैक्टर ट्रॉली की बरामदगी में मिली सफलता, तीन आरोपी भेजे गये जेल



प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली पुलिस तथा जिले की स्वाट टीम को चोरी हुए टैज्क्टर ट्राली की बरामदगी के साथ तीन शातिर बदमाशो को दबोचने में सफलता मिली है। एसपी दीपक भूकर के अपराध नियंत्रण अभियान के तहत लालगंज कोतवाल आलोक कुमार तथा एसएसआई अरूण सिंह व दरोगा रामनरेश पुलिस टीम के साथ गश्त पर निकले थे। वही स्वाट टीम प्रभारी दरोगा अमित कुमार चौरसिया भी टीम के साथ आरोपियों की तलाश में लालगंज पुलिस के साथ समन्वय किया। पुलिस टीम ने पूरे नोती स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप से तीन आरोपियों को दबोचा। पकड़े गये आरोपी लालगंज कोतवाली के लाला का पुरवा जेवई निवासी धर्मेश सरोज पुत्र राम सुन्दर तथा हरबसपुर केदौरा निवासी शिव कुमार यादव पुत्र भगौती प्रसाद एवं जेवई निवासी अंशू सरोज पुत्र रामअभिलाष के पास से चोरी किये गये स्वराज टैज्क्टर को मय ट्राली बरामद किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह टैज्क्टर ट्राली का रंग बदलकर ईट भटठे पर ढुलाई कर रहे थे। आरोपियों ने यह भी स्वीकार किया कि चोरी की घटना में लाला का पुरवा जेवई निवासी अंकित सरोज पुत्र राकेश सरोज भी शामिल है। बतादें बीती बीस मार्च की रात बोधी सिंह का पुरवा निवासी छोटे सिंह ने अपना टैज्क्टर ट्राली घर के सामने खड़ा किया था। अगले दिन सुबह पीड़ित टैज्क्टर व ट्राली को नदारद देखकर आवाक रह गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया था। पुलिस की सफलता पर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनंदन राय व सीओ लालगंज ने कोतवाली व स्वाट टीम की प्रसंशा की है।

### सांसद प्रतिनिधि के भाई के निधन पर प्रमोद व मोना हुए दुःखी



प्रतापगढ़। स्थानीय कांग्रेस कैम्प कार्यालय पर शनिवार को हुई शोक सभा में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी के छोटे भाई दुर्गा प्रसाद तिवारी के दुर्घटना में निधन को लेकर शोक जताया गया। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी से फोनिक वार्ता कर उनके भाई के निधन पर संवेदना प्रकट की। इधर बस्ती जिले में शुक्रवार की देर रात दुर्घटना में दुर्गा प्रसाद तिवारी के निधन की जानकारी मिलने पर यहां कांग्रेसियों में शोक छा गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, जिपंस लालजी यादव व रघुनाथ सरोज, प्रधानाचार्य डॉ0 अमिताभ शुक्ल, पूर्व प्रमुख पुष्पा देवी, हगपाल यादव, रामकृपाल पासी, भुवनेश्वर शुक्ल, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह ददन, लल्लन सिंह, रिंकू सिंह परिहार, अरविंद सिंह आदि मौजूद रहे।

### एसडीएम के फरमान पर मिट्टी खुदाई को लेकर आरोपी पर मुकदमा

प्रतापगढ़। एसडीएम के फरमान पर पीड़िता की भूमिधरी से आरोपी द्वारा चोरी से आठ सौ ट्राली मिटटी अवैध खनन के जरिए बेंचने को लेकर केस दर्ज हुआ है। लालगंज कोतवाली के लाला हनुमान का पुरवा जेवई निवासिनी सुखराना देवी पत्नी चंद्रभूषण ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अठारह मई को वह अपने खेत में गयी। वहां उसकी जमीन से गांव के मोती लाल पुत्र चूना द्वारा जेसीबी मशीन से अवैध खनन कर पांच सौ से आठ सौ ट्राली मिटटी चोरी कर बेंचने की जानकारी हुई। उलाहना देने पर उन्नीस मई को आरोपी द्वारा पीड़िता को कहीं भी शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी गयी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी द्वारा पिछले पांच-छः माह से उसके खेत से मिटटी चोरी की गयी। पीड़िता ने मामले को लेकर एसडीएम से भी शिकायत दर्ज करायी। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने बीती तीन जून को लालगंज पुलिस को पीड़िता की तहरीर पर कार्रवाई के निर्देश दिये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी मोती लाल के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

### दहेज हत्या मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। थाना हरदत्तनगर गिरन्ट पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस के अनुसार, दहेज की मांग को लेकर आरोपी अपनी पत्नी नगमा को लगातार प्रताड़ित करता था। प्रताड़ना से परेशान होकर 1 जून 2026 को नगमा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर उम्मेदपुरवा मोड़ स्थित लालू भट्ठा के पास से वांछित आरोपी शहबाज खां पुत्र कमाल खां निवासी रानीसीर, थाना हरदत्तनगर गिरन्ट को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक संदीप कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## सीएमएस डॉ. उजेर अतहर की पहल से बांसी संयुक्त चिकित्सालय में स्वास्थ्य सेवाएं हुईं बेहतर



बांसी, सिद्धार्थनगर। 50 शैयायुक्त संयुक्त चिकित्सालय बांसी में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. उजेर अतहर के नेतृत्व एवं सतत निगरानी में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में गत शनिवार को सीएमएस ने अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर (ओटी), लैब एवं विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों का हालचाल जाना। निरीक्षण के दौरान डॉ. उजेर अतहर ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा उन्हें समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अस्पताल में साफ-सफाई, उपचार व्यवस्था और मरीजों की सुविधाओं का भी जायजा लिया। सीएमएस ने कहा कि अस्पताल प्रशासन का उद्देश्य प्रत्येक मरीज को बेहतर इलाज, आवश्यक जांच सुविधाएं और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। उनके निर्देशन में चिकित्सालय में मरीजों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अस्पताल में चल रहे निरीक्षण एवं निगरानी अभियान से मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं मिलने के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार की उम्मीद जताई जा रही है। वरिष्ठ सर्जन डा0 डीसी चौधरी द्वारा मरीजों का बेहतर चिकित्सा सेवा एवं सफल आपरेशन कर नया जीवनदान देने में अभूतपूर्व योगदान दिया जा रहा है, मरीजों को बेहतर चिकित्सा सेवा सुविधा मुहैया कराने में दायित्वों के निर्वहन हेतु मुस्तैदी दिखाते हुए डा 0 अश्वनी चौधरी, डा 0 आर 0के0 सिंह, डा0 एम 0के0,

अन्य चिकित्सा अधिकारी व वरिष्ठ फर्मासिस्ट रत्न शंकर चौधरी, समय , सहयोगी स्वास्थ्य कर्मी बृजेश कुमार, आदि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं सुविधा मुहैया कराया जा रहा है।

संक्षेप

## चोरी के सामान सहित चोर गिरफ्तार

सफीपुर, उन्नाव। लगातार चोरी की घटनाओं से आजिज दुकानदारों निगरानी कर एक चोर को चोरी की बैटरी एवं तांबे के तार के साथ धर दबोचा। कस्बा सफीपुर के उन्नाव हरदोई मार्ग पर कार डेंटर अनुज की दुकान पर मरम्मत के लिए आई गाड़ियों से लगातार वायरिंग एवं बैटरी की चोरी से आजिज आकर रात्रि में निगरानी की। जिसमें दुकानदारों के हत्थे एक चोर आ गया। जिसे दुकानदारों ने कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। चोर ने अपना नाम अरुण पुत्र लाखन निवासी मोहल्ला बबर अली खेड़ा बताया। पुलिस ने जिसके पास से एक बैट्री एवं एक किलो पचास ग्राम तांबे का तार बरामद करते हुए जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि एक चोर को चोरी का मॉल बरामद कर जेल भेजा गया है, अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है।

## समाधान दिवस पर 21 लोगों की सुनी समस्याएं

सफीपुर, उन्नाव। एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जहां इक्यासी लोगों ने अपनी अपनी फरियाद रखी। जिसमे तीन का मौके पर निस्तारण किया गया। उपजिलाधिकारी शिवेंद्र वर्मा की अध्यक्षता आयोजित समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमें राजस्व 19, पुलिस 13, सामाजकल्याण 8, विकास विभाग 9, विद्युत 7, पूर्ति 9 एवं अन्य 16 मामले आए। जिसमें दो पुलिस एवं एक अन्य मामले का मौके पर निस्तारण किया गया। इस मौके पर तहसीलदार देवेंद्र सिंह समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## किशोरी से छेड़छाड़, शिकायत दर्ज

उन्नाव। जिले के मौरावां थाना क्षेत्र से छेड़छाड़ का एक मामला सामने आया है। एक गांव निवासी एक 17 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई गई है। यह घटना 6 जून 2026 की सुबह करीब 9 बजे हुई थी। किशोरी की मां ने मौरावां थाने में शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी खेत की तरफ बकरियां चराने गई थी। वहां कुदरा गांव निवासी लाला नामक व्यक्ति ने उससे अभद्र बातें करते हुए जबरन छेड़छाड़ की। जब किशोरी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी लाला ने उसे जान से मारने की धमकी दी। किशोरी ने घर आकर परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद मौरावां थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बसपाइयों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा



चौरीचौरा, गोरखपुर। बहुजन समाज पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद निषाद के नेतृत्व में राज्यपाल को संबोधित अपने पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन कुमार सिंह को सौप कर कार्यवाही की मांग किया। बताते चलें कि शनिवार को लगभग 11 बजे दिन में बसपा जिलाध्यक्ष गोरखपुर हरि प्रकाश निषाद के नेतृत्व में रेलवे बस स्टेशन से प्रदर्शन करते चौरीचौरा तहसील परिसर पहुंच कर चौरीचौरा रेलवे गेट संख्या 147 भी पर वाई माडल ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में हो रही देरी के संबंध में राज्यपाल को संबोधित पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उपजिलाधिकारी चौरीचौरा को सौंपा। तथा समय सीमा के अंदर ओवरब्रिज निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग किया।


### सूचना

सूचित करना है कि मैंने अपने पुत्र हसन अली व पुत्रवधू नाजिया बानो को उसके गलत चाल-चलन के चलते अपनी चल-अचल सम्पत्ति सें बेदखल कर दिया है। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का इसके किसी भी कृत्यों से कोई सरोकार नहीं होगा। शेरअली पुत्र कासीम निवासी-ग्राम न्यौला करसण्डा, थाना मसौली, बाराबंकी।


# अवैध मिट्टी खनन : अधिकारियों के दावों की उड़ रही धज्जियां

## गीडा क्षेत्र में खनन धड़ल्ले से जारी



गुलाम गौश/

पिपरौली, गोरखपुर। सहजनवा तहसील अंतर्गत गीडा थाना क्षेत्र में आने वाले दर्जनों गांवों में इन दिनों अवैध मिट्टी खनन का काला कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। शासन-प्रशासन के सख्त निर्देशों को ताक पर रखकर खनन माफिया धड़ल्ले से रातों-रात धरती का सीना चीर रहे हैं। अधिकारियों के दावों और जमीनी हकीकत में जमीन-आसमान का अंतर साफ देखा जा सकता है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र के बांसपार, माही, नगवा, जैतपुर, देईपार और कुरमौल सहित दर्जनों गांवों में बिना किसी वैध अनुमति के बड़े पैमाने पर जेसीबी और डंपरों के जरिए मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इसकी सूचना कई बार तहसील प्रशासन और स्थानीय पुलिस को दी जा चुकी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। कार्रवाई न होने से बेखौफ अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। दिलचस्प बात यह है कि अभी कुछ ही दिन पूर्व उपजिलाधिकारी सहजनवा केशरी नंदन त्रिपाठी ने गीडा और सहजनवा के थानाध्यक्षों के साथ एक अहम बैठक की थी। इस बैठक में एसडीएम ने सख्त लहजे में निर्देश दिया था कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध मिट्टी खनन नहीं होना चाहिए और यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम साहब के इन सख्त निर्देशों के बावजूद धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। क्षेत्र में चर्चा है कि मातहतों और स्थानीय पुलिस की शिथिलता व कथित मिलीभगत के कारण ही साहब के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। जब इस संबंध में उपजिलाधिकारी सहजनवा केशरी नंदन त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने घिसा-पिटा जवाब देते हुए कहा कि जहां भी अवैध मिट्टी खनन किया जाएगा वहां कड़ी कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्र में ईंट भट्ठा संचालकों के पास रायल्टी जमा होने का प्रपत्र है, आखिर वह लोग कहा से मिट्टी लाएंगे इसलिए वो लोग मिट्टी खनन कर रहे हैं।

वहीं जब इस प्रकरण में जिला खनन अधिकारी अजीत कुमार पाण्डेय से यह पूछा गया कि क्या सिर्फ रॉयल्टी जमा होने से ईंट भट्ठों को कहीं भी खनन करने की अनुमति मिल जाती है? तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा मैं अभी कार्यालय में नहीं हूँ। कार्यालय के अभिलेखों को देखकर ही बताया जा सकता है कि उक्त क्षेत्र में खनन की अनुमति दी गई है या नहीं।

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा पेंच यह है कि जिन क्षेत्रों में धड़ल्ले से खनन हो रहा है उन्हें गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण गीडा द्वारा अधिग्रहित और अधिसूचित किया गया है। नियमतः गीडा विभाग अपने अधिसूचित क्षेत्र में मिट्टी खनन की अनुमति किसी को प्रदान नहीं करता है। ऐसे में अब सबसे बड़ा सवाल यह उठता है कि आखिर जिम्मेदार अधिकारी ठोस कार्रवाई करने के बजाय एक-दूसरे पर जिम्मेदारी टालकर मामले को क्यों रफा-दफा करना चाहते हैं? गीडा के प्रतिबंधित क्षेत्र में आखिरकार किसके संरक्षण में यह अवैध काला कारोबार फल-फूल रहा है, यह जांच का विषय है।

# कोर्ट के स्टे के बावजूद स्कूल की जमीन पर हो रहा निर्माण

## पीड़ित पक्ष ने एसडीएम और कोर्ट से लगायी न्याय की गुहार

जिला संवाददाता

मझगांवा, गोरखपुर। बांसगांव तहसील अन्तर्गत ग्राम मजुरी में हाई स्कूल शिक्षा के नाम दर्ज जनरल भूमि पर अवैध कब्जे व निर्माण का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश पारित होने के बावजूद मनमाने ढंग से वहां निर्माण कार्य कराकर न्यायालय के आदेश की अवहेलना की जा रही है। पीड़ित पक्ष ने अब उपजिलाधिकारी बांसगांव और न्यायालय से न्याय की गुहार लगाई है।

जानकारी के मुताबिक, ग्राम मजुरी निवासी रविन्द्र सिंह पुत्र राघव सिंह ने उपजिलाधिकारी बांसगांव को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि गांव का ही एक मनबढ़ परिवार द्वारा आराजी संख्या 205, रकबा 0.0450 हेक्टेयर भूमि पर जबरन कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। राजस्व अभिलेखों में यह भूमि 'जनरल भूमि हाई स्कूल शिक्षा' के नाम दर्ज है। विरोध करने पर आरोपी द्वारा अभद्रता व गाली-गलौज की जाती है। रविन्द्र सिंह ने अवैध निर्माण रुकवाने व शांति व्यवस्था बनाए रखने की मांग की है। वहीं, इसी जमीन को लेकर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) बांसगांव के न्यायालय में मुकदमा संख्या 197/2006 विचाराधीन है। वादी अजय कुमार के प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने 07/02/2026 को आराजी संख्या 205 पर किसी भी प्रकार के निर्माण व खनन पर रोक लगा दी थी। कोर्ट के आदेश के उल्लंघन पर न्यायालय ने संबंधित थानाध्यक्ष को निर्देश दिया था कि स्थगन आदेश का अनुपालन कराते हुए मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखी जाए। इस संबंध में ग्राम सभा मजुरी के ग्राम प्रधान ब्रह्मानंद यादव ने कहा, ₹स्कूल की जमीन पर न्यायालय का स्टे है, फिर भी निर्माण किया जा रहा है। इसको लेकर हम लोग कई बार प्रशासन को अवगत करा चुके हैं। पुलिस के मना करने के बाद भी चोरी-छिपे निर्माण कार्य किया जा रहा है।₹ इस संदर्भ में थाना प्रभारी गगहा राजकुमार सरोज ने बताया मामले में दोनों पक्षों को बुलाकर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है। उसके बाद भी यदि निर्माण हुआ तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पांच सुपरवाइजर, दस प्रगणक सम्मानित



सफीपुर, उन्नाव। जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए निर्धारित समय से पूर्व कार्य करने वाले पांच सुपरवाइजर एवं दस प्रगणकों को सम्मानित किया गया। उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में समय से पूर्व जनगणना का कार्य पूर्ण करने वाले सभी कर्मियों की सराहना करते हुए उनके समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा की। इस दौरान एसडीएम ने लेखपाल आस्था, संतोष गुप्ता, शिक्षक रेखा कुशवाहा तथा दीपक कुमार शर्मा सहित कुल पांच सुपरवाइजरो एवं अभिषेक मिश्रा, हर्षवर्धन, शाजिली, श्वेता दीक्षित, रवि कुमार सहित दस प्रगणकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। तहसीलदार देवेंद्र सिंह ने कहा कि शासन के निदेर्शानुसार जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को भीषण गर्मी में सभी की कड़ी मेहनत एवं लगन से गुणवत्तापूर्ण कार्य संभव हो सका है, सभी की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते है। उन्होंने सभी सम्मानित कर्मियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार निष्ठा और लगन के साथ कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी श्वेता त्रिपाठी भी मौजूद रही।

## समाधान दिवस पर आये एक सैकडा से अधिक मामले, महज 9 का निस्तारण



पाटन, उन्नाव। तहसील दिवस में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 109 मामले आए जिसमें राजस्व के 9 मामलो का ही मौके पर निस्तारण हो सका। समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे एसडीएम रणवीर सिंह ने पिछले तहसील दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण के बारे में जानकारी ली। समाधान दिवस में राजस्व के 64, विकास के 3, पुलिस के 20, समाज कल्याण के 2, स्वास्थ्य का 1 व अन्य विभागों के 13 मामले पंजीकृत हुए। बीघापुर थाना क्षेत्र के गांव जंगली खेड़ा निवासी फूलचंद पुत्र श्री लाल ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बारा सगवर थाना क्षेत्र के ग्राम रुद्रपुर के प्रधान रामचंद्र तथा सचिव 16 कुंतल भूसा लेने के बाद भी ढाई लाख रुपए का भुगतान नहीं कर रहे है। पीड़ित ने भुगतान दिलाए जाने की मांग की। कमलीखेड़ा सारू खेड़ा निवासी आदित्य कुमार, राम औरत, पुतान ने चकरोड की गाटा संख्या 441 पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण किए जाने का आरोप लगाया। गढ़ाकोला निवासी मीना देवी पत्नी श्रीकांत ने प्रार्थना पत्र बताया कि गाटा संख्या 153 जो ग्राम समाज के रूप में दर्ज है। उस भूमि पर गंगा चरण, गंगा रत्न अवैध रूप से कब्जा कर करने का प्रयास कर रहे हैं ग्राम प्रधान द्वारा भी लिखित सूचना दी गई लेकिन लेखपाल द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। बेहटा गोपी निवासी राम बहादुर पुत्र विश्वनाथ ने भूमि का चिन्हांकन कराए जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। समाधान दिवस में मुख्य रूप से सी ओ मधुप नाथ मिश्रा, तहसीलदार गणेश सिंह, नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव तथा अविनाश मिश्रा, एस ओ विहार राहुल सिंह, पाटन चैकी इंचार्ज नरेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## एक पौधा मां के नाम कार्यक्रम में भंडारे का आयोजन

पाटन, उन्नाव। विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत शनिवार को ग्राम व कस्बा बिहार में बिहार मौरावां मार्ग के किनारे दीक्षित वस्त्रालय पर हरित धरती-स्वस्थ जीवन को सफल बनाने के उद्देश्य से एक पौधा मां के नाम लगाए तथा भविष्य बचाये को लेकर अनुज कुमार दीक्षित पुत्र दिनेश दीक्षित पत्रकार द्वारा भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया गया। लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के आयोजक अनुज कुमार दीक्षित ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित व संरक्षित रखने के लिए वृक्षारोपण करना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को वर्ष में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। जिससे पर्यावरण को ग्लोबल वार्मिंग से बचाया जा सके। कार्यक्रम को पत्रकार दिनेश दीक्षित ने संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाने के साथ हम सभी को पानी की भी बचत करनी है ताकि पानी बर्बाद न हो और भविष्य में हम सबको इसके लिए संघर्ष न करना पड़े। दीपू दीक्षित ने आए हुए लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सत्यम दीक्षित, अनिल दीक्षित, राम दीक्षित, विनोद तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# समाधान दिवस पर 230 मामलों में मात्र 12 का निस्तारण



चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा तहसील सभागार में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी शाश्वत त्रिपुरारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस पर कुल 230 मामले आये थे। जिसमें मात्र 12 मामलों का निस्तारण हो सका। शेष मामले संबंधित विभाग से आये अधिकारियों कर्मचारियों को त्वरित कार्रवाई के लिए प्रेषित कर दिया गया। सबसे अधिक मामले राजस्व विभाग तथा चकबंदी विभाग से संबंधित आये थे।

समाधान दिवस पर ग्राम सभा ब्रम्हपुर के अरविंद मौर्य, अखिलेश चौधरी सहित दर्जन भर लोगों ने एक साथ पहुंच कर शिकायत किया कि गाटा संख्या 1275रकबा 0-028 हेक्टेयर खाद गड्ढा के नाम से अंकित है। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। जिससे 35 घरों के लोग आवागमन करते हैं। लोगों ने उक्त भूमि को टीम बनाकर पैमाईश कराने तथा अवैध कब्जे को हटाने की मांग किया है। वहीं ब्रम्हपुर गांव निवासी अखिलेश चौधरी सहित दर्जन भर लोगों ने खड़ंजा से सटकर नाली निकलवाने की मांग किया है। जिससे

जलनिकासी की समस्या दूर हो सके। उक्त अवसर पर उपजिलाधिकारी चौरीचौरा कुंवर सचिन सिंह, एसओसी हरिवंश मिश्रा, डिप्टी डायरेक्टर (कृषि विभाग) धनंजय सिंह, डीडीओ सतीश कुमार, चकबंदी अधिकारी शिवशंकर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा रत्नेश्वर सिंह सहित तमाम विभागों के अधिकारी कर्मचारी, व राजस्व निरीक्षक रामानंद यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# आपदा के समय राहत एवं बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है एनडीआरएफ : कर्नल जयवीर सिंह

चरगांवा, गोरखपुर। केंद्रीय विद्यालय संख्या-2, उनौला में 45 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर-155 के अंतर्गत आज एनडीआरएफ टीम ने कैडेट्स को प्राकृतिक आपदाओं से बचाव एवं राहत कार्यों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर दीपक मंडल एवं उनकी टीम के पांच सहयोगी साथियों ने कैडेट्स को आपदा प्रबंधन की विभिन्न बारीकियों से अवगत कराया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए इंस्पेक्टर दीपक मंडल ने कहा कि एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) भारत की एक विशेष आपदा प्रबंधन संस्था है, जिसका गठन देश में आने वाली प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं से लोगों की सुरक्षा एवं सहायता के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के अंतर्गत किया गया है। उन्होंने बताया कि यह बल बाढ़, भूकंप, चक्रवात, सुनामी, भूस्खलन, अग्निकांड, भवन ध्वस्त होने तथा रासायनिक दुर्घटनाओं जैसी आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ के जवान अत्याधुनिक उपकरणों, संचार साधनों एवं विशेष प्रशिक्षण से सुसज्जित होते हैं। संकट की घड़ी में वे प्रभावित क्षेत्रों में पहुँचकर लोगों को सुरक्षित बाहर निकालते हैं, घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराते हैं।

# वाहन चोरी का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार




इटावा। पुलिस ने अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश, 4 अभियुक्त गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे, निशानदेही से चोरी की 5 मोटरसाइकिल, 9 चेसिस मोटर साइकिल, अवैध तमंचा 315 बोर, 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 2 चाकू व मोटरसाइकिल काटने के उपकरण बरामद। क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में थाना सैफई पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन 5 जून की रात्रि को थाना सैफई पुलिस टीम थाना क्षेत्रान्तर्गत रकूईया नहर पुल पर संदिग्ध व्यक्तिध्वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 2 चोरी की मोटर साइकिलों पर सवार 2 व्यक्ति जिनके पास अवैध असलहा भी है, ग्राम कुर्रा की तरफ से हवाई पट्टी की ओर आ रहे हैं। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए रुकैया नहर पुल के पास घेराबंदी कर दो मोटरसाइकिलों पर सवार अमन मंसूरी पुत्र राजू खान तथा सुग्रीव पुत्र राकेश को गिरफ्तार किया। पुलिस ने अमन मंसूरी पुत्र राजू खान निवासी कस्बा कुर्रा थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी, सुग्रीव पुत्र राकेश निवासी रतीभानपुर थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी, जुनैद पुत्र इब्राहिम निवासी कुदरकोट थाना कुदरकोट जनपद औरैया, प्रमोद कुमार उर्फ पप्पू पुत्र महावीर सिंह निवासी मड़ेखड़ा थाना कुर्रा जनपद मैनपुरी ने बताया।

## डीएम - एसएसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील सैफई में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। उन्होंने प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण सम्बंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रकरणों की गंभीरता से जांच की जाये साथ ही जबाबदेह लोगों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि जब भी अधिकारीगण गावों के भ्रमण पर जाये अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा लाभार्थियों का फीडबैक भी लें। तहसील सैफई में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 37 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें मौके पर 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया शेष संबंधित अधिकारियों को प्राप्त कराकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सबसे अधिक जमीन से संबंधित शिकायत प्राप्त हुई। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलम्ब के कारण का भी उल्लेख किया जाये, साथ ही सभी प्रकरणों को अनिवार्य रूप से एक सप्ताह के भीतर निस्तारित करा दिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में जन सुनवाई के दौरान समस्याएं प्राप्त होती है उनका निस्तारण शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण के संबंध में समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक भी लिया जा रहा है। इसको ध्यान में रखते हुए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सैफई, क्षेत्राधिकारी सैफई सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## टीवी रोगी की छत से गिरकर मौत



भरथना, इटावा। कस्बा के मुहल्ला शुक्लागंज में बीती रात्रि करीब एक से दो बजे के बीच टीवी रोग से ग्रसित रामकुमार 45 वर्ष पुत्र राधेश्याम शर्मा की एक मंजिला छत से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक रामकुमार बीती रात्रि किराए के घर में छत पर सोया हुआ था, घटना की जानकारी मृतक की पत्नी पूजा की कुछ देर बाद हो सकी, जिस पर पूजा ने सबसे पहले अपने पैतृक गांव बीसरमऊ थाना अछल्दा जनपद औरैया निवासी देवर पुत्तन को फोन कर रात्रि में ही घटनास्थल पर बुलाया। जिसके बाद पुलिस को घटना से अवगत कराया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेज दिया है। मृतका की पत्नी पूजा ने बताया कि उसका पति रामकुमार पिछले एक बर्ष से टीवी रोग से ग्रसित था, जबकि पति दिल्ली में रहकर मोमोज और फिंगर आदि बिक्री कर अपने तीन बच्चे अंकुश 13 वर्ष, अनुज 11 वर्ष, अनुष्का 8 वर्ष सहित पत्नी पूजा का भरण पोषण करता था, परिवार का इकलौते पालनहार के चले जाने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## शिया मदरसे के बच्चों को इनाम देकर किया सम्मानित



इटावा। मौलाना अनवारुल हसन जैदी के नेतृत्व में जशने एलान ए विलायत और जुमे को सुबह दुआ ए नुदबा के अलावा शहर के मोमेनीन पंजतनी जामा मस्जिद घटिया अजमत अली इटावा में एकत्र हुए और गदीर के आमाल किये, साथ हो मदरसे के बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौलाना अनवारुल हसन जैदी ने अमाल ए गदीर और नमाज ए जुमा के खुत्बो में खुत्बा ए गदीर के आलावा इमाम खुमैनी के हालात ए जिन्दगी और इस्लामी हुकूमत के उसूलों पर चलकर पूरी दुनिया में इस्लाम ए हकीकी को पहचनवाया। अंत मे मस्जिद पंजतनी में हसन अब्बास और फरहान नकवी की ओर से नमाजियों के लिए शर्बत का एहतिमाम किया गया, राहगीरों को भी शर्बत वितरित हुआ। अंत में मदरसे के बच्चों क्लास एक के सादिक इब्राहीम, अरसलान, शाहरा, क्लास दो के वली, अब्राहम, जैन, क्लास चार के आहिल, कुलसूम को मौलाना अनवारुल हसन जैदी और मास्टर मोहम्मद अब्बास ने पुरस्कार वितरित कर बच्चों को ईदी दी।

## परशुराम समिति की बैठक आज

इकदिल, इटावा। परशुराम सेवा समिति की आवश्यक बैठक 7 जून दिन रविवार को सुबह 10 बजे से पालीवाल चैक इकदिल में होगी। समिति के नगर अध्यक्ष गोपाल मिश्रा ने बताया कि अध्यक्षता परशुराम समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट करेंगे। बैठक में कार्यक्रमों की रुपरेखा तय की जाएगी एवं मेधावी सम्मान समारोह की तैयारियों आदि पर भी विचार विमर्श किया जायेगा।

## 10 किलो प्रतिबंधित सामग्री जब्त

जसवंतनगर, इटावा। नगर पालिका परिषद ने शनिवार को प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर दुकानदारों पर सख्ती दिखाई। अधिशासी अधिकारी श्याम बचन सरोज के नेतृत्व में मुख्य बाजार समेत विभिन्न क्षेत्रों में छापेमारी की गई। टीम के बाजार पहुंचते ही दुकानदारों में हड़कंप मच गया। पालिका टीम ने मुख्य चैराहा, बड़ा चैराहा, नदी पुल क्षेत्र, किराना बाजार और सब्जी मंडी सहित कई स्थानों पर दुकानों की जांच की। अभियान के दौरान मोहल्ला होमगंज में एक जूस विक्रेता, एक हलवाई और एक किराना दुकानदार के यहां से करीब 10 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथिन बरामद हुई, जिसे जब्त कर लिया गया।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता/पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। कार्य का नाम : उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन यूटीआर–(एमडब्लूपी सेक्शन 184 आरकेएम/368 टीकेएमकी) क्षमता उन्नयन के लिए 2x25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम के ओएचई परिवर्तन और फीडर वायर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य। ई–निविदा सूचना सं०: CEEPROJECT-NER-UTR-MWP, अनुमानित लागत (रू.) : 131,03,18,552.00, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (रू.) : 2,62,06,400.00, निविदा बन्द होने की तिथि : 06.07.2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन /अवधि की तिथि: 24 महीना ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। ● यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मुख्य विद्युत अभियंता/प्रोजेक्ट,
मुजाधि/विद्युत –60 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**

अधीक्षण अभियन्ता, (तकनीकी), मध्य क्षेत्र, लखनऊ

ई–निविदा सूचना : वि.आ.सं. 3128 दिनांक: 05.06.2026

**निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण**

1. 52/अधी.अभि./(तक.)/2026-27:-11 के.वी. एवं एल.टी. (राजभवन), मध्य क्षेत्र के अन्तर्गत के अधीन नई/स्वस्थ सी.टी. एवं पी.टी. व सी.टी./पी.टी. यनिट के प्रतिस्थापन का कार्य। प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00, धरोहर राशि रु. 6,000.00।
2. 53/अधी.अभि./(तक.)/2026-27:-11 के.वी. एवं एल.टी. (राजभवन), मध्य क्षेत्र के अन्तर्गत के अन्तर्गत विभिन्न मेक के सी.एस.एस. के अनुरक्षण का कार्य। प्रपत्र शुल्क रु. 3540.00, धरोहर राशि रु. 29,000.00।

ई-निविदा की अंतिम तिथिः 29.06.2026

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

संक्षेप

## विद्यार्थियों से रूबरू हुए रोडवेज प्रभारी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर में संचालित विद्यार्थी पुस्तकालय में कन्नौज के वरिष्ठ रोडवेज प्रभारी सुरेश राठौर पहुंचे। इस दौरान पुस्तकालय के संचालक अजीत कुमार जैन ने उनका स्वागत किया। सुरेश राठौर ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, रोजगार के अवसरों और उत्तर प्रदेश रोडवेज में संभावित भर्ती प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को मेहनत और अनुशासन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रोडवेज विभाग से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने विस्तार से उत्तर दिया। इस दौरान लक्ष्मी राज, उपासना देवी, सना, सिमी, पूजा, रूपी यादव, शिवा, नूरूब, अनस सहित अन्य विद्यार्थी मौजूद रहे।

## भक्ति और सेवा का संगम बनेगा संकट मोचन मंदिर का वार्षिकोत्सव

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के मिल रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परमार्थ सेवा समिति द्वारा ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगल पर आयोजित होने वाले 22वें वार्षिकोत्सव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष भी परंपरा के अनुसार सवा 24 मन के विशाल लड्डू का महाभोग बजरंगबली को अर्पित किया जाएगा। अंतिम बड़े मंगल पर निकाली जाने वाली महाभोग शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। वार्षिकोत्सव के अंतर्गत सुंदरकाण्ड पाठ, श्रीरामचरितमानस पाठ, छप्पन भोग, फूलों की होली, वानर भंडारा, प्रसाद वितरण तथा आकर्षक धार्मिक झांकियों का आयोजन किया जाएगा। समिति के अनुसार 16 जून को छप्पन भोग एवं सुंदरकाण्ड पाठ तथा 23 जून को दोपहर 3 बजे महाभोग शोभायात्रा निकाली जाएगी। वहीं 29 जून को विशाल श्री बजरंगी भंडारे का आयोजन होगा। समिति के अध्यक्ष ए.के. कुमार गुप्ता, सचिव ओम प्रकाश जायसवाल और कोषाध्यक्ष श्याम गोपाल गुप्ता सहित सभी पदाधिकारी एवं सेवादार आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रमों में सहभागिता कर धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## किशोर का गन्ने के खेत में पेड़ से लटका मिला शव

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक 14 वर्षीय किशोर का शव गन्ने के खेत में यूकेलिप्टिस के पेड़ से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामला ददवारा ग्राम पंचायत के मजरा चक बांकीपुर का है। यहां निवासी मुन्ना का पुत्र रवि (14) शुक्रवार शाम से घर से लापता था। परिजनों के अनुसार उसकी काफी तलाश की गई, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह गांव के दक्षिण स्थित गन्ने के खेत में ग्रामीणों ने रवि का शव यूकेलिप्टिस के पेड़ से गमछे के सहारे लटका देखा। इसके बाद परिजनों नेस को सूचना दी गई। घटना की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। किशोर की मौत को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अपराध निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अभी तक परिजनों की ओर से किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस किशोर की मौत के कारणों की गहनता से पड़ताल कर रही है।

## शातिर चोर गिरफ्तार

सीतापुर। सकरन पुलिस ने दो माह पूर्व हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी का माल भी बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह के निर्देशन में शुक्रवार रात गश्त के दौरान एसआई सतीश चंद्र व पुलिस टीम ने ईरापुर पुलिया के पास एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास से एक कमर बिछुआ, दो पायल और दो लॉकेट बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुनील कुमार निवासी कड़बड़ा, थाना सकरन बताया।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण करें अफसर



लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को सीडीओ अभिषेक कुमार और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने तहसील मोहम्मदी में ₹संपूर्ण समाधान दिवस₹ में आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निदेशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए। सीडीओ ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 60 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 30, पुलिस 12, विकास 06, आपूर्ति 07, नगर निकाय के 05 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम चिलुवाराजू आर, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, एसीएमओ, तहसीलदार अरुण कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## समाधान दिवस में मिली 68 शिकायतें, 9 का निस्तारण

धौरहरा तहसील में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें से राजस्व विभाग से संबंधित नौ प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया। एडीएम ने पूर्व तहसील दिवसों में प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगली संपूर्ण समाधान दिवस में निस्तारण आख्या का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट सहित उपस्थित हों। धारा-24 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के तहत मेड़बंदी के बाद लगाए गए पिलरों को क्षति पहुंचाने के मामलों में ग्राम वाली और बबुरी के संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कोतवाली धौरहरा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने पर एडीओ सहकारिता, रमियाबेहड़ के वेतन अवरोधन के निर्देश दिए। एडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## बेहतर सड़क और जल निकासी व्यवस्था उपलब्ध कराना प्राथमिकता

### रोशन नगर में 52.69 लाख की सड़क व नाली का हुआ भूमि पूजन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रोशन नगर में लंबे समय से खराब सड़क और जलभराव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद जगी है। क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि ने सोमवार को 52 लाख 69 हजार रुपये की लागत से बनने वाली 615 मीटर इंटरलॉक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया।

ग्रामीणों की लगातार मांग और क्षेत्र में आवागमन की परेशानी को देखते हुए इस परियोजना को स्वीकृति मिली है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद न केवल सड़क की स्थिति सुधरेगी बल्कि जल निकासी की व्यवस्था बेहतर होने से जलभराव की समस्या से भी निजात मिलेगी। भूमि पूजन के दौरान विधायक अमन गिरि ने कहा कि क्षेत्र के विकास और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। ग्रामीणों को बेहतर सड़क और जल निकासी व्यवस्था उपलब्ध कराना प्राथमिकता में शामिल है। इस अवसर पर अनिरुद्ध मिश्रा, लालराम पाल, अमर पाल, नजीर अहमद, कैसर आलम, लल्ले राम पाल (पूर्व प्रधान), इलियास प्रधान, तौफीक अहमद, आशीष मिश्रा, अमित सिंह, अभय सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## आवारा कुत्ते ने एक दर्जन ग्रामीणों को बनाया शिकार, शिकायतों पर भी नहीं जागा प्रशासन

सीतापुर। महमूदाबाद तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत लच्छीपुर के मजरा रण्डा में एक आवारा कुत्ते का आतंक ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। पिछले कई दिनों से कुत्ता लोगों पर हमला कर रहा है और अब तक एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों को काटकर घायल कर चुका है। हैरानी की बात यह है कि खुद ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भी कुत्ते के हमले का शिकार हो गए, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक हाथ पर हाथ धरे बैठा है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शहरयार ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम से शिकायत करते हुए बताया कि गांव में दहशत का माहौल है। बच्चों और महिलाओं का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। कई बार पशु चिकित्साधिकारी महमूदाबाद को फोन कर कुत्ते को पकड़ने की मांग की गई, लेकिन न तो फोन उठा और न ही कोई कार्रवाई की गई। आरोप है कि अधिकारी से मिलने की कोशिश भी बेनतीजा रही। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हो जाती, तब तक प्रशासन शायद जागने वाला नहीं है। आखिर एक दर्जन लोगों के घायल होने के बाद भी जिम्मेदारों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन ग्रामीणों को अब कार्रवाई का इंतजार है, आश्वासनों का नहीं।

## आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण होः डीएम



सीतापुर। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महोली में विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महोली शिखा शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुखरंजन समद्दर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 102 शिकायतों में से 06 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में प्राप्त 112 प्रार्थना पत्रों में से 14, तहसील बिसवां में प्राप्त 24 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील लहरपुर में प्राप्त 37 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 84 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सिधौली में प्राप्त 110 प्रार्थना पत्रों में से 11, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 83 प्रार्थना-पत्रों में से 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## घोसियाना, भसीन स्वीट्स और मिल क्लब की शानदार जीत




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्टेडियम में चल रहे 19वें गोला कप डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार रात खेले गए मुकाबलों में घोसियाना क्रिकेट क्लब, भसीन स्वीट्स क्लब और मिल क्लब ने जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। दूधिया रोशनी और सुहावने मौसम के बीच खेले गए मुकाबलों का दर्शकों ने देर रात तक आनंद लिया। पहले मैच में घोसियाना क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सैफ के 42 और रिजवान के 34 रनों की बदौलत निर्धारित 10 ओवर में 110 रन बनाए। जवाब में सहारा हॉस्पिटल क्लब की टीम घोसियाना के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और पूरी टीम 52 रन पर सिमट गई। घोसियाना ने 58 रन से एकतरफा जीत दर्ज की।

दूसरे मुकाबले में पीएस क्लब ने राघवेंद्र के 46 और विपिन के 21 रनों की मदद से 95 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भसीन स्वीट्स क्लब की टीम ने कड़ा संघर्ष किया। वरुण ने शानदार 63 रन की पारी खेलते हुए टीम को दो विकेट से रोमांचक जीत दिलाई। तीसरे मैच में भूड़वारा क्लब ने मोसीन के 28 और चंदू के 21 रनों की सहायता से 82 रन बनाए। जवाब में मिल क्लब ने मंसूरी के 33 और हर्ष के 31 रनों के दम पर पांच विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। मैचों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नितिन, वरुण और मंसूरी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुकाबलों से पूर्व गांधी स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सौरभ दीक्षित, रिटायर्ड सूबेदार मेजर राजेश्वर सिंह, सराफा कमेटी के अध्यक्ष विश्वनाथ राजपूत, मंत्री आनंद सोनी और पंकज राजपूत ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान टूनामेंट कमेटी के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## महीनों से प्रोत्साहन राशि का भुगतान न होने से आशाओं का फूटा गुस्सा



सीतापुर। महीनों से प्रोत्साहन राशि का भुगतान न होने, आयुष्मान कार्ड बनाने का अतिरिक्त बोझ थोपे जाने और एएनएम द्वारा प्रपत्रों पर हस्ताक्षर न किए जाने से नाराज आशा बहुओं का गुस्सा आखिरकार फूट पड़ा। विकास खंड सकरन की आशाओं ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सीएचसी अधीक्षक को सौंपते हुए स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। आशा बहुओं का आरोप है कि उनसे डिलीवरी, टीकाकरण और अन्य स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड बनाने जैसे अतिरिक्त कार्य लिए जा रहे हैं, लेकिन इसके बदले मिलने वाली प्रोत्साहन राशि कई महीनों से रोक दी गई है। इतना ही नहीं, विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाइल फोन भी काम नहीं कर रहे हैं, जिससे कार्य करने में भारी दिक्कतें आ रही हैं। आरोप है कि ग्राम पंचायतों में तैनात एएनएम आवश्यक प्रपत्रों पर हस्ताक्षर तक नहीं कर रही हैं, जिसके कारण भुगतान और अन्य प्रक्रियाएं प्रभावित हो रही हैं। आर्थिक संकट से जूझ रही आशाओं ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे सीएचसी परिसर में धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में कमलेश सिंह, आरती देवी, सायनाबानो, अनीता शुक्ला, सीतारानी सहित बड़ी संख्या में आशा बहुएं मौजूद रहीं। उधर, सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद मित्रा ने बताया कि ज्ञापन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच कराई जाएगी।

## मनरेगा में फर्जी हाजिरी का खेल बेनकाब

### 13 ग्राम पंचायतों को नोटिस, पुरानी तस्वीरों से भर रहे थे मजदूरी का कोटा



सीतापुर। मनरेगा कार्यों में फर्जी हाजिरी और संदिग्ध फोटो अपलोडिंग का मामला सामने आने के बाद विकास खंड सकरन की 13 ग्राम पंचायतें विभाग के निशाने पर आ गई हैं। जांच में कई ग्राम पंचायतों में मजदूरों की उपस्थिति को लेकर गंभीर अनियमितताएं मिलने पर अधिकारियों ने प्रधान, पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जानकारी के अनुसार सकरन, मुर्थना, सरैयांकला, रत्नापुर, मदनापुर. कलिमापर. जमलापुर, कोनसर, उमराखुर्द, दुगान सलेक्ट ऑल पंचायतों में शनिवार को मनरा क तहत कराए जा रहे कार्यों की निगरानी की गई। जांच के दौरान पहली पाली में तो मजदूरों की फोटो कार्यस्थल से अपलोड कर दी गई, लेकिन दूसरी पाली में किसी भी मजदूर की फोटो अपलोड नहीं की गई। इतना ही नहीं, कई ग्राम पंचायतों में कार्यस्थल की पुरानी तस्वीरें अपलोड कर उपस्थिति दशार्ने का प्रयास किया गया। सबसे चैंकाने वाला मामला ग्राम पंचायत उमराखुर्द में सामने आया, जहां चकमार्ग निर्माण कार्य के नाम पर करीब छह माह पुरानी गन्ने की फसल वाली तस्वीर अपलोड कर दी गई। इससे मनरेगा कार्यों की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए हैं। डीसी मनरेगा चंदन देव पांडेय के निर्देश पर एपीओ विकास श्रीवास्तव ने संबंधित 13 ग्राम पंचायतों के प्रधानों, पंचायत सचिवों और रोजगार सेवकों को नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने के आदेश दिए हैं। एपीओ विकास श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम हष्टया अनियमितताएं सामने आई हैं। यदि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो संबंधित लोगों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। मामले ने मनरेगा में चल रहे कथित फजीवाड़े और निगरानी व्यवस्था की पोल खोल दी है।

## जनसमस्याओं को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन




निघासन-खीरी। शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष रामपाल यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक आर एस कुशवाहा व पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल और विधानसभा अध्यक्ष भण्डारी यादव के नेतृत्व में तहसील पहुंचे। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार, कानून व्यवस्था, किसानों को यूरिया खाद की कमी, पेट्रोल-डीजल की बढ़ी कीमतें, युवाओं के रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक, विद्युत कटौती तथा बाढ़ जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। सपा नेताओं ने पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम करने, किसानों को पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने, नीट पेपर लीक प्रकरण में दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई, गन्ना किसानों का बकाया भुगतान दिलाने, जंगल किनारे तारबाड़ लगाने तथा हिंसक वन्यजीवों से होने वाली जनहानि पर 20 लाख रुपये मुआवजा दिए जाने की मांग की। पार्टी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनहित की मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कार्यकर्ता आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## एडीएम ने धौरहरा नगर पंचायत का किया निरीक्षण



लखीमपुर खीरी शनिवार को एडीएम नरेन्द्र बहादुर सिंह ने धौरहरा नगर पंचायत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पंचायत धौरहरा में एडीएम ने अभिलेखों को ठीक ढंग से रख रखाव न रखने के निर्देश दिए। लिपिक और ईओ को चेतावनी दी गयी। एडीएम ने ईओ को निर्देश दिए कि नगर पंचायत के वार्ड में समय से सफाई करते रहे कार्यालय में अभिलेखों का रखरखाव ठीक ढंग से करें। समय से कर्मचारी नगर पंचायत में ड्यूटी करें अनुपस्थित होने पर कार्रवाई होगी।

## दुधवा से गौरी फंटा मार्ग पर शाम 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक आवागमन रहेगा बंद

पलियाकलां खीरी। उपनिदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया खीरी। पत्रांक 5080/16-1 दिनाकः पलिया-खीरी, जून, 05 / 2026 से प्राप्त जानकारी के अनुसार मा॰ सर्वोच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या (सी) संख्या 202/1995 टी॰एन॰ गोण्डावर्मन थिरुमलपाद बनाम यूनियन आफ इण्डिया व अन्य की सुनवाई उपरांत पारित निर्णय के अनुसार दुधवा टाइगर रिजर्व वन्य जीवों की बाहुल्यता की दृष्टि से अति संवेदनशील है। तदनुसार उपरोक्त बिन्दु के साथ अन्य आवश्यक महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर श्रीमती वी॰ हेक्काली झिमोमी, प्रमुख सचिव, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ की अध्यक्षता में दिनांक 17.04.2026 को बैठक आहूत कर अपने कार्यालय की पत्र संख्या 917/81-4-2026-2039894 दिनांक 11.05.2026 से कार्यवृत्त जारी किया गया है। उक्त कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या-4 के अनुसार दुधवा-गौरीफण्टा रोड संचालन सायं 06.00 से प्रातः 06.00 बजे तक बंद रखने एवं उक्त समय में दुधवा-चंदनचौकी मार्ग को संचालित रखने का आदेश निर्गत किया गया है। तदनुसार दुधवा गौरीफण्टा रोड का संचालन प्रत्येक दिवस सायं 06.00 बजे से प्रातः 06.00 बजे तक पूर्णतया बंद किए जाने का आदेश पारित किया जाता है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

## हमीद मार्केट में जलभराव से राहत को शुरू हुआ ऊंचीकरण कार्य



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के अलीगंज रोड स्थित वीर अब्दुल हमीद मार्केट में वर्षों से चली आ रही जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में नगर पालिका परिषद ने कदम बढ़ाया है। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के निर्देशन में मार्केट परिसर और उससे सटी सड़क के ऊँचीकरण का कार्य शुरू करा दिया गया है। शनिवार को पालिकाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नालों पर अतिक्रमण और सिंगल यूज प्लास्टिक के कारण जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होती है, लेकिन नगर पालिका लगातार समाधान के लिए प्रयासरत है। उनका उद्देश्य केवल अस्थायी राहत देना नहीं बल्कि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। मार्केट के व्यापारियों ने बताया कि बारिश के दौरान पूरे परिसर में पानी भर जाने से दुकानों और कारोबार पर प्रतिकूल असर पड़ता है। ऊँचीकरण कार्य शुरू होने से व्यापारियों में खुशी है और उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में जलभराव की समस्या काफी हद तक दूर हो जाएगी। निरीक्षण के दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक संदीप वर्मा, रविंद्र कटियार, मोहित अवस्थी, लवकुश अवस्थी, हिमांशु सिंह, सौरभ गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## गन्ना सर्वे का जिला गन्ना अधिकारी ने किया निरीक्षण



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बजाज चीनी मिल क्षेत्र में संचालित गन्ना सर्वे अभियान का जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्र ने स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सर्वे कार्य पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। जिला गन्ना अधिकारी ने धर्मपुर गांव पहुंचकर किसान तुलसीराम, अभिषेक वर्मा, रामकुमार, रामनिवास तथा विश्वनाथ के ट्रेंच विधि से तैयार पेड़ी प्लॉट एवं ट्रेंच विधि से बोए गए शरदकालीन और बसंतकालीन गन्ने का निरीक्षण किया। उन्होंने को. 0118, को. 15023, को.शा. 18231 तथा को.लख. 14201 प्रजातियों के प्रदर्शन प्लॉटों का भी अवलोकन किया। निरीक्षण में पेड़ी गन्ने का फुटाव, बोए गए गन्ने का जमाव तथा फसल की वृद्धि संतोषजनक और अच्छी पाई गई। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि ट्रेंच विधि से गन्ने की बुवाई करने पर उत्पादन में वृद्धि होती है और लागत भी कम आती है। उन्होंने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सहकारी गन्ना विकास समिति के सचिव बलवंत कुमार चैधरी, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, चीनी मिल के जीएम केन पीएस चतुवेर्दी, समिति एवं चीनी मिल के कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

संक्षेप

## डीएम ने टीकाकरण केंद्र का किया निरीक्षण

**रायबरेली।** डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने नगर क्षेत्र स्थित टीकाकरण केंद्र (आंगनबाड़ी केंद्र) गोरा बाजार का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने केंद्र पर उपलब्ध वैक्सीन की स्थिति, लाभार्थियों की उपस्थिति एवं भीड़ प्रबंधन व्यवस्था, साथ ही स्वच्छता व अन्य व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। निरीक्षण में टीकाकरण सत्र का संचालन सुचारू रूप से किया जा रहा था, सत्र स्थल पर एएनएम, आशा द्वारा सेवाएं दी जा रही थी तथा सत्र स्थल पर वैक्सीन, दवाएं व अन्य सामग्री की पर्याप्त उपलब्धता थी। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि टीकाकरण केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में वैक्सीन की उपलब्धता बनी रहे यह सुनिश्चित कराया जाए, जिससे किसी भी लाभार्थी को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के लिए आने वाले लोगों की संख्या को देखते हुए उचित भीड़ प्रबंधन किया जाए। इस अवसर पर सीएमओ डॉ० नवीन चंद्रा, अर्बन नोडल डॉ० राकेश कुमार यादव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना शहरी स्वास्थ्य समन्वयक विनय पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम उपस्थित रही।

## न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल के कर्मचारियों का अयोध्या भ्रमण

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला के कर्मचारियों ने रविवार को अयोध्या का आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण किया। इस दौरान सभी ने प्रभु श्री राम की नगरी में विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा अयोध्या की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को करीब से देखा। भ्रमण के दौरान कर्मचारियों ने उत्साह और उल्लास के साथ समय बिताया। उनकी यह यात्रा दैनिक कार्यों की व्यस्तता से राहत देने के साथ-साथ मानसिक एवं आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने वाला एक यादगार अनुभव रहा। प्रधानाचार्या शिवलखन प्रजापति ने बताया कि ऐसे आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक भ्रमण न केवल कर्मचारियों को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं, बल्कि आपसी समन्वय और टीम भावना को भी मजबूत बनाते हैं, विद्यालय प्रबंधन सदैव शिक्षकों एवं कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास और उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। कर्मचारियों ने इस सुखद एवं प्रेरणादायक यात्रा के आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने और आपसी संबंधों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## पीएम आवास योजना की समीक्षा बैठक संपन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए प्रमोद सिंह ने स्थायी पात्रता सूची बनाये जाने हेतु प्राप्त एसओपी में बिन्दुवार दर्शित प्रक्रिया के सम्बन्ध में समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गयी तथा अवगत कराया गया कि समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को एसओपी के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारत सरकार की टेक्निकल टीम द्वारा भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है। बैठक में सीडीओ अंजुलता सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनशन पर बैठी महिला की बिगड़ी तबीयत, जिला अस्पताल रेफर

### आठ सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों का धरना छठवें दिन भी जारी



**नसीराबाद, रायबरेली।** नगर पंचायत नसीराबाद के बस स्टॉप स्थित शिव मंदिर में किसान कल्याण एसोसिएशन (अराजनैतिक) गुट के बैनर तले आठ सूत्रीय मांगों को लेकर चल रहा धरना शनिवार को छठवें दिन भी जारी रहा। धरने में आमरण अनशन पर बैठी महिला की तबीयत बिगड़ने से प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में हलचल मच गई।

संडहा गांव निवासी बाबा बालक दास उर्फ फूलमती बीते एक जून से आमरण अनशन पर बैठी हैं। शनिवार सुबह करीब 10 बजे उनकी हालत अचानक खराब हो गई। सूचना पर पहुंचे वरिष्ठ उपनिरीक्षक करुणा शंकर तिवारी एंबुलेंस से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। वहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष कुमार ने उनका उपचार किया। चिकित्सक ने बताया कि महिला को डिहाइड्रेशन हो गया था और शरीर में पानी की कमी हो गई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालता प्रसाद शुक्ल ने बताया कि एक जून से क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर किसान धरने पर बैठे हैं, लेकिन अब तक कोई सक्षम अधिकारी मौके पर पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि मांगों का समाधान होने तक आंदोलन जारी रहेगा। जिलाध्यक्ष सदाशिव पांडेय ने बताया कि संडहा गांव में बाबा बालकदास उर्फ फूलमती की कुटी और सहन की भूमि पर अवैध कब्जा हटाने, गांधीनगर रेलवे अंडरपास का निर्माण पूरा कराने, गीले पशु आहार की बिक्री पर रोक लगाने, नसीराबाद देहात के पूरे खुशियाल मजरे में मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने, गेहूं क्रय केंद्रों पर हो रहे भ्रष्टाचार की जांच कराने तथा सलोन-जायस मार्ग चैड़ीकरण से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने सहित आठ सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दिया जा रहा है।ध
ारने में गफ्फार खां,दयाराम मौर्य, घनश्याम सिंह, अखिलेश पांडेय, मोहम्मद आलम,धन श्याम सिंह, आलमीन, धर्मदास, तुलसीराम,मैकू लाल ,अरविंद चौधरी, चन्द्रभान मौर्य,आलम जहीर,गुड्डू, विमलदास, गुलाम मोहम्मद,हरि नारायण मिश्रा, चन्द्र कुमार,कामता प्रसाद,समेत अन्य किसान मौजूद रहे।

## इनोवा की टक्कर से युवक की मौत

सलोन, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के राज्यमार्ग पर स्थित रग्घुपुर गांव के समीप शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। तेज रफ्तार इनोवा कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक ने जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार रग्घुपुर गांव निवासी सुरेश (35) पुत्र राम दुलारे शनिवार की दोपहर करीब साढ़े 11 बजे कमालगंज बाजार से साइकिल से अपने घर लौट रहा था। बताया जाता है कि जैसे ही साईकिल सवार ने राज्यमार्ग से अपने घर की ओर जाने के लिए साइकिल मोड़ी, प्रतापगढ़ से लखनऊ की दिशा में जा रही एक इनोवा कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही सुरेश गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं दुर्घटना के संबंध में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## जिला जेल में जागरूकता शिविर आयोजित

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमित पाल सिंह के दिशा-निर्देशन में जिला कारागार, रायबरेली में निरुद्ध बन्दियों के देख-रेख, खानपान, रहन-सहन, जेल चिकित्सालय तथा लीगल ऐड क्लीनिक एवं बन्दियों के हितों से सम्बन्धित मामलो के सम्बन्ध में प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली अमित मिश्रा द्वारा बंदियों से मुलाकात कर उनको मिल रही विधिक सहायता के सम्बन्ध मे जानकारी ली गई। इस दौरान सचिव ने जेलर हिमांशु रौतेला से जेल के अंदर कैदियों की स्थिति व रखरखाव के बाबत भी जानकारी ली। इस अवसर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। प्रभारी सचिव अमित मिश्रा ने बंदियों से बात कर उनकी परेशानियों, विधिक समस्याओं एवं जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने बन्दियों को बताया कि जेल में किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वह जेल में स्थापित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से विधिक मदद ले सकते हैं।

## ब्लॉक प्रमुख का जन्मदिन पौधरोपण के साथ मना



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ल के जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को जयसिंहपुर ब्लॉक परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद ब्लॉक सभागार में केक काटकर ब्लॉक प्रमुख का जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान मौजूद लोगों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ, सुखमय और दीर्घायु जीवन की कामना की। वक्ताओं ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए क्षेत्र के विकास में उनके योगदान का उल्लेख किया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी एस.एन. चतुर्वेदी, सप्लाई इंस्पेक्टर अभिषेक सिंह, आकाश दुबे, प्रधान जयसिंहपुर पिंटू, प्रधान गोपालपुर विक्की यादव, अमित शुक्ल, सुनील कशौधन, जितेंद्र वर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, क्षेत्र पंचायत सदस्य पंच बहादुर, सुनील वर्मा, अरुण वर्मा, जितेंद्र सिंह पटेल, रिंकू श्रीवास्तव, लकी गुप्ता, पंचम वर्मा, बबलू तिवारी, संदीप दुबे, संजीत सिंह, विजय सिंह, कलीम, मुन्ना, महेश यादव और अमन सहित ब्लॉक के कर्मचारी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ल को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## घर में घुसकर मारपीट व फायरिंग का आरोप तीन नामजद समेत 10-15 अज्ञात पर केस

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के गुरेगांव गांव में घर में घुसकर मारपीट, फायरिंग और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने तीन नामजद समेत 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना तीन जून की रात की बताई जा रही है। गुरेगांव निवासी नीलम निषाद पत्नी महेश निषाद की तहरीर के अनुसार खेत के विवाद को लेकर गांव के सुनील सिंह से पहले से रंजिश चली आ रही थी। आरोप है कि तीन जून की रात करीब नौ बजे सुनील सिंह, सुमित पांडेय, हेमंत सिंह और उनके साथ 10 से 15 अन्य लोग घर पहुंचे। विरोध करने पर आरोपितों ने घर में घुसकर गाली-गलौज की, अवैध असलहे से फायरिंग की तथा बंदूक की बट और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में नीलम निषाद, संवारी, भानमती, रीता, कुसुम, अमन और अरविंद सहित कई लोग घायल हो गए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आया। क्षेत्राधिकारी जयसिंहपुर सुनील कुमार सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में गेहूं की फसल बकरी द्वारा खा लेने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। थानाध्यक्ष अखंडदेव मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर तीन नामजद समेत 10 से 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बाइक कार से टकरायी, युवक घायल

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली जयसिंहपुर क्षेत्र के बरौंसा-बिरसिंहपुर मार्ग पर शनिवार दोपहर एक बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही कार से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गंगेव गांव निवासी रिंकू (34) पुत्र गुड्डू शनिवार दोपहर करीब 02:40 बजे बरौंसा बाजार से अपने घर की ओर जा रहे थे गोपालपुर गांव स्थित पंचायत भवन के पास उनकी बाइक सामने से आ रही कार से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार करीब 30 मीटर दूर सड़क किनारे जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों की मदद से घायल को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहपुर पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। डॉक्टरों के अनुसार घायल के सिर और दाहिने पैर में गंभीर चोटें आई हैं। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार और बाइक को कब्जे में लेकर कोतवाली भेज दिया। कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार राय ने बताया कि दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## कटका क्लब सामाजिक संस्था के स्थापना दिवस पर नयी टीम का हुआ गठन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कटका क्लब सामाजिक संस्था के स्थापना दिवस के अवसर पर संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से नई जिम्मेदारियों की घोषणा की गई। संस्था के संरक्षक राजकुमार मिश्र के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में ऋषभदेव शुक्ला को प्रदेश अध्यक्ष तथा शिवकुमार तिवारी को प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष ऋषभदेव शुक्ला ने कहा कि संस्था पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता और जनसेवा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। आने वाले समय में युवाओं को संगठन से जोड़कर समाजहित के अभियानों को और व्यापक बनाया जाएगा। वहीं प्रदेश मंत्री शिवकुमार तिवारी ने कहा कि संस्था की जनकल्याणकारी योजनाओं और अभियानों को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा कि स्थापना दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पुनः स्मरण करने का भी दिन है। उन्होंने बताया कि संस्था अपने स्थापना काल से ही पर्यावरण संरक्षण, पक्षी संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करती रही है। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि नई टीम के नेतृत्व में संस्था समाजसेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। नई नियुक्तियों से संगठन में उत्साह का माहौल देखा गया।

# महराजगंज में पिछड़ा वर्ग महापंचायत का आयोजन किया गया

- ओबीसी अधिकारों और जातिगत जनगणना को लेकर बुलंद हुई आवाज

जिला संवाददाता (vol)



**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज में शनिवार को पिछड़ा वर्ग महापंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें ओबीसी समाज के हक, अधिकार और सामाजिक न्याय से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर व्यापक चर्चा हुई। महापंचायत में वक्ताओं ने ओबीसी समाज से एकजुट होकर अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया।

महापंचायत में वक्ताओं ने कहा कि ओबीसी समाज को अपने अधिकारों की प्राप्ति के लिए जातिगत भेदभाव भुलाकर एक मंच पर आना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए संगठन और एकजुटता बेहद जरूरी है।

प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि ओबीसी समाज को अपने हिस्से के अधिकारों के लिए स्वयं आगे आना होगा। उन्होंने शिक्षा, संगठन और राजनीतिक भागीदारी को समाज के सशक्तिकरण का आधार बताया।

महापंचायत में उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि ओबीसी समाज के शैक्षणिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तिकरण के लिए गांव-गांव जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। आयोजक मंडल ने रायबरेली सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने की बात कही। कार्यक्रम में देवेंद्र निषाद, संकल्प पटेल, वीरेंद्र यादव (जिला महासचिव कांग्रेस), मो. उमर, अजीत वर्मा, राजकुमार लोधी, रामेश्वर लोधी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य पर कटका क्लब सामाजिक संस्था सम्मानित



**सुलतानपुर (वीओएल)।** पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कटका क्लब सामाजिक संस्था को सम्मानित किया गया। वन विभाग सुलतानपुर के अंतर्गत जिला गंगा समिति द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान संस्था को प्रदान किया गया। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने संस्था के प्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

कार्यक्रम में संस्था द्वारा संचालित पौधारोपण, जल संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और जनहित से जुड़े अभियानों को विशेष रूप से सराहा गया। वक्ताओं ने कहा कि कटका क्लब सामाजिक संस्था लंबे समय से पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रही है। संस्था के प्रयासों से बड़ी संख्या में लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। संस्था के पदाधिकारियों ने सम्मान को सभी कार्यकताओं, पर्यावरण प्रेमियों और सहयोगियों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देगा। उन्होंने भविष्य में भी वृक्षारोपण, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा से जुड़े अभियानों को व्यापक स्तर पर चलाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी, जिला गंगा समिति के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र-छात्राएं और क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सम्मान मिलने पर संस्था से जुड़े कार्यकताओं में उत्साह और खुशी का माहौल रहा।

## शौच के लिए निकली विवाहिता चार दिन से लापता

**डलमऊ, रायबरेली।** डलमऊ क्षेत्र में एक विवाहिता के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। चार दिन बीत जाने के बाद भी महिला का कोई सुराग न लगने से परिजनों की चिंता बढ़ गई है। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और परिजन लगातार उसकी तलाश में जुटे हैं। डलमऊ थाना क्षेत्र निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी पत्नी सीता कुमारी बीती 4 जून की सुबह घर से शौच के लिए निकली थी, लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटी। काफी देर तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने आसपास तथा रिश्तेदारियों में उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। सुनील कुमार के अनुसार वह उस समय दिल्ली में मौजूद था। पत्नी के लापता होने की सूचना मिलने पर वह तत्काल घर पहुंचा और स्वयं भी विभिन्न स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन अब तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी। परिजनों का कहना है कि महिला के पास जो मोबाइल फोन था, वह भी लगातार बंद आ रहा है, जिससे उसकी लोकेशन या संपर्क स्थापित नहीं हो पा रहा है। परिवार के सामने सबसे बड़ी चिंता यह है कि लापता महिला एक छोटे बच्चे की मां है। मां के अचानक गायब हो जाने से परिवार गहरे सदमे में है और बच्चे का रो-रोकर बुरा हाल बताया जा रहा है।

घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं भी शुरू हो गई हैं। हालांकि, अभी तक महिला के संबंध में कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आई है। वही संबंधित मामले में थानेदार डलमऊ ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है उसी के अनुसार अग्रिम विधिक कार्यवाई प्रचलित है।

## ओवरटेक के प्रयास में रोडवेज बस दुर्घटनाग्रस्त, 9 यात्री घायल

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** अयोध्या-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार सुबह कूरेभार ब्लॉक के सामने एक अनुबंधित रोडवेज बस दुर्घटना का शिकार हो गई। ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित हुई बस दूसरी रोडवेज बस से टकरा गई, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे में परिचालक समेत 9 लोग घायल हो गए, जिनमें तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार रायबरेली डिपो की अनुबंधित बस अयोध्या से प्रयागराज की ओर जा रही थी। सुबह करीब 11 बजे कूरेभार ब्लॉक के सामने चालक द्वारा ओवरटेक करने के प्रयास के दौरान बस अनियंत्रित होकर आगे चल रही दूसरी बस से टकरा गई। टक्कर के बाद बस में सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि बस में केवल 10 यात्री सवार थे, जिससे बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना में परिचालक दिव्यांश यादव, मोनू यादव, राम समुझ यादव, कपिल मुनि, उमाशंकर, विनोद कुमार, अमन, बिंदर गिरी तथा अजय कुमार घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार पहुंचाया गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद राम समुझ यादव, कपिल मुनि और अजय कुमार की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।



## आवासीय क्रीड़ा छात्रावास के लिए तनु का चयन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के भदैया ब्लॉक स्थित नरायनपुर पोस्ट भरथीपुर निवासी तनु यादव का चयन कुश्ती में स्पोर्ट्स हॉस्टल अयोध्या के लिए हुआ। इनके पिता मुकेश कुमार निजी व्यवसाय करते हैं और माता सुजीता यादव गृहिणी है। प्रारंभिक शिक्षा इन्होंने पास के प्राथमिक विद्यालय ढ़ेकौरा से ग्रहण की उसके बाद उच्च प्राथमिक स्तर पर इन्होंने जूनियर विद्यालय नरायनपुर से आगे की शिक्षा ग्रहण की विदित है। नरायनपुर विद्यालय से अभी तक 14 खिलाड़ियों का चयन विभिन्न खेलों में हॉस्टल एवं स्पोर्ट्स कॉलेज में विगत वर्षों में हो चुका है विद्यालय से कक्षा- 8 में इन्होंने क्रीड़ा छात्रावास का ट्रायल दिया। विद्यालय के शिक्षक मुनेंद्र मिश्र ने इनकी प्रतिभा की निखारा और स्टेडियम की तरफ रुख कराया जहां स्टेडियम में मौजूद कुश्ती कोच राम नरेश ने आगे का प्रशिक्षण दिया। मेरठ में 15 दिवसीय कैंप में प्रशिक्षण संपन्न कर इनका चयन अंतिम सूची में हुआ स क्षेत्रीय कार्यालय अयोध्या में 15 जून तक उपस्थित होने का निर्देश प्राप्त हुआ।



इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता, क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर, खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्रा, उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश उपाध्याय, जिला व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह, खेल प्रवक्ता राजेश कन्नौजिया, महेश यादव, विद्यालय के दिनेश सिंह, इंद्रभान यादव, हरिकेश्वर सिंह, खेल शिक्षक गीता यादव, अनुपम यादव, बीना मुन्ना लाल यादव ने खुशी जताई।

# 87 शिकायतों में सात का मौके पर निस्तारण

**रायबरेली।** डीएम सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने कहा जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है।

डीएमने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। डीएम ने बताया कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 59, पुलिस विभाग 17, विकास विभाग 8 व अन्य विभाग 3 कुल 87 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 7 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए।

एसपी रवि कुमार ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा, उपजिलाधिकारी सदर गौतम सिंह, तहसीलदार सदर आकृति श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।




### 46 शिकायतों में 8 निपटीं

**महराजगंज, रायबरेली।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ अंजू लता ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों का निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। समाधान दिवस में कुल 46 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 8 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 24, पुलिस विभाग की 7, विकास विभाग की 3 व अन्य विभागों की 12 शिकायतें शामिल रहीं। इस अवसर पर एसडीएम चंद्र प्रकाश गौतम, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, तहसीलदार मंजुला मिश्रा, कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, अधीक्षक सीएचसी महराजगंज डॉ. गणनायक पांडे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सीडीओ ने सभी विभागों को जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

## जिला स्तरीय बॉक्सिंग ट्रायल में चार मुक्केबाज चयनित, मंडल स्तर पर दिखायेंगे दम

**सुलतानपुर (वीओएल)।** बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित जिला स्तरीय सब-जूनियर बालक वर्ग बॉक्सिंग चयन ट्रायल में सुलतानपुर के चार होनहार मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंडल स्तरीय चयन ट्रायल के लिए जगह बनाई है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले के खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। स्थानीय पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित चयन प्रतियोगिता में विभिन्न भार वर्गों के खिलाड़ियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चयनित खिलाड़ियों में आशीष बौद्ध (33-35 किलोग्राम), असद खान (35-37 किग्रा), आर्यन गुप्ता (50-52 किग्रा) सहित कुल चार खिलाड़ियों का चयन मंडल स्तरीय ट्रायल के लिए किया गया। अब ये खिलाड़ी 08 जून 2026 को अयोध्या स्थित क्षेत्रीय खेल कार्यालय में आयोजित मंडल स्तरीय चयन ट्रायल में हिस्सा लेंगे। चयनित खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर राज्य स्तर तक पहुंचने की तैयारी में जुट गए हैं। इस अवसर पर जिला बॉक्सिंग संघ के सचिव विजय यादव, वॉलीबॉल कोच प्रदीप यादव, शुभम धुरिया, राहुल श्रीवास्तव सहित कई खेल अधिकारी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

संक्षेप

## सपा की नीतियों बिचारों को जनजन तक पहुचाएं कार्यकर्त्ता: व्यास यादव

**देवरिया ।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सपा जिलाध्यक्ष शव्यास यादव की अध्यक्षता सपा कार्यालय के मा. मुलायम सिंह यादव सभागार में संपन्न हुई ।बैठक में मतदाता सूची के गहन अध्ययन एवं उसे त्रुटिरहित बनाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि मतदाता सूची ही चुनाव का मूल आधार है।मजबूत और सशक्त मतदाता सूची के बिना चुनाव में बेहतर प्रदर्शन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए प्रत्येक बूथ की संरचना सुदृढ़ एवं सक्रिय होना आवश्यक है।श्री यादव ने उपस्थित कार्यकताओं को विश्वास दिलाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी कार्यकताओं एवं आमजन के सम्मान, अधिकार और स्वाभिमान की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करने को संकल्पित है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में महंगाई, भ्रष्टाचार, हत्या, लूट, छिनैती एवं डकैती जैसी घटनाओं से जनता त्रस्त है।

# डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, चार अधिकारियों को नोटिस

**देवरिया।** तहसील बरहज में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी।

- **मौके पर बने तीन राशन कार्ड, राजस्व व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की भी कराई जांच**
- **लेखपालो व कानूनगो को कार्यों में सुधार लाने की दी हिदायत, अन्यथा दर्ज होगी प्रतिकूल प्रविष्टि**
- **अविवादित वरासत प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ किया जाए निस्तारण**

जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में अनुपस्थित पाए जाने पर अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण एवं शहरी), अधिशासी अभियंता नलकूप तथा क्षेत्रीय विपणन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को समय से उपस्थित रहने और प्राप्त प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने की हिदायत दी। जिलाधिकारी ने तहसील क्षेत्र में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति (वीएचएसएनसी) सत्रों तथा सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के निरीक्षण के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को चेकलिस्ट के साथ भेजते हुए सायं तक आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान उन्होंने लेखपालों, कानूनगो एवं पुलिस अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्विवाद वरासत के लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिए धारा 24 एवं धारा 116 के पुराने प्रकरणों की विशेष समीक्षा की और उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। समाधान दिवस में ग्राम खुदिया बुजुर्ग निवासी रामदुलारे सिंह ने पोखरी पर अवैध कब्जे की शिकायत की, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित पत्रावली तलब कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं बरहज निवासी जगदीश प्रसाद जायसवाल की विद्युत समस्या के निस्तारण के लिए अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया गया। ग्राम खोरी निवासी असमीना खातून ने पति-पत्नी दोनों के दिव्यांग होने एवं आर्थिक तंगी की समस्या रखी। जिलाधिकारी ने उन्हें अंत्योदय राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं दिव्यांग पेंशन का लाभ दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

बरहज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 151 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 27 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।




प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक 76 प्रकरण राजस्व विभाग से संबंधित रहे, जिनमें से 21 का निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग के 20, विकास विभाग के 8, खाद्य एवं रसद विभाग के 7 (जिनमें 6 का निस्तारण किया गया), समाज कल्याण विभाग के 3 तथा अन्य विभागों के 37 प्रकरण प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने की। उन्होंने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि राजस्व विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

### तीन पात्र व्यक्तियों का मौके पर बना राशन कार्ड

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी के निर्देश पर तीन पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड मौके पर ही बनाए गए। ग्राम बड़कागांव निवासी मनीषा देवी, बेलडार निवासी ब्यूटी सिंह तथा ग्राम खोरी निवासी असमीना खातून को तत्काल राशन कार्ड उपलब्ध कराए गए। लाभार्थियों ने इसके लिए जिलाधिकारी का आभार व्यक्त किया। आयोजित तहसील दिवस में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर एके गुप्त, उप जिलाधिकारी बरहज हरिशंकर लाल, तहसीलदार, डीएसओ संजय कुमार पांडेय, जिला विकास अधिकारी, राजस्व सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी, थानाध्यक्ष, खंड विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## सांसद ने किया पौधरोपण

बैतालपुर/देवरिया। केंद्र सरकार द्वारा संचालित ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के अंतर्गत देवरिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद शशांक मणि ने शनिवार को बैतालपुर नगर पंचायत क्षेत्र के बरपार में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने एक-एक पौधा लगाने तथा उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सांसद शशांक मणि ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम ही नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य की आधारशिला भी हैं। उन्होंने कहा कि ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान मातृत्व सम्मान और प्रकृति संरक्षण का अद्भुत संगम है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी मां के नाम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा योगदान दिया जा सकता है।कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। सांसद ने पौधों की नियमित देखभाल एवं संरक्षण पर विशेष बल देते हुए कहा कि केवल प्ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक रखना भी सभी की जिम्मेदारी है।

## पर्यावरण ही नही बल्कि स्क्रीन टाइम का भी रखना होगा संतुलनः अजय

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** आज यह देख सुखद महसूस हो रहा है कि हम सभी पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार जागरूक हो रहे हैं, और लगातार प्रयास भी कर रहे हैं लेकिन सिर्फ पर्यावरण तक ही सिमित रहे तो शायद हमारा उद्देश्य पीछे ही रह जाएगा। उक्त बातें प्रदेश सहमंत्री अभाविप गोरक्ष प्रान्त अजय कुशवाहा ने कहीं। श्री अजय ने आगे कहा कि आने वाले समय में हमारे जीवन की दो बड़ी चुनौतियाँ सामने हैं: एक तरफ हमारे पर्यावरण का बिगड़ता हुआ संतुलन, और दूसरी तरफ बढ़ता हुआ स्क्रीन टाइम। ये दोनों ही हमारे और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को प्रभावित कर रहे हैं।

जब विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण के अभियानों में भाग लेते हैं, जैसे वृक्षारोपण, जल संरक्षण या प्लास्टिक मुक्त अभियान, तो वे अपने आसपास के वातावरण को बचाने का एक मजबूत आधार बनाते हैं। लेकिन इसके साथ-साथ, जब वे स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करते हुए खेल, योग, कला और बाहरी गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं, तो उनका मानसिक और शारीरिक विकास भी संतुलित होता है। आज जब हम भविष्य की बात करते हैं, तो यह जरूरी है कि हम बच्चों को स्क्रीन टाइम और सक्रियता दोनों का महत्व समझाएं। माता-पिता, शिक्षकों और समाज का यह दायित्व है कि वे बच्चों को इन दोनों पहलुओं के प्रति जागरूक करें। जब विद्यार्थी इन दोनों को संतुलित करते हैं, तो वे न सिर्फ एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाते हैं, बल्कि एक जिम्मेदार और जागरूक नागरिक भी बनते हैं, जो अपने पर्यावरण की रक्षा करते हुए, अपने और समाज के लिए एक उज्जवल भविष्य का निर्माण करते हैं।

# जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए प्रशासन प्रतिबद्धः डीएम

जिला संवाददाता



**कुशीनगर।** जिले के तहसील खड्डा सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जनसामान्य द्वारा प्रस्तुत शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का प्रभावी समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का स्थलीय सत्यापन कर पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

विशेष रूप से राजस्व, पुलिस, विकास, समाज कल्याण, विद्युत, सिंचाई, शिक्षा एवं अन्य विभागों से संबंधित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा अधिकारी शिकायतकताओं की समस्याओं का समाधान पूर्ण संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ करें। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने कानून-व्यवस्था एवं जनसुरक्षा से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई की जाए।

उन्होंने कहा कि भूमि विवाद, आपसी विवाद एवं अन्य संवेदनशील मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से कार्य करते हुए त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 113 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा शेष 106 प्रकरणों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से संबंधित 38, पुलिस विभाग से 19, पुलिस एवं राजस्व संयुक्त 06, विकास विभाग से 16 तथा अन्य विभागों से संबंधित 34 प्रकरण शामिल रहे ।जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समयसीमा के भीतर निष्पक्ष, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा जनसमस्याओं के निराकरण में संवेदनशील एवं उत्तरदायी कार्यप्रणाली अपनाने पर बल दिया।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी खड्डा, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी खड्डा, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी, तथा तहसील स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीएसए ने बरहज बीआरसी का किया सघन निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश




**बरहज, देवरिया।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. रामजियावन मौर्य ने शनिवार को बरहज ब्लॉक संसाधन केंद्र का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजिका की जांच में सभी कार्मिक मौजूद पाए गए ।बीएसए ने सरकार की कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था की प्रगति के बारे में जानकारी ली। इसके बाद जनगणना नामांकन, यू-डायस, छात्र नामांकन और डीबीटी से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिया कि विभागीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।निरीक्षण के समय खंड शिक्षा अधिकारी बरहज राजेश कुमार यादव, खंड शिक्षा अधिकारी भागलपुर सूरज कुमार, जूनियर शिक्षक संघ के जिला कोषाध्यक्ष उमेश चंद, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष सुशील यादव, धनंजय कुमार सिंह, विनीता तिवारी, संतोष विनय पांडेय, विनीत मिश्रा, आलोक कुमार,संतोष तिवारी, नन्हे प्रसाद उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक दलों के पंजीकरण के लिए 30 जून तक किया जा सकता है आवेदन

**देवरिया।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक दलों के पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र (ऑडीशन फार्म) जमा करने की तिथि 30 जून, 2026 तक निर्धारित की गई है । विभिन्न लोक विधाओं यथा लोकगीत, भजन, आल्हा, कठपुतली, कव्वाली, जादू, नौटंकी, लघु सांस्कृतिक दल, वृहद सांस्कृतिक दल एवं नाटक दल सहित कुल 10 विधाओं में पंजीकरण किया जाएगा। पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र (ऑडीशन फार्म) सूचना विभाग की वेबसाइट ल्लाङ्घ्श्ें३ङ्गल्ल.४स्त्र.ङ्घ५.ल्ल से डाउनलोड किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त आवेदन पत्र सूचना निदेशालय के गीत एवं नाट्य प्रभाग से कार्यदिवसों में भी प्राप्त किया जा सकता है। इच्छुक दल निर्धारित आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक अभिलेख संलग्न कर 30 जून, तक निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर, 16 पार्क रोड, लखनऊ-226001 के पते पर स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से भेज सकते हैं।

# बाढ़ की तैयारियों का जायजा लेने छितौनी तटबंध पहुंचे डीएम और एसपी, सुरक्षा कार्यों में लापरवाही पर दी चेतावनी



**कुशीनगर।** आगामी मानसून एवं संभावित बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक ने खड्डा तहसील क्षेत्र स्थित छितौनी तटबंध का स्थलीय निरीक्षण कर बाढ़ सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं एवं कार्यों का निरीक्षण कर समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने तटबंध क्षेत्र में स्थित ठोकर संख्या 8.650 एवं 12.700 (वीरभार) पर संचालित मरम्मत, सुदृढ़ीकरण तथा कटान-रोधी कार्यों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने तटबंध की सुरक्षा, मजबूती एवं बाढ़ से बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता की जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि तटबंध के संवेदनशील एवं कटान प्रभावित स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाए तथा सभी सुरक्षात्मक कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने कहा कि बाढ़ के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही गंभीर परिणाम उत्पन्न कर सकती है, इसलिए सभी विभाग पूरी जिम्मेदारी एवं समन्वय के साथ कार्य करें।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ चौकियों की स्थापना, राहत एवं बचाव सामग्री की उपलब्धता, नावों की व्यवस्था तथा आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई हेतु की गई तैयारियों की भी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सभी आवश्यक संसाधनों को पूर्व से ही उपलब्ध एवं क्रियाशील स्थिति में रखा जाए ।संबंधित अधिकारियों ने जिलाधिकारी को तटबंध की वर्तमान स्थिति तथा चल रहे सुरक्षा कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि रैट होल तथा तटबंध पर किए जा रहे रेंकट सुरक्षा कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद प्रशासन संभावित बाढ़ की चुनौतियों से निपटने के लिए पूर्णतः तैयार है तथा आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को सतर्कता बढ़ाने एवं निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता महेश कुमार सिंह, उपखंड अधिकारी (एसडीओ) मनोरंजन कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी खडडा, सिंचाई विभाग एवं तहसील प्रशासन के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गौतम फाउंडेशन ने पौधरोपण कर लोगों को किया जागरूक




**कसया, कुशीनगर।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कसया नगर के सपहा मार्ग स्थित गौतम फाउंडेशन के भरौली परिसर में फलदार आम के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया।

पौधरोपण जागरूकता कार्यक्रम में फाउंडेशन के डायरेक्टर राजू जायसवाल ने कहा कि अंधाधुंध विकास की होड़ और बढ़ती भौतिक सुख-सुविधाओं के कारण कार्बनिक उत्सर्जन में लगातार वृद्धि हो रही है, जिसके दुष्परिणाम पूरी दुनिया को भुगतने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण ही सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए जा रहे ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मां के सम्मान में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। पौधे ही जीवन और प्रकृति के संरक्षण का आधार हैं। धरती को सुरक्षित और हरित बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ- साथ उनकी देखभाल करना भी आवश्यक है। कार्यक्रम में फाउंडेशन के उपाध्यक्ष राजन जायसवाल, रवि सोनी, राजन मिश्रा, विनय वर्मा, दुर्गेश गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी एवं सहयोगी उपस्थित रहे।

## मेगा एग्री क्रेडिट आउटरीच कैंप का आयोजन

**देवरिया ।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मेगा एग्री क्रेडिट आउटरीच कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों एवं ग्राहकों ने भाग लिया। कैंप के दौरान कुल 258 ग्राहकों को कृषि ऋण एवं बैंक की विभिन्न कृषि योजनाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की गई कार्यक्रम के दौरान विभिन्न कृषि योजनाओं के अंतर्गत कुल 32 स्वीकृति पत्र (रंल्लू३ङ्गल्ल छी३ी१) वितरित किए गए, जिनकी कुल राशि ?450 लाख रही। इससे किसानों को कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने एवं अपनी आय में वृद्धि करने में सहायता मिलेगी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नाबार्ड के डीडीएम सूरज प्रकाश शुक्ला जी एवं डीएमएम अरविंद कुमार जी उपस्थित रहे। बैंक की ओर से क्षेत्रीय प्रमुख जितेंद्र कुमार सिन्हा जी, लीड बैंक मैनेजर (छऊट) देवरिया आर. एस. प्रेम जी तथा मुख्य प्रबंधक एएसबीडी अमित कुमार सिंह जी द्वारा उपस्थित किसानों को बैंक द्वारा संचालित विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं, सरकारी योजनाओं एवं उनके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई अधिकारियों ने किसानों को समय पर ऋण सुविधा उपलब्ध कराने, कृषि क्षेत्र के विकास एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने हेतु बैंक की प्रतिबद्धता को दोहराया।

## समस्त थानों के उप निरीक्षकों एवं सीसीटीएनएस ऑपरेटरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**देवरिया ।** पुलिस लाइन, देवरिया में जनपद के समस्त थानों से आए उप निरीक्षकों एवं उउळठर ऑपरेटरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पी एमराहत योजन से एकीकरण तथा सड़क दुर्घटनाओं की पोर्टल पर प्रविष्टि (एल्ल३१८) से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई यह प्रशिक्षण अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण, सुनील कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसमें अपर पुलिस अधीक्षक उत्तर, आनंद कुमार पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को जिला रोल आउट मैनेजर, ठक्क देवरिया, सौरभ गुप्ता द्वारा संचालित किया गया तथा प्रतिभागियों को योजनाओं एवं पोर्टलों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया प्रशिक्षण के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के मामलों में समयबद्ध एवं सटीक डेटा प्रविष्टि, पी एम राहत योजना के लाभार्थियों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने तथा फअऊीऊअफएवं उउळठर के समन्वित उपयोग के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए पोर्टल संचालन की प्रक्रिया को भी समझाया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी (ऊकड), ठक्क देवरिया, श्री कृष्णानंद यादव का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। साथ ही यातायात कार्यालय, देवरिया से यातायात उप निरीक्षक (ळरक) गुलाब सिंह का भी प्रशिक्षण के आयोजन एवं संचालन में विशेष सहयोग रहा। उनके द्वारा सड़क दुर्घटना संबंधी प्रकरणों एवं यातायात व्यवस्था से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए गए, जिससे प्रशिक्षण और अधिक उपयोगी एवं प्रभावी बना ।प्रशिक्षण में सौरभ गुप्ता द्वारा बताया गया कि पीएम राहत का अर्थ 'प्रधानमंत्री-सड़क दुर्घटना पीड़ितों के अस्पताल में भर्ती एवं सुनिश्चित उपचार' योजना है। केंद्र सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य सड़क हादसों में घायल हुए लोगों को शुरूआती ₹गोल्डन ऑवर₹ (दुर्घटना के बाद का पहला घंटा) में पैसों की कमी के कारण इलाज से वंचित न रहने देना है। इस योजना से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें निम्नलिखित हैं: मुफ्त और कैशलेस इलाजः सड़क दुर्घटना में घायल किसी भी व्यक्ति को दुर्घटना की तारीख से 7 दिनों तक ?1.5 लाख तक का कैशलेस (निशुल्क) इलाज मिलता है। इसके लिए पीड़ित की जेब से एक भी रुपया नहीं लगेगा सभी तरह की सड़कें शामिलः यदि दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग ,राज्य सड़क या किसी भी ग्रामीण/शहरी मार्ग पर हुई हो, तो पीड़ित व्यक्ति को इस योजना का लाभ मिलता है। लाभ कैसे मिलता हैः दुर्घटना होने पर आपातकालीन नंबर पर कॉल करने के बाद घायल वहां इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल नेटवर्क के जरिए पुलिस द्वारा तुरंत सत्यापन करके चिकित्सा शुरू कर दी जाती है। आधार कार्ड या अन्य कोई आईडी न होने पर भी इलाज से इनकार नहीं किया जा सकता प्रशिक्षण में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया तथा प्राप्त ज्ञान का प्रभावी उपयोग करते हुए सड़क दुर्घटना प्रबंधन एवं पीड़ित सहायता से संबंधित कार्यों को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।

# डीएम ने गौ संरक्षण केंद्र का किया निरीक्षण



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा खड्डा तहसील अंतर्गत कोप जंगल स्थित गौ संरक्षण केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौवंशों की देखभाल एवं संरक्षित रखने हेतु केंद्र की व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने गौवंशों को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिए थ्री फेज में अतिरिक्त निर्माण कार्य हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुओं की बढ़ती संख्या एवं आवश्यकताओं को देखते हुए संरचनात्मक विस्तार अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने केंद्र को हैंडओवर किए जाने से पूर्व पेयजल, विद्युत लाइट व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की सक्रियता एवं कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था पूर्ण रूप से दुरुस्त होने के उपरांत ही हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की जाए। जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थल पर कार्यरत कर्मचारियों के मानदेय से संबंधित मामलों पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा समय पर भुगतान सुनिश्चित करने पर बल दिया। पशुओं के आहार प्रबंधन को सुदृढ़ करने के लिए उन्होंने हरे चारे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नेपियर घास की बड़े पैमाने पर बुवाई कराने के निर्देश दिए, जिससे पशुओं को निरंतर पोषण मिल सके। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने पेयजल की उचित व्यवस्था किये जाने के निर्देश सहित वर्षात के मौसम में लगभग 5 हजार वृक्षारोपण कराये जाने हेतु भूमि का चिन्हांकन किये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया, तथा गौवंशो को गुड़ चना भी खिलाया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट,, उप जिलाधिकारी खड्डा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राम-सुग्रीव मित्रता की कथा से गूंजा हरैया ब्रह्मा स्थान



**कुशीनगर।** फाजिलनगर कस्बे के हरैया ब्रह्मा स्थान पर आयोजित श्री श्री 108 हरिहर महायज्ञ में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। श्रीधाम अयोध्या से पधारे सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित आनंद भारद्वाज ने भगवान श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता का प्रेरणादायक प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता केवल सुख-दुख की साझेदारी नहीं, बल्कि धर्म, विश्वास, समर्पण और परस्पर सहयोग का प्रतीक होती है। भगवान राम और सुग्रीव की मित्रता आज भी समाज को आदर्श जीवन मूल्यों की प्रेरणा देती है। महायज्ञ का संचालन यज्ञकर्ता आचार्य पंडित शिवजी महाराज के निर्देशन में विधि-विधानपूर्वक किया जा रहा है। वहीं, सीतामढ़ी जनकपुर धाम से आए कलाकारों ने विश्वामित्र यज्ञ, ताड़का वध, सुबाहु-मारीच प्रसंग तथा धनुष यज्ञ की मनोहारी रामलीला प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। रामलीला के जीवंत मंचन ने उपस्थित दर्शकों को त्रेता युग की स्मृतियों से जोड़ दिया।

कार्यक्रम के दौरान ब्रह्मास्थान हरैया के महंत कमलेश राय, जटाधारी राव एवं दीनदयाल श्रीवास्तव ने व्यासपीठ का विधिवत पूजन-अर्चन कर कथा और यज्ञ की सफलता की कामना की। महायज्ञ के प्रधान यजमान के रूप में महंत कमलेश राय, जटाधारी राव, सत्यप्रकाश अग्रवाल, परमहंस मद्धेशिया, विंदू देवी, श्रीमती पद्मावती शाही, डॉ. कमलेश शाही, पूर्व प्रधान छेदी चौहान, हृदयानंद चौहान, सत्यप्रकाश, मुन्ना शाही, जेडी राव, रवींद्र सिंह, संदीप सिंह, अनिल जायसवाल, रामेश्वर सिंह, राम किशुन चौरसिया, हीरालाल गुप्ता, राजेश जायसवाल, रिंकु राव, रिंकु यादव, पतिराज प्रसाद, रामाशीष सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

संक्षेप

## अपहरण के दोषी को 4 वर्ष की कैद

**सोनभद्र।** करीब डेढ़ वर्ष पूर्व 15 वर्षीय किशोरी के अपहरण के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी, सीएडब्लू सोनभद्र बिपिन कुमार तृतीय की अदालत ने शनिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी सरवन कुमार को 4 वर्ष की कैद व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक दुद्धी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 29 जनवरी 2024 को दुद्धी थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 23 जनवरी 2024 को रात्रि 2 बजे उसकी 15 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर सरवन कुमार पुत्र लालकेश्वर निवासी झारोकला, थाना दुद्धी, जिला सोनभद्र कहीं भगा ले गया है। इसके पहले भी सरवन उसकी बेटी को भगा कर ले गया था। लेकिन आपसी सुलह समझौता के बाद मामला शांत हो गया था। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया और पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने के बाद दोषी सरवन कुमार को 4 वर्ष की कैद व 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील सत्यप्रकाश त्रिपाठी ने बहस की।

## कुल्हाड़ी से हमला दो लोग घायल

जौनपुर। मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उक्त गांव निवासी रविंद्र मौर्य ने कोतवाली में तहरीर दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि शुक्रवार को वह और उनके पिता राधेश्याम मौर्य अपनी दीवार में गेट लगवा रहे थे। तभी गांव के अमरनाथ, पारसनाथ, प्रदीप और अजय मौर्य लाठी-डंडे और कुल्हाड़ी लेकर वहां आ गए। आरोपियों ने रविंद्र और उनके पिता पर हमला कर दिया। बीच-बचाव के दौरान उन्होंने कुल्हाड़ी से हमला कर राधेश्याम मौर्य को गंभीर रूप से घायल कर दिया। जाते-जाते हमलावरों ने जान से मारने की धमकी दी और पुलिस से शिकायत करने पर दोबारा हमला करने की बात कही। रविंद्र किसी तरह अपने पिता को अस्पताल ले गए और उनका इलाज करवा रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक विनीत रॉय ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## पूर्व प्रोफेसर डॉ अशोक त्रिवेदी का हुआ स्वागत सम्मान

लालगंज रायबरेली। आल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला, प्रदेश सचिव संजय सिंह, सरेनी अध्यक्ष अभय सिंह और जिला उपाध्यक्ष अनुज अग्निहोत्री ने पूर्व प्रोफेसर और 40 वर्ष से पत्रकारिता कर रहे डॉ अशोक त्रिवेदी का स्वागत सम्मान किया है। सुशील शुक्ला ने बताया कि डॉक्टर अशोक त्रिवेदी ने जहां शिक्षा के क्षेत्र में बहुत सराहनीय कार्य किया है, वही समाज सेवा और पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उनकी प्रसिद्धि जग जाहिर है।

## बाइक सवार घायल

लालगंज थाना क्षेत्र के लालगंज गैपुरा मार्ग पर रामपुर वासिद अली गांव के पास अज्ञात बाइक सवार ने दूसरे बाइक में पिछले से टक्कर मार दिया। जिसमें क्षेत्र के रानीबारी गांव निवासी 60 वर्ष श्यामनरायन गंभीर रूप से घायल होकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां पर इलाज चल रहा है। लालगंज थाना क्षेत्र के रानीबारी गांव के श्यामनरायन लालगंज से अपनी बाइक चला कर घर रानीबारी वापस लौट रहे थे। लालगंज गैपुरा रोड पर रामपुर वासिद अली गांव में स्थित पेट्रौल पंप के पास पहुंचे थे की पीछे से अज्ञात बाइक सवार ने श्यामनरायन के बाइक में टक्कर मार दिया। जिसमें श्यामनरायन बाइक सहित गिर गए और सिर में गंभीर चोट पहुंचा है। अज्ञात बाइक सवार मौके से भाग गया। स्थानीय लोगों ने श्यामनरायन के स्वजनों को सूचना दिया।

# पुलिस टीम पर हमला, सिपाही घायल

कौशांबी। कोखराज थानाक्षेत्र में शनिवार को वारंट लेकर वांछित आरोपियों को पकड़ने आई छत्तीसगढ़ पुलिस की पांच सिपाहियों की टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने पुलिस दल को चोर समझ कर पीटा और हमले में एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। पुलिस ने बताया कि यह घटना आज तड़के 3:00 बजे की है।

स्थानीय पुलिस के मुताबिक घटना जिले के कोखराज थाना क्षेत्र के इचौली गांव की है। स्थानीय पुलिस के अनुसार छत्तीसगढ़ के देवनगर थाने की पुलिस टीम इचौली गांव निवासी तीन वांछित आरोपियों आकाश, शिवम और महेंद्र की तलाश में दबिश देने गांव पहुंची थी। उसने बताया कि पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में थे जिससे ग्रामीण उन्हें पहचान नहीं पाए और चोर समझ बैठे।

स्थानीय पुलिस के अनुसार पुलिस टीम ने इचौली गांव निवासी आकाश को पकड़ लिया था, टीम जब आकाश को लेकर शिवम के घर पहुंची तो शिवम ने चोर-चोर कह कर शोर मचाना शुरू कर दिया और ग्रामीणों ने पुलिस वालों को चोर समझकर उन पर हमला कर दिया। स्थानीय पुलिस के अनुसार थोड़ी ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण वहां इकट्ठा हो गए और पुलिस कर्मियों के साथ धक्का मुक्की और मारपीट शुरू कर दी।

स्थानीय पुलिस के अनुसार हमले में एक पुलिसकर्मी जगदेव प्रसाद वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया, उसके सिर और हाथ में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार चार अन्य पुलिसकर्मियों ने किसी तरह मौके से भाग कर अपनी जान बचायी। स्थानीय पुलिस के अनुसार घटना की सूचना मिलने पर कोखराज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र तिवारी ने बताया कि घायल पुलिसकर्मी को उपचार हेतु जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है, मारपीट में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। इस मामले में तीन ग्रामीणों को पकड़ा गया है, जांच के बाद मामला दर्ज किया गया है।

## पुरानी रंजिश में धारदार हथियार से हमला, एक की मौत, दूसरा घायल

झांसी। जिले के सीपरी बाजार थाना क्षेत्र में ग्वालियर रोड स्थित शिवानी होटल में कथित तौर पर धारदार हथियारों से किए गए एक हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार को बताया कि होटल संचालक समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। नगर पुलिस अधीक्षक प्रीति सिंह ने बताया कि घटना थाना सीपरी बाजार क्षेत्र के शिवानी होटल की है, जहां शुक्रवार देर रात पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। हमले में होटल के पीछे रहने वाले गौरीशंकर कुशवाहा (45) और मुरारीलाल कुशवाहा (65) गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। पुलिस अधिकारी के अनुसार इलाज के दौरान शनिवार सुबह गौरीशंकर की मौत हो गई, वहीं मुरारीलाल का इलाज जारी है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। मृतक की पत्नी सुमन कुशवाहा की तहरीर पर शिवानी होटल के संचालक आनंद, शेर सिंह, उसके बेटे रिंकू, सौरभ कुमार और 2-3 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। सुमन कुशवाहा के मुताबिक, होटल संचालक से उनकी पुरानी रंजिश थी। शुक्रवार रात बिजली नहीं आने पर मुरारीलाल और उनका भतीजा गौरीशंकर होटल के पास इस संबंध में गड़बड़ी का पता लगाने गए थे, तभी दूसरे पक्ष के लोगों ने दोनों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## नारायन कॉलेज को मिली सरकारी मान्यता

इटावा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जागृति समिति के तहत नारायण कॉलेज ग्रुप इटावा में नारायण कॉलेज ऑफ पैरा वेटेनरी साइंस के नाम से कॉलेज की सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हुई है। इसका कॉलेज महेवा में स्थापित किया गया है और इसका फार्म हाउस लखना में स्थापित किया गया है जिसमें हर प्रकार के पशु, पक्षी, गाय, भैंस, बकरी, भेड़, मुर्गी, मुर्गा, कुत्ता, बिल्ली, घोड़ा आदि सभी को उचित मात्रा में रखकर उनकी प्रयोगशाला के रूप में उपयोग किया जाएगा। जिसमें कॉलेज के बच्चे प्रयोग कर सकेंगे। अभी तक सिर्फ मथुरा की यूनिवर्सिटी के तहत इस प्रकार के कोर्स चलाए जा रहे थे अब सरकार ने प्राइवेट सेक्टर में दिया है और इटावा के आसपास कई जिलों में यह अभी नहीं है संस्थान के डायरेक्टर हरि किशोर तिवारी ने बताया कि सरकार द्वारा तमाम सारी योजनाओं में जो पशुपालन से संबंधित है बहुत अधिक आवश्यकता है परंतु प्रदेश में एक ही कॉलेज होने के कारण बाहर के प्रदेशों से छात्र, छात्राओं को आना पड़ रहा है इसके अतिरिक्त इसका सबसे बड़ा लाभ छात्र छात्राओं को यह होगा कि इस डिप्लोमा करके नौकरी ढूंढने की आवश्यकता नहीं होगी।

# अरणिमंथन से निकली ज्वाला

### हवन कुंड में 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से दी गयी आहुति



सोनभद्र। रामगढ़ कसारी स्थित रामसरोवर पर मंदिर प्रांगण में शनिवार को दूसरे दिन नौ दिवसीय विराट रुद्र महायज्ञ में अरणिमंथन से निकली ज्वाला को हवनकुंड में प्रज्वलित करते हुए प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के संयोजक भिक्षुक भिखारी जंगली दास दीनबंधु रमाशंकर गिरी जी महाराज ने बताया कि मणिराम छावनी रामजन्मभूमि अयोध्या के महंत कमल नयन दास जी महाराज 13 जून को यज्ञ की पूणार्हुति के दिन गरीब कन्याओं की शादी में आशीर्वाद देने आएंगे। नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज के दूसरे दिन आचार्यगण गोपालधर द्विवेदी, राजेश कुमार पाठक, हरिओम द्विवेदी व अमरेश तिवारी द्वारा नौ दिवसीय विराट रूद्र महायज्ञ में पूजन कराया गया। प्रकृति रक्षा के लिए 251 जड़ी बूटियों से निर्मित हवन सामग्री से आहुति दी गई। इस दौरान समूचा यज्ञ स्थल जयकारे से गुंजायमान हो गया। प्रतिदिन चलने वाले विशाल भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

भिखारी बाबा ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का आग्रह किया है। अग्निमंथन कार्यक्रम में रमेश कुमार, देवेंद्र कुमार, शशि देवी, चिंता मौर्य, विमला देवी, शुभराम महाराज, राजेंद्र महाराज, मुन्ना बाबा, रामखेलावन, राजेश, परमानंद आदि शामिल रहे।

## चिकित्सक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप, केस दर्ज

जिला संवाददाता

**बिजनौर।** जिले में एक निजी अस्पताल संचालित करने वाले एक चिकित्सक पर शादी का झांसा देकर दलित महिला कर्मचारी से बलात्कार करने और उसे गर्भपात कराने के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया गया है। धामपुर थाना प्रभारी मृदुल कुमार ने कहा कि क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला की शिकायत के आधार पर 2 जून को एक मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने शिकायत के हवाले ये बताया कि आरोपी दूसरे समुदाय से है और पहले से ही शादीशुदा है। उन्होंने बताया कि शिकायत में लगाये गए आरोप के अनुसार उसने महिला के साथ शारीरिक संबंध तब बनाए जब वह अस्पताल में काम कर रही थी। उन्होंने बताया कि आरोप है कि अस्पताल संचालक चिकित्सक ने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये और जब पीड़िता गर्भवती हो गई, तो आरोपी ने उस पर कथित तौर पर गर्भपात कराने का दबाव डाला। एसएचओ ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। इस बीच, स्थानीय भाजपा विधायक ओम कुमार ने शनिवार को पीड़िता से मुलाकात की और आरोप लगाया कि यह सामूहिक बलात्कार का मामला है। पत्रकारों से बात करते हुए विधायक ने दावा किया कि महिला पर अपना धर्म बदलने और प्रतिबंधित मांस खाने का भी दबाव डाला गया। प्रारंभिक पुलिस कार्रवाई पर असंतोष व्यक्त करते हुए विधायक ने आरोप लगाया कि पुलिस ने न तो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम लागू किया है और न ही पीड़ित परिवार से प्रारंभिक आवेदन स्वीकार किया है।

उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक ने उन्हें मामले में सख्त और पूरी कार्वाई का आश्वासन दिया है।

## कच्चे मकान की दीवार गिरी, मलबे में दबकर मां-बेटी की मौत, बेटा घायल

अमेठी। जामो थाना क्षेत्र में एक कच्चे मकान की दीवार गिरने से मलबे में दबकर मां-बेटी की मौत हो गई और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक जामो थाना क्षेत्र के गांव पूरे परमेश्वरी घाटमपुर में शुक्रवार रात यह घटना हुई। घायल बालक को जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक, शनिवार तड़के लगभग तीन से चार बजे के बीच ग्राम पूरे परमेश्वरी घाटमपुर में मिट्टी के मकान की दीवार गिरने से उसके अंदर सो रही कमलेश कुमारी (35) पत्नी ओमप्रकाश और उसकी बेटी आशी (सात) तथा बेटा दीपांशु (आठ) मलबे में दबने से गंभीर से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो लाया गया, जहां चिकित्सकों ने कमलेश कुमारी व आशी को मृत घोषित कर दिया तथा गंभीर रूप से घायल दीपांशु को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जामो के थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। उच्च अधिकारियों को सूचित कर मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सड़क हादसे में महिला, बच्चे समेत तीन की मौत

मुजफ्फरनगर। जिले में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार एक महिला और एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना छपार थाना क्षेत्र के सिसोना गांव के पास हुई जहां एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रही मोटरसाइकिल को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉ. रविशंकर ने बताया कि मृतकों में एक महिला, एक बच्चा और एक पुरुष शामिल हैं। फिलहाल तीनों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग निकला। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस मृतकों की पहचान के प्रयास कर रही है और मामले की जांच जारी है।

## 25 हजार का इनामी अपराधी गिरफ्तार

बलिया। जिले की दोकटी पुलिस और विशेष अभियान दल (एसओजी) की संयुक्त टीम ने एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि दोकटी पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने शुक्रवार रात लगभग 11 बजे लक्ष्मण छपरा गांव के धीरज सिंह की घेराबंदी की। उसने खुद को घिरता देख पुलिसकर्मियों पर गोलियां चलाईं। वर्मा ने बताया कि पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी। आरोपी को उपचार के लिए सोनबरसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने सिंह के पास से देशी तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के मुताबिक सिंह के खिलाफ जान से मारने की नीयत से हमला करने के दो मामलों के साथ ही विभिन्न आरोपों में जिले के कई थानों में कुल आठ मुकदमे दर्ज हैं। लक्ष्मण छपरा गांव के सुजीत कुमार सिंह की तहरीर पर गत 22 मार्च को धीरज सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। आरोप है कि सिंह ने जान से मारने की नीयत से सुजीत पर धारदार हथियार से हमला किया था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस कार्रवाई कर रही है।

## हफ्ते में दो बार आयी आंधी ने विभाग की तोड़ दी कमर

### कर्मचारी आपूर्ति बहाली को लेकर कर रहे संघर्ष

गगहा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र में स्थित विद्युत सब स्टेशन करवल मझगांवा अपनी बदहाली पर पहले से ही आंसू बहा रहा था की आंधी और पानी ने उसे रोने के लिए विवश कर दिया। शुक्रवार की शाम आयी आंधी ने जगह जगह विद्युत पोल तार ट्रांसफार्मर पेड़ों को धराशाई कर दिया। अभी लाइनमैन विद्युत आपूर्ति बहाल करने के लिए हल्के में जाने के लिए तैयार हो ही रहे थे की साहब का फरमान आ गया 33 हजार की लाइट में खराबी आ गई है सभी लाइनमैन तत्काल 33 हजार की लाइट होल्ड कराने का प्रयास करें। सभी लाइनमैन अपने फीडर की लाइट को छोड़कर 33 हजार की आपूर्ति बहाल करने के लिए निकल पड़े और मेहनत कर उसे चालू कराया लेकिन सब स्टेशन से जुड़े चारों फीडरो में आपूर्ति दुसरे दिन भी बहाल नहीं हो सकी। दो से ढाई सौ गांवों में महज मझगांवा व अतायर गांव की आपूर्ति बहाल हो सकी थी।

विद्युत सब स्टेशन करवल मझगांवा में उपभोक्ताओं की आपूर्ति के लिए चार फीडर बनाए गए हैं जिसमें हाटा फीडर का मेंटेनेंस एक वर्ष पूर्व कर दिया गया लेकिन गगहा, हाटा व उज्जरपार फीडरो का मेंटेनेंस नहीं किया गया था। जिसका असर आंधी में देखने को मिला। इस आंधी में हाटा फीडर में पोल व तार कम गिरे लेकिन वहीं गगहा, उज्जरपार व मझगांवा में ज्यादा पोल व तार गिरे।

आंधी के बाद संविदा कर्मचारी आपूर्ति बहाली का प्रयास किए लेकिन सीमित संसाधनों व सामानों की अनुपलब्धता आपूर्ति बहाल करने में बाधक बनती रही। लाख प्रयास के बावजूद हाटा, मझगांवा व उज्जरपार आंशिक रूप से ही चालू हो सका गगहा फीडर व अन्य प्रभावित गांवों में 24 घंटे बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी।

नाम न छापने की शर्त पर कुछ कर्मचारियों ने बताया की विभाग मांग के सापेक्ष सामान कम उपलब्ध कराता है जिससे काम करने में बाधाएं आती है। कर्मचारियों ने कहा की जब तक गगहा, उज्जरपार व मझगांवा हाई टेंशन तारों व पोलों का मेंटेनेंस नहीं हो जाता और लम्बी दूरी के कारण लटक रहे तारों के बीच में पोल लगाए जाने तक आपूर्ति पूर्ण रूप से बहाल करना एक चुनौती है।

इस सम्बन्ध में अवर अभियंता रामानंद शास्त्री ने कहा कि आंधी के कारण काफी पोल व तार के साथ पेड गिर गये हैं जिसे ठीक करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है बहुत जल्द आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

## राप्ती नदी में रील बनाते समय दो युवकों की डूबने से मौत

गोरखपुर। जिले के पीपीगंज थाना क्षेत्र स्थित ग्राम करतहरी के पास राप्ती नदी में शनिवार को रील बनाते हुए नहाने गए सात युवकों में से दो युवक नदी में डूब गए।

पुलिस ने बताया कि ग्राम करतहरी के पास राप्ती नदी में रील बनाने के लिए सात युवक नदी में नहाते हुए मोबाइल से रील बना रहे थे। इसी दौरान दो युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। साथियों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। घटना के बाद पीपीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू कराया। कुछ ही देर में पहले युवक शिवम कुमार का शव बरामद किया गया और दूसरे युवक गोलू कुमार तलाश के लिए पीएसी की 26वीं वाहिनी के गोताखोरों को बुलाया गया। कई घंटों तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद उसका भी शव बरामद कर लिया गया।

## गैंगस्टर एक्ट के तहत दो शातिर गिरफ्तार

बहराइच। जिले में रुपईडीहा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना रुपईडीहा क्षेत्र के बाबागंज स्थित पथरकट मोहल्ला निवासी कैलाश पथरकट तथा राजू कुछबंधिया के विरुद्ध संगठित गिरोह बनाकर चोरी जैसी आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने के आरोप में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में दोनों आरोपी वांछित चल रहे थे।

इस मामले में मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में गठित टीम ने शनिवार को दुविधापुर-सोरहिया खड़ंजा मार्ग के समीप दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय भेज दिया गया।

## स्कूटर सवार दंपति की सड़क दुर्घटना में मौत

कानपुर। कानपुर के जाजमऊइलाके में शनिवार सुबह मंदिर जा रहे सेवानिवृत्त नगर निगम कर्मचारी और उनकी पत्नी की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतकों की पहचान लक्ष्मीकांत शर्मा (62) और उनकी पत्नी आशा शर्मा उर्फ कृष्णा (60) के रूप में हुई है। लक्ष्मीकांत कानपुर नगर निगम से सफाई पर्यवेक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वे सीताराम नगर के रहने वाले थे। पुलिस के अनुसार, वे सुबह करीब 10 बजे घर से सिद्धनाथ मंदिर के लिए निकले थे। जाजमऊमें सोलंकी धर्मकांटा के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही दोनों सड़क पर गिर गए और ट्रक उन्हें कुचलते हुए आगे बढ़ गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक का पीछा कर उसे थोड़ी दूर पर रोक लिया। गुस्साई भीड़ ने चालक की पिटाई की और फिर पुलिस के हवाले कर दिया।

पूर्वी क्षेत्र के पुलिस उपायुक्त सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ट्रक चालक को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी गई है और विधिक कार्रवाई जारी है।

## बगीचे में लटकता मिला युवक का शव

आजमगढ़। थाना क्षेत्र के मेउरिया गांव में शनिवार सुबह एक युवक का शव घर के पास स्थित बगीचे में फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेउरिया गांव निवासी संदीप मौर्य ने पुलिस को सूचना दी कि उनके भाई संजय मौर्य (28) पुत्र लालू मौर्य शनिवार सुबह करीब पांच बजे घर के बगल स्थित बगीचे में फंदे से लटके मिले। परिजनों ने जब उन्हें देखा तो उनकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पीआरबी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि घटना के वास्तविक कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों के अनुसार मृतक की पत्नी और बच्चे पिछले लगभग दो वर्षों से उसके साथ नहीं रह रहे थे, जिसके चलते वह मानसिक तनाव में रहता था। हालांकि पुलिस इस संबंध में भी सभी पहलुओं की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दूल्हा हत्या में 38 दिन बाद भी मुख्य आरोपी फरार

जौनपुर। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बडऊर गांव में बीते एक मई को दूल्हे आजाद बिंद की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के 38 दिन बाद भी मुख्य आरोपी गिरफ्तार नहीं हो सके हैं। मृतक आजाद बिंद की बहन सौम्या बिंद ने बताया कि उनका परिवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने लखनऊ पहुंचा था। मुख्यमंत्री ने उनसे मुलाकात की और अभिभावक के तौर पर मीडिया में अधिक बयानबाजी न करने की सलाह दी। सौम्या बिंद के अनुसार, मुख्यमंत्री ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भी कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। परिवार की मांग है कि जून महीने के अंत तक आरोपियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाए, केवल आश्वासन नहीं। सौम्या बिंद ने रवि यादव को निर्दोष बताने वालों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि रवि यादव उनके भाई का अपराधी था। सौम्या ने मांग की कि फरार चल रहे आरोपी भोले राजभर और प्रदीप बिंद को तुरंत गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि यदि आरोपी बाहर रहते हैं, तो वे उन्हें और उनके परिवार को नुकसान पहुंचा सकते हैं। सौम्या बिंद ने जोर देकर कहा कि अब उन्हें केवल आश्वासन नहीं, परिणाम चाहिए।

## ईदे गदीर पर महफिल का आयोजन

जौनपुर। नगर के बलुआघाट स्थित हाजी मोहम्मद अली खाँ मरहूम के इमामबारगाह में ईदे गदीर का आमाल मौलाना अली अब्बास हाइरी साहब ने करवाया उसके बाद महफिल का आयोजन हुआ जिसमें नगर के बेहतरीन शायरों ने अपना अपना कलाम पेश किया। तत्पश्चात उन सभी शायरों को पुरुस्कार दे कर सम्मानित किया गया। ईदे गदीर के पाक दिन शहर में रौशनीयों, खुशियों और मोहब्बत के पैगाम से भर दिया और घर घर मिठाईयों और सेवइयों से दास्तरख्वान सजते नजर आये रिश्तेदारों और पड़ोसियों के बीच मुबारकबाद का आदान प्रादान हुआ। संपादक शब्बीर हैदर अम्मार ने व्यवस्था को अंजाम दिया। शहर के मशहूर शायरों ने अपने-अपने गैर तरही कलाम को अपने-अपने खूबसूरत अंदाज में पेश किया। मिर्जा जमील, राजेश, रूबी शानू, जावेद, नौशी, नफीस, कैफी, रूमी, नजफ, प्रिंस, सोनू, सूरज, मुन्ना, अब्बास, खुर्रम, जिम्मी, राजन, जीशान, शानू, नाइमूस सकलैन, अमान, समीर पत्रकार इम्तेयाज अहमद, रियाजुल आदि लोग उपस्थित रहे।

## पंचायत के दौरान दो पक्ष भिड़े जमकर हुई मारपीट चार घायल

लालगंज (मीरजापुर): क्षेत्र के नरैना कला गांव में बीती शुक्रवार की रात पंचायत के दौरान दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसमें दोनो ?पक्षो से चार लोग गंभीर रूप से घायल होकर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद चारों घायलों को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया गया।

लालगंज थाना क्षेत्र के नरैना कला गांव निवासी युवक ने हलिया थाना क्षेत्र के पंवारी कला गांव की किसी युवती से वीडियो काल करके बात कर रहे थे। इसकी भनक युवती के स्वजनों को लगी तो नरैना कला निवासी युवक को ऐसा न करने की हिदायत दिया। इस पर बात नहीं बनी तो पवांरी कला निवासी 45 वर्षीय उमाकांत अपने भाई 30 वर्षीय रमाकांत के साथ शुक्रवार को देर शाम नरैनाकला गांव पहुंचे और वीडियो काल करने वाले युवक को समझाने लगे। युवक के घर वाले भी पहुंचे और दोनों पक्षों में पंचायत शुरू हुई। पंचायत के दौरान दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। जिसमें पहले तो पवारी कला के दोनों भाईयो ने मारपीट कर नरैना कला के 30 वर्षीय रामलाल व 18 वर्षीय वृजभान को मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसी दौरान नरैना कला गांव के कई युवक मौके पर पहुंचे और उमाकांत व रमाकांत दोनों भाइयों की कुटाई कर दिया। दोनों के सिर में गंभीर चोट पहुंचा है। मारपीट की जानकारी के बाद हंड्रेड डायल पुलिस ने दोनों पक्ष को सामुदायिक स्वास्थ्य लालगंज पहुंचाया। उपचार के बाद डॉ योगेश दुबे ने देर रात चारों घायलों को मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया।

## मड़िहान तहसील में समाधान दिवस का आयोजन

मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी मड़िहान अनेग सिंह ने की। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की। इस अवसर पर राजस्व विभाग की पूरी टीम, स्थानीय पुलिस प्रशासन तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। समाधान दिवस में भूमि विवाद, राजस्व संबंधी प्रकरण, सार्वजनिक समस्याओं सहित विभिन्न मामलों की शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। प्रशासन द्वारा लोगों को आश्वस्त किया गया कि उनकी समस्याओं का निष्पक्ष एवं प्रभावी समाधान कराया जाएगा।

## लबे रोड विद्युत ट्रांसफार्मर से तांबें का तार चोरों ने किया पार, नजारा देख अधिकारी हुए हैरान

मीरजापुर। नगर में चोरों और नशेड़ियों की टीम से अब आम नागरिक ही नहीं बिजली विभाग भी त्रस्त हो गया है। अभी तक यह लोगों के घरों प्रतिष्ठानों और वाहन इत्यादि को निशाना बनाया करते थे, अब इनके निशाने पर विद्युत ट्रांसफार्मर आ गए हैं। जिनसे यह पीतल का तार चुरा ले जा रहे हैं जिससे विभाग को तगड़ा झटका लगने के साथ ही विद्युत आपूर्ति पर भी बुरा असर पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि कटरा कोतवाली क्षेत्र के बरौधा में पथरहियां फीडर अन्तर्गत बरौधा तिराहे पर लगे ट्रांसफार्मर से चोर व नशेड़ी पीतल का तार चुरा ले गए। ट्रांसफार्मर दुरुस्त करने पहुंचे अधिकारी और कर्मचारी अंदर का नजारा देख दंग रह गए। ट्रांसफार्मर जल जाने के पश्चात उसे बदलें जाने की कवायद की जा रही कि जैसे ही उसे खोला गया अंदर पीतल के कीमती तार नदारद देख कर्मचारी दंग रह गये। मौके कर पहुंचे विद्युत विभाग के अधिकारियों ने इस पर इस पर आश्चर्य जताते हुए बताया है कि यह किसी साधारण व्यक्ति के बस कि बात नहीं है जाहिर सी बात है कि कोई सधा हुआ व्यक्ति या गिरोह इसमें सक्रिय होगा।

## ग्रामीणों को घर-घर मिलेगी नि:शुल्क कानूनी सहायता

जसवंतनगर, इटावा। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव, न्यायाधीश आरती द्विवेदी ने तहसील क्षेत्र की पांच ग्राम पंचायतों में लीगल एड क्लीनिक स्थापित किए गए हैं। इन क्लीनिकों का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं तथा निशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी उपलब्ध कराना है। ग्राम पंचायत धरबार में ऋषभ पाठक, जगसोरा में लालमन, अजनोरा में कुमारी नीरज, जसोहन में रामसुंदर दुबे तथा धनुआ में राजेंद्र सिंह को अधिकार मित्र के रूप में नियुक्त किया गया है। ये अधिकार मित्र ग्रामीणों को कानूनी सहायता, विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी तथा न्याय संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य है कि प्रत्येक व्यक्ति तक समय पर न्याय पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं एवं कानूनी सहायता से वंचित न रहे।

संक्षेप

## देवी प्रतिमा खंडित करने पर धरने पर बैठे श्रद्धालु

**बांदा।** बयालीस खेर की महारानी को खंडित किए जाने का अराजकतत्वों ने कुत्सित प्रयास किया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे नरैनी कस्बे के लोगो ने मौके पर धरना में बैठकर स्थानीय प्रशासन से आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही के मांग की है।नरैनी कस्बे में एक बार फिर से मंदिर को निशाना बनाया गया। कस्बे के खरौंच मार्ग स्थित बयालीस गांव की पूजी जाने वाली देवी माता महारानी कारू की अष्टभुजा मूर्ति को अराजक तत्वों ने खंडित कर दिया। घटना सुबह सार्वजनिक होते ही लोगों का जमावड़ा लग गया। प्रतिमा के दोनों आंखें, हाथ और माथा टूटा मिला। मूर्ति खंडित होने की खबर कस्बे में आग की तरह फैली। क्षेत्रीय विधायक ओम मणि वर्मा सहित मंदिर परिसर में लोगो की भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण कुमार और कोतवाली निरीक्षक भास्कर मिश्रा फोर्स के साथ पहुंच गए। फोरेंसिक टीम के जरिए जांच पड़ताल कर साक्ष्य संकलन किए। आक्रोशित कस्बाई मंदिर परिसर में बैठकर आरोपी के पकड़ने की मांग करने लगे। काफी देर तक चले हंगामे में स्थानीयमामले पर कड़ी कार्यवाही का भरोसा देकर लोगो का गुस्सा शांत कराया।

# कमिश्नर और डीएम ने सुनीं जनता की समस्याएं

**ललितपुर।** शनिवार को जिले की सभी तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस जनसुनवाई और शिकायत निस्तारण के नाम रहा। मण्डलायुक्त झांसी मण्डल बिमल कुमार दुबे ने सदर तहसील पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं, जबकि जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने तहसील पाली में जनशिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। शासन के निदेर्शानुसार आयोजित

● अवैध कब्जों के मामलों में एक सप्ताह में रिपोर्ट तलब

सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विद्युत, पूर्ति, विकास एवं अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। सदर तहसील में मण्डलायुक्त ने विशेष रूप से राजस्व एवं अवैध कब्जों से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए टीम गठित की तथा एक सप्ताह के भीतर भौतिक सत्यापन कर निस्तारण रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जनसुनवाई के दौरान रोजगार की तलाश में पहुंचीं 100 से अधिक महिलाओं ने अपनी समस्या मण्डलायुक्त के समक्ष रखी। इस पर उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को महिलाओं का समूह बनाकर उनकी रुचि एवं कौशल के अनुसार स्वरोजगार योजनाओं से जोड ? के निर्देश दिए। वहीं एक वृद्ध व्यक्ति द्वारा बच्चों के घर से निकाल देने की शिकायत पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराने तथा एक वृद्ध महिला की बैंक खाते से धनराशि न निकल पाने की समस्या पर त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। एक घायल बुजुर्ग महिला द्वारा दबंगों के खिलाफ शिकायत करने पर मण्डलायुक्त ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल एम्बुलेंस उपलब्ध कराकर चिकित्सीय सहायता दिलाने के निर्देश दिए। वहीं ग्राम मऊमाफी निवासी रुबी ने पति की मृत्यु के बाद आर्थिक सहायता की मांग की, जिस पर संबंधित अधिकारियों को निराश्रित महिला पेंशन, बाल सेवा योजना, राशन कार्ड एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। उधर तहसील पाली में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनशिकायतों की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रदेश में सबसे पहले जनगणना कार्य पूर्ण करने पर तहसील पाली के जनगणना कार्मिकों को माला पहनाकर एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसपी मो. मुश्ताक, सीडीओ शेषनाथ चोहान, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, एसडीएम सदर मनीष कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम एसपी ने सुनी जनसमस्याएं

फतेहपुर। जनपद के तहसील सदर में आज आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स तथा पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को सुना और शिकायत पत्रों के त्वरित व गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए। कार्यक्रम में नागरिकों की बड़ी संख्या ने भाग लिया और विभिन्न प्रकार की समस्याएँ व्यक्तिगत रूप से अधिकारीगण के समक्ष रखीं गईं।कार्यक्रम का आरम्भ एवं उद्देश्यकार्यक्रम का आरम्भ जिलाधिकारी ने किया। उन्होंने कहा कि यह पहल जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच दूरी घटाने तथा नागरिकों को शीघ्र न्याय व समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने बताया कि ॒संपूर्ण समाधान दिवस॒ के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निवारण सुनिश्चित कर प्रशासन सेवाओं की पारदर्शिता व जवाबदेही बढ़ाना चाहता है।शिकायतों की प्रकृति और प्राथमिकताप्राप्त शिकायतों में भूमि-पत्रों से जुड़ी बिजली-पानी की शिकायतें, सड़क व साफ-सफाई से संबंधित मांगें, तथा पुलिस से संबंधित शिकायतें प्रमुख रहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राथमिकता जीवन रक्षा व बेसिक सेवाओं से जुड़ी शिकायतों को दी जाएगी और अन्य मामलों में भी समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।अधिकारियों को दिए गए निर्देशजिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त प्रार्थना पत्रों का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। निदेर्शों में शामिल मुख्य बिंदु निम्न रहे प्रत्येक प्राप्त शिकायत प्रार्थना पत्र का रिकार्ड शीघ्र तैयार कर अगली 7 कार्यदिवसों में निस्तारण की कार्ययोजना प्रस्तुत की जाए।जिन मामलों में तात्कालिक निस्तारण संभव न हो, उन मामलों की प्रगति रिपोर्ट हर 15 दिन में जिलाधिकारी कार्यालय को भेजी जाएगी।जनहित के संवेदनशील मामलों का प्राथमिक निवारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में विशेष टीमें गठित की जाएँ।

## कमिश्नर व डीआईजी ने समाधान दिवस में सुनीं जनसमस्याएं




**महोबा।** तहसील कुलपहाड़ में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मंडलायुक्त चित्रकूट धाम अजीत कुमार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूट धाम मण्डल राजेश एस, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सूर्यकान्त त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने लोगों की समस्याओं को सुना। इस मौके पर तहसील कुलपहाड़ से कुल 89 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।इसी प्रकार तहसील महोबा में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कुंवर पंकज, पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडे द्वारा प्राप्त कुल 45 शिकायतों में से 6 का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी प्रकार तहसील चरखारी में 77 में से 2 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर कुलपहाड़ तहसील परिसर में कमिश्नर वा डीआईजी द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

## संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी फरियाद

**बांदा।** जिलेभर में लोगों की विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। बबेरू तहसील परिसर में समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने जमीन पर लेट कर प्रदर्शन किया। अधिकारियों को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। शीघ्र समस्या का समाधान किए जाने की मांग की।बबेरू तहसील में जनपद स्तरीय तहसील समाधान दिवस का आयोजन हुआ। तहसील सभागार में आयोजित तहसील समाधान दिवस सीडीओ अजय कुमार पाण्डेय व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रेखा शिहा की अध्यक्षता में हुआ। 297 मामले आए मौके पर 19 मामले का निस्तारण किया गया। ग्रामीण पीसी पटेल की अगुवाई ग्रामीण तहसील परिसर पहुंचकर लेट कर प्रदर्शन किया। उपजिलाधिकारी को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। बताया कि कई माह से मिलाथू, पल्हरी, बड़ागांव में बाईपास का काम शीघ्र शुरू कराया जाए। जल जीवन मिशन के तहत गांव की खराब सड़कों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए।

बिसंडा बबेरू फतेहपुर मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं उसको तत्काल मरम्मत किया जाए।

गेहूं खरीद केंद्रों में खुलेआम आम जनता से धांधली की जा रही है तत्काल बंद कराया। आंधी से क्षेत्र में टूटे बिजली की खंभे को तत्काल दुरुस्त कराया जाए।

## जैन मंदिर चोरी कांड का खुलासा, दो गिरफ्तार

ललितपुर। थाना बार पुलिस ने जैन मंदिर में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की धनराशि में से 4,080 रुपये बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा एएसपी कालू सिंह एवं सीओ तालबेहट आशीष मिश्र के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता प्राप्त हुई। थाना बार में दर्ज मुकदमा संख्या 69/2026 के अंतर्गत वांछित अभियुक्त थाना बार के ग्राम देवरान निवासी शिवाजी राजा पुत्र कृष्णपाल सिंह व गौरीशंकर पुत्र रामचरण को हिरासत में लिया गया।

देवरान स्थित जैन मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा मूर्तियां तथा दानपात्र में रखी नकदी चोरी कर ली गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तीन विशेष टीमें गठित की थीं। सीसीटीवी फुटेज, स्थानीय सूचनाओं तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वह शराब और जुए के आदी हैं तथा पैसों की जरूरत पूरी करने के लिए उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर मंदिर में चोरी की योजना बनाई थी। आरोपियों के अनुसार मंदिर में रखी दानराशि की जानकारी उन्हें पहले से थी। घटना के दिन एक आरोपी को निगरानी के लिए बाहर खड़ा किया गया, जबकि अन्य ने मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरी से प्राप्त धनराशि को आपस में बांट लिया गया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4,080 रुपये बरामद किए हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रमेशचंद्र मिश्रा एवं थाना बार पुलिस की टीम शामिल रही।

### 50 लीटर शराब बरामद

ललितपुर। जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में आबकारी टीम ललितपुर द्वारा शहर के अंदर एवं बाहर विभिन्न स्थानों जिनमें सिद्दन मैदान , इलाइट चैराहा, एनएच 44, ग्रेविटी, बार एम्ब्रोसिया कॉलोनी, रघुनाथपुरा नहर, मसौरा, बैरियर, गोविन्दसागर बांध ,स्टेशन एरिया पर दबिश की कार्रवाई करते हुए कुल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया एवं 50 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। इसी प्रकार आगे भी अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के खिलाफ यह अभियान जारी रहेगा। यह कार्यवाही आबकारी निरीक्षक क्षेत्र प्रथम अन्विता तिवारी के नेतृत्व में की गई।

# मण्डलायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं का किया निरीक्षण, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश



**ललितपुर।** झांसी मंडल के मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे ने शनिवार को एक दिवसीय दौरे के दौरान विभिन्न सरकारी परियोजनाओं एवं संस्थानों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समय सीमा में परियोजनाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण की शुरूआत दैलवारा स्थित नवनिर्मित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय भवन से हुई। मण्डलायुक्त ने छात्रावास के कक्षों, छात्राओं के रहने के कमरों, रसोईघर, शौचालय एवं अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खिड़कियों, दरवाजों, नलों तथा सीढ ि़यों से संबंधित कुछ कमियां सामने आईं, जिन्हें तत्काल दूर कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को आगामी 25 जून तक भवन संबंधित विभाग को हैंडओवर करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने दैलवारा स्थित गेहूं क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया और किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों ने बोरों की कमी के कारण उठान में आ रही दिक्कतों से अवगत कराया। इस पर मण्डलायुक्त ने केन्द्र प्रभारी को तत्काल पर्याप्त बोरों की व्यवस्था कराने तथा किसानों के लिए पेयजल एवं छायादार स्थान जैसी मूलभूत

● कस्तूरबा विद्यालय 25 जून तक हैंडओवर करने और 15 दिन में घर-घर जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मण्डलायुक्त ने राजकीय बाल गृह (बालक), दैलवारा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही शिक्षा, चिकित्सा, खानपान, खेलकूद एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, योग एवं व्यायाम की व्यवस्था तथा सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों को सुचारु रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बाल गृह की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। आयुष चिकित्सालय के निरीक्षण में उन्होंने चिकित्सकों की उपस्थिति, ओपीडी रजिस्टर एवं दवा स्टॉक का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि चिकित्सक नियमित रूप से उपस्थित रहकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं। दौरे के अंतिम चरण में मण्डलायुक्त ने इलाइट चैराहा स्थित अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत निर्मित जलाशय का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के माध्यम से लगभग दो हजार घरों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। मण्डलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 15 दिनों के भीतर सभी लक्षित घरों में जलापूर्ति शुरू कराई जाए, जिससे नागरिकों को स्वच्छ पेयजल का लाभ मिल सके।

## विधायक ने किया 517.97 लाख की लागत से दो मार्गों का भूमि पूजन



**बांदा।** सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने 517.97 लाख की लागत से प्रस्तावित दो प्रमुख संपर्क मार्गों का भूमि पूजन किया। विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब और किसान के समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क नेटवर्क से जोड़ना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सहेवा नहर पटरी से जोगनी माता मंदिर तक चार किमी. संपर्क मार्ग बनेगा। सड़क निर्माण के साथ-साथ किसानों की सिंचाई सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष पाइप गूल का निर्माण भी कराया जाएगा। ग्राम अरबई संपर्क मार्ग के अवशेष भाग का नवनिर्माण होगा। दूसरी परियोजना के तहत बड़ोखरखुर्द स्थित ग्राम अरबई संपर्क मार्ग के अवशेष 2.400 किलोमीटर भाग का नवनिर्माण कराया जाएगा। इसकी लागत 207.30 लाख है। विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ ने बताया कि भूमि पूजन कार्यक्रम में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण एवं किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शैलेन्द्र सिंह शैलू, दादू मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा पुष्कर द्विवेदी, मंडल महामंत्री बिसंडा रामललन द्विवेदी, गोलू शुक्ला, रितेश त्रिपाठी, प्रधान सहेवा अशोक कुशवाहा, पूर्व प्रधान घुरौंडा महेंद्र त्रिपाठी, मुन्ना शुक्ला, अंकित शुक्ला, राजाबाबू तिवारी, मंडल महामंत्री अमरमणि तिवारी, सुधीर मिश्रा, रामकिशोर शुक्ला, मानवेंद्र सिंह, भोला सिंह खंगार आदि उपस्थित रहे।

## पशु विज्ञान महाविद्यालय में हुआ पौधरोपण



**बांदा।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में वैश्विक थीम के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. शैलेंद्र चैरसिया सह अधिष्ठाता ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन वैश्विक स्तर पर एक गंभीर चुनौती बन चुका है। इससे प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पौधारोपण ही सहारा है। पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली को अपनाना अत्यन्त आवश्यक है। पौधारोपण अभियान के दौरान महाविद्यालय परिसर में करंज, अमरूद, अर्जुन, अमलतास, जामुन, पाकड़, गूलर एवं गुलमोहर सहित विभिन्न पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण वृक्ष प्रजातियों का रोपण किया गया। सभी प्रतिभागियों ने पौधों की सुरक्षा, नियमित देखभाल का संकल्प लिया। कार्यक्रम सचिव डॉ. जितेंद्र के आर रहे। महाविद्यालय के संकाय सदस्य डा. दिग्विजय सिंह, डा. आलोक सिंह, डा.अवंतिका श्रीवास्तव, डा. शिवकुमार त्यागी, डा.रामबचन सहित कर्मचारी लेखराम, प्रभुदयाल एवं सुरेश व छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर पुलिस अलर्ट

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस आरक्षी एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 को सकुशल, सुरक्षित एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए ललितपुर पुलिस ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित ब्रीफिंग के दौरान परीक्षा ड्यूटी में लगाए गए सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस

● एसपी ने अधिकारियों-कर्मचारियों को किया ब्रीफ

अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता तथा केंद्र प्रभारियों के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती बोर्ड एवं उच्चाधिकारियों द्वारा जारी सभी दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि परीक्षा पूरी तरह त्रुटिहीन और पारदर्शी तरीके से संपन्न हो सके। परीक्षा के लिए जनपद में जोनल, सेक्टर, स्टैटिक, केंद्र पर्यवेक्षक तथा सचल दल के रूप में पांच स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए पुलिस लाइन में एक केंद्रीय एकीकृत कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है, जहां से सभी केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव मॉनिटरिंग की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस टीमों और क्यूआरटी को लगातार भ्रमणशील रहने तथा साइबर कैफे, फोटोकॉपी केंद्रों एवं अन्य संवेदनशील स्थानों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए पर्याप्त ट्रैफिक पुलिस बल तैनात किया जाएगा, जिससे परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं प्रमुख स्थानों पर पुलिस सहायता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं।

## डीएम ने एसपी के साथ आरक्षी भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण



**महोबा।** आरक्षी भर्ती परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा आगामी दिनांक 8, 9 एवं 10 जून 2026 को आयोजित होने वाली परीक्षा के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का संयुक्त रूप से भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। इस दौरान परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के सुगम एवं व्यवस्थित प्रवेश हेतु बनाए गए गेट प्लान, बैरिकेडिंग व्यवस्था, अभ्यर्थियों की चरणबद्ध एंट्री एवं भीड़ नियंत्रण के उपायों का बारीकी से परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, कंट्रोल रूम से निगरानी व्यवस्था तथा संवेदनशील बिंदुओं पर अतिरिक्त सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही अभ्यर्थियों की सघन चेकिंग व्यवस्था, जैसे मेटल डिटेक्टर, हैंड हेल्ड स्कैनिंग एवं संदिग्ध वस्तुओं पर रोक को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, छाया व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। ड्यूटी में तैनात पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट्स को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि किसी भी प्रकार की अनियमितता, अव्यवस्था अथवा संदिग्ध गतिविधि पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से कठोर एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## आम तोड़ने के विवाद में रची गयी थी हत्या की साजिश, चार आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** थाना जाखलौन पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, पुरानी जमीनी रंजिश और आम के पेड़ से फल तोड ? के विवाद के चलते आरोपियों ने धनीराम की हत्या की साजिश रचकर उन्हें बांध में डुबो दिया था, ताकि घटना दुर्घटना प्रतीत हो। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा एएसपी कालू सिंह एवं

● जाखलौन पुलिस ने हत्या के मामले का किया खुलासा, बांध में डुबोकर की थी हत्या

सीओ सदर सुनील कुमार भारद्वाज के पर्यवेक्षण में चलाए जा रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत थाना जाखलौन पुलिस ने मुकदमा संख्या 137/2026 धारा 103(1), 61(2), 3(5) बीएनएस में वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में कलामुद्दीन (41 वर्ष), गफूर (46 वर्ष), वाहिद (40 वर्ष) तथा कन्छेदी (70 वर्ष), निवासी ग्राम नयागांव थाना जाखलौन शामिल हैं। सभी आरोपियों को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, मृतक धनीराम के पुत्र ने थाना जाखलौन में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके पिता की हत्या कर शव को बांध में फेंक दिया गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में छह पुलिस टीमों का गठन किया। टीमों ने धरातलीय सूचना एवं तकनीकी तथा मैनुअल सर्विलांस की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उनका मृतक धनीराम के परिवार से लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। विवादित भूमि पर लगे आम के पेड़ में इस वर्ष अधिक फल आने के कारण दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश के चलते उन्होंने धनीराम की हत्या की योजना बनाई। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्हें पता था कि धनीराम को कम दिखाई और कम सुनाई देता था। इसी का फायदा उठाकर उन्होंने उन्हें बांध में डुबोकर मार डाला और घटना को दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया, ताकि किसी को उन पर संदेह न हो। आरोपियों की गिरफ्तारी थाना जाखलौन के थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है।

## मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर वृद्धाश्रम व मंदिर में फल वितरण



**बांदा।** विश्व हिन्दू महासंघ के तत्वावधान में गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 55वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जन्मोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धाश्रम व श्रीसंकटमोचन में फल वितरण किया गया। हिंदू स्वाभिमान के विभिन्न आयोजन हुए। कार्यक्रम आयोजक नरेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष नीलेश सहित महासंघ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। सभी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं राष्ट्रहित में उनके निरंतर यशस्वी नेतृत्व की कामना की। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश शुक्ला, बुंदेलखंड प्रभारी संतोष श्रीवास्तव, जिला प्रभारी धीर सिंह, नगर अध्यक्ष महाप्रसाद गुप्ता, नंदकिशोर यादव, पुरुषोत्तम यादव, हुनर सिंह, पवन अवस्थी, अस्तित्व सिंह, विकाश यादव, शिवम धुरिया, दिनेश सिंह, राकेश सिंह उपस्थित रहे।

## 65 किलो गांजा के साथ तीन गिरफ्तार



**बांदा।** चिल्ला थाना प्रभारी अर्पित पांडेय ने मुखबिर की सूचना मिलते ही

अंतरजनपदीय तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 65 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद किया गया।थाना चिल्ला और एएनटीएफ झांसी, कानपुर की संयुक्त पुलिस टीम ने अंतरजनपदीय अवैध गांजा तस्करों अंकित उर्फ कल्लू पुत्र बृजराज निवासी अतरहट थाना चिल्ला, सौरभ उर्फ बिल्लू पुत्र विजयराज निवासी अतरहट थाना चिल्ला, संजय उर्फ बउवा पुत्र जगदीश निवासी खप्टिहाकला थाना पैलानी को ग्राम अतरहट के पास से गिरफ्तार किया। शुक्रवार रात्रि थाना चिल्ला और एएनटीएफ झांसी की संयुक्त पुलिस टीम, पुलिस गश्त व संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर ग्राम अतरहट के पास से तीन अवैध गांजा तस्करो को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से 65 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अर्पित पांडेय ने बताया कि गहनता से जांच की जा रही है कि गांजा कहां से और किसके माध्यम से आ जा रहा है।

# रोमांचक फाइनल में त्रिपाठी टाइगर्स बनी एलपीएल सीजन-4 की चैंपियन



**ललितपुर।** ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड (एलपीजीसीएल) परिसर में आयोजित ललितपुर पॉवर लीग (एलपीएल) सीजन-4 का भव्य समापन रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। छह टीमों के बीच आयोजित इस प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में त्रिपाठी टाइगर्स ने

● ललितपुर पॉवर लीग (एलपीएल) सीजन-4 का भव्य समापन

अविनाश लायंस को हराकर लगातार दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में अविनाश लायंस के कप्तान एवं स्पोर्ट्स कमेटी हेड सनी स्प्रु ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए त्रिपाठी टाइगर्स ने निर्धारित 12 ओवरों में 5 विकेट के नुकसान पर 184 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। त्रिपाठी टाइगर्स के कप्तान आकाश ललित चैधरी ने विस्फोटक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 25 गेंदों में 101 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। उनकी पारी में 14 छक्के और 3 चैके शामिल रहे। आकाश की आक्रामक बल्लेबाजी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। 185 रनों के कठिन लक्ष्य का पीछा करने उतरी अविनाश लायंस की टीम निर्धारित 12 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 164 रन ही बना सकी। टीम के कप्तान सनी सप्रू ने शानदार संघर्ष करते हुए 37 गेंदों में 95 रन बनाए, जिसमें 13 छक्के और 2 चैके शामिल थे, लेकिन वे अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए आकाश ललित चैधरी को मैन ऑफ द मैच तथा पूरे टूनार्मेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। वहीं सनी सप्रू को बेस्ट बॉलर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विजेता टीम के ओनर प्रवीण त्रिपाठी ने खिलाड ि़यों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी टीम ने लगातार दूसरी बार एलपीएल का खिताब जीतकर नया इतिहास रचा है। समापन समारोह में कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ए.एन. सार एवं कार्यकारी निदेशक (ईडी) अजय कुमार पाण्डेय ने विजेता एवं उपविजेता टीमों सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड ि़यों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मनोज मेहता, आलोक श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, मनोज वर्मा, अखिलेश खुरसवार, अविनाश कुमार, विलास चहारे, जयशंकर मिश्रा, शुभ्रांशु महापात्रा, प्रवीण त्रिपाठी, मिलिंद कर्माकर, हीरेंद्र, अभिनव भारद्वाज तथा अभिमन्यु उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पश्चिम एशिया संकट से बढ़ा जीडीपी पर दबाव

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2025-26 में भले ही उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है लेकिन अर्थशास्त्रियों ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष, ऊंची ऊर्जा कीमतों और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर धीमी पड़ने को लेकर आगाह किया है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही, जो अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के आठ प्रतिशत से मामूली कम है। हालांकि पूरे वित्त वर्ष की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जो दूसरे अग्रिम अनुमान 7.6 प्रतिशत से अधिक है। इन आंकड़ों पर अर्थशास्त्रियों का कहना है कि मजबूत घरेलू मांग, निजी खपत और निवेश गतिविधियों में तेजी के कारण घरेलू अर्थव्यवस्था पश्चिम एशिया में मार्च के दौरान तेज हुए संघर्ष के शुरुआती असर को झेलने में सक्षम रही। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मार्च तिमाही की वृद्धि पिछली 10 तिमाहियों के औसत से काफी ऊपर रही। वहीं, डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वृद्धि व्यापक आधार पर रही और इसमें मांग एवं उत्पादन दोनों का योगदान रहा। सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) की वृद्धि दर 7.9 प्रतिशत रही, जो जीडीपी वृद्धि से




अधिक है। यह संकेत देता है कि सेवा, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों में मजबूती बनी रही।

हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में वृद्धि दर में गिरावट की आशंका है और यह घटकर 6.5-6.6 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। इसका कारण कच्चे तेल और अन्य जिंसों की बढ़ती कीमतें, वैश्विक वृद्धि में सुस्ती, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं और सामान्य से कम मानसून की आशंका है। क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष के लिए 6.6 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान बरकरार रखा है, जबकि एचडीएफसी बैंक ने 6.5 प्रतिशत का अनुमान जताया है। दोनों संस्थानों ने इस बात को लेकर आगाह किया है कि बढ़ती लागत, कमजोर निर्यात, ऊंची महंगाई और निवेश गतिविधियों में संभावित कमी आर्थिक गति को प्रभावित कर सकती है। डीबीएस बैंक ने कहा कि अर्थव्यवस्था का नए वित्त वर्ष में प्रवेश अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में हुआ है, लेकिन पश्चिम एशिया संघर्ष का पूरा असर अभी आंकड़ों में नजर आना बाकी है। बैंक ने ऊर्जा और खाद्य कीमतों में वृद्धि तथा वित्तीय परिस्थितियों के सख्त होने को जोखिम बताया। मजूमदार ने कहा कि सरकार के अग्रिम पूंजीगत व्यय कार्यक्रम और स्थिर ईंधन कीमतों जैसी नीतियों ने संकट के प्रभाव को सीमित रखने में मदद की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि घरेलू मांग और नीतिगत समर्थन के चलते भारत बाहरी झटकों को कुछ हद तक झेल सकेगा। डीबीएस की वरिष्ठ अर्थशास्त्री एवं कार्यकारी निदेशक राधिका राव ने कहा, चौथी तिमाही में ग्रामीण और शहरी मांग अपेक्षाकृत मजबूत रही, लेकिन उर्वरक एवं सीमेंट जैसे कुछ विनिर्माण क्षेत्रों पर लागत से जुड़े दबावों का असर देखा गया। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि का आधार व्यापक बना रहा जिसमें उपभोक्ता खर्च एवं निवेश गतिविधियों दोनों में सुधार देखने को मिला, जो कि एक सकारात्मक संकेत है। खासकर चौथी तिमाही में सरकारी निवेश धीमा पड़ने पर निजी निवेश ने इस तेजी को समर्थन दिया। हालांकि एचडीएफसी बैंक ने आगाह करते हुए कहा हालिया रुझानों को सीधे भविष्य पर लागू कर देना ठीक नहीं होगा।

# फलों के राजा आम की अमेरिका में धूम

एजेंसी

न्यूयॉर्क/सिएटल। भारतीय आमों की अमेरिकी शहरों में धूम मची हुई है। अमेरिकी लोग इस फल की लोकप्रिय किस्मों को बड़े चाव से खा भी रहे हैं और उनकी अधिक से अधिक मांग भी कर रहे हैं।

सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें फलों के राजा आम के अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में निर्यात और उपयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को आम का जादूः भारतीय आमों का प्रचार और स्वाद कार्यक्रम के दूसरे संस्करण की मेजबानी की। इस आयोजन में कॉस्टको जैसी अमेरिकी खुदरा क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों के वरिष्ठ नेतृत्व सहित भारतीय फलों के 100 से अधिक प्रमुख आयातकों ने भाग लिया। इस दौरान आयातकों को




भारतीय आमों की सात उम्दा किस्मों- महाराष्ट्र के अल्फांसो (हाफुस) और केसर, आंध्र प्रदेश के बंगनपल्ली (सफेदा) और हिमायत, उत्तर प्रदेश के लंगड़ा और प्रसिद्ध दशहरी तथा गुजरात के राजापुरी - का स्वाद चखने का भी अवसर मिला। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कार्यक्रम ने आम की क्षेत्रीय किस्मों की क्षमता और अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों द्वारा उनके निर्यात और उपयोग की संभावनाओं को और अधिक बढ़ाया है। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) के सहयोग से आयोजित इस भारतीय आम प्रचार कार्यक्रम में दोपहर के भोज का भी आयोजन था, जिसमें भारतीय आमों से तैयार किए गए भारतीय व्यंजन परोसे गए। वाशिंगटन राज्य के लेफ्टिनेंट गवर्नर डेनी हेक ने एक वीडियो संदेश में कहा, जब तक मैं जिंदा हूं।

## संक्षेप

### सुरक्षा परिषद की सदस्यता बड़ी जिम्मेदारी : भारत

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में जम्मू कश्मीर का अनुचित उल्लेख करने के लिए पाकिस्तान की कड़ी निंदा की है और वैश्विक निकाय के वर्तमान अस्थायी सदस्य से कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अस्थायी सदस्यता एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है, न कि यह पक्षपातपूर्ण और झूठे विमर्श को फैलाने का मंच है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने शुक्रवार को कहा, जम्मू कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश भारत का पूर्णतः आंतरिक मामला है और उसके संदर्भ में पाकिस्तान की टिप्पणी के कारण मैं जवाब देने के लिए मजबूर हुआ। हरीश की यह तीखी प्रतिक्रिया तब आई जब संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत आसिम इफ्तिखार अहमद ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा में सुरक्षा परिषद की वार्षिक रिपोर्ट पर अपने संबोधन में जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाया। पाकिस्तान लगातार जम्मू कश्मीर के मुद्दे के साथ-साथ भारत के आंतरिक मामलों को भी संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों पर उठाता रहता है। पाकिस्तान वर्तमान में सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है और उसका कार्यकाल इस वर्ष समाप्त हो रहा है।

### टीवीएस मोटर ने की पैडॉक की शुरुआत

नयी दिल्ली। दोपहिया और तिपहिया वाहन विनिर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने शनिवार को अपने प्रीमियम मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो के लिए विशेष खुदरा बिक्री शृंखला टीवीएस पैडॉक शुरू करने की घोषणा की। कंपनी इस नई शृंखला के जरिए ग्राहकों के साथ जुड़ाव को मजबूत करना और देश के तेजी से बढ़ते प्रीमियम वाहनों के खंड में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाना चाहती है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि टीवीएस पैडॉक के तहत ग्राहकों को ब्रांड का अनुभव, व्यक्तिगत सेवाएं और बिक्री के बाद बेहतर सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह कंपनी के प्रीमियम मोटरसाइकिल ग्राहकों के लिए एक समर्पित मंच होगा। बयान के मुताबिक, भारत तेजी से वैश्विक स्तर पर प्रीमियम मोबिलिटी बाजारों में एक प्रमुख बाजार के रूप में उभर रहा है। बढ़ती आय और जीवनशैली में बदलाव के कारण इस क्षेत्र में तेजी से वृद्धि हो रही है।

### सरगुजा खनन क्षेत्र में हरियाली लाने की पहल

नयी दिल्ली। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में पारसा ईस्ट एवं कांता बसन (पीईकेबी) कोयला खदान क्षेत्र में खनन से प्रभावित इलाके में नए सिरे से वन विकसित किया जा रहा है। इसके तहत 568 हेक्टेयर क्षेत्र में 16 लाख से अधिक पेड़ एवं पौधे लगाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि यह प्रयास खनन गतिविधियों से प्रभावित भूमि को फिर से हरित क्षेत्र में बदलने की दिशा में किया गया है। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड इस खदान का संचालन राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) के लिए कर रही है। खनन के दौरान हटाए गए प्रत्येक पेड़ के बदले 40 पौधे लगाए गए हैं।

# विशाखापत्तनम बंदरगाह जलक्षेत्र में खड़ा है 292 मीटर लंबा जहाज

एजेंसी

विशाखापत्तनम। विशाखापत्तनम बंदरगाह के आंतरिक सुरक्षित जलक्षेत्र में 292 मीटर लंबा केप-आकार का एक विशाल मालवाहक जहाज खड़ा करने में सफलता मिली है। विशाखापत्तनम बंदरगाह प्राधिकरण (वीपीए) ने कहा कि एमवी ग्रेशियस नाम का यह जहाज ईक्यू-। बर्थ पर लगाया गया।

इस जहाज की चौड़ाई 45 मीटर है जबकि पानी में डूबने की गहराई 12.2 मीटर है। केप-आकार के मालवाहक बड़े जहाज होते हैं, जो करीब दो लाख टन तक माल ढो सकते हैं। अपने बड़े आकार की वजह से ये जहाज पनामा नहर से नहीं गुजर सकते हैं और आमतौर पर केप ऑफ गुड होप के रास्ते ही यात्रा करते हैं। प्राधिकरण ने एक बयान में कहा, वीपीए ने केप-आकार के मालवाहक जहाज एमवी ग्रेसियस को आंतरिक जलक्षेत्र की ईक्यू-। बर्थ पर सफलतापूर्वक खड़ा कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

यह उपलब्धि वीपीए के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है, क्योंकि अब बंदरगाह के पास एक से अधिक ऐसे स्थान उपलब्ध हैं जो केप-आकार के बड़े जहाजों को संभाल सकते हैं, जिससे इसकी माल ढुलाई क्षमता और मजबूत हुई है।

# सरकार ने तय किये खाद्य तेलों की पैकिंग के मानक आकार

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने खाद्य तेलों के पैक के लिए तय आकार निर्धारित किए हैं, ताकि उपभोक्ता अलग-अलग ब्रांडों की कीमत आसानी से तुलना कर सकें और सही खरीद फैसला ले सकें। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, विभाग ने खाद्य तेलों एवं वसा के शुद्ध मात्रा निर्धारण तथा मानक पैक आकार से जुड़ी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) में संशोधन किया है। इसके तहत विनिर्माताओं, पैक करने वालों और आयातकों को नए नियमों का पालन करने के लिए तीन महीने का समय दिया गया है। संशोधित एसओपी में प्रमुख खाद्य तेलों के लिए नौ मानक पैक आकार तय किए गए हैं। इनमें 200 मिलीलीटरा ग्राम, 500 मिलीलीटरा ग्राम, एक लीटरा किलोग्राम, दो लीटरा किलोग्राम, तीन लीटरा किलोग्राम, चार लीटरा किलोग्राम, पांच लीटरा किलोग्राम, 15 लीटरा किलोग्राम और 20 लीटरा किलोग्राम शामिल हैं। यह नियम पाम, सोयाबीन, सूरजमुखी, सरसों, मूंगफली, तिल, राइस ब्रान, कपास बीज और मक्का तेल सहित मिश्रित खाद्य तेलों पर लागू होगा। यह निर्णय देश के लगभग 90 प्रतिशत खाद्य तेल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले प्रमुख उद्योग संगठनों के साथ व्यापक परामर्श के बाद लिया गया है।

# राजस्थान के अनेक इलाकों में हुई बारिश

एजेंसी

जयपुर। पश्चिमी विक्षोभ के असर से राजस्थान के कई इलाकों में शनिवार को हल्की से मध्यम बारिश हुई, फलस्वरूप लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली।

मौसम केंद्र (जयपुर) के अनुसार शनिवार सुबह से शाम तक टोंक के वनस्थली में सबसे अधिक 65 मिलीमीटर बारिश हुई जबकि अलवर में 22.2 मिलीमीटर वर्षा हुई। शनिवार सुबह तक पिछले 24 घंटों के दौरान, बीकानेर जिले के डूंगरगढ़ और झालावाड़ जिले के दाग में 14 मिमी बारिश हुई। शनिवार शाम को कोटपूतली-बहरोड़ के कुछ हिस्सों में जोरदार धूल भरी आंधी चली जिससे




आसमान काला-पीला हो गया।

दृश्यता कम हो गयी एवं यातायात बाधित हुआ। अचानक तेज आंधी आने पर बाज़ारों और सार्वजनिक जगहों पर मौजूद लोग सुरक्षित पर चले गये। आंधी से अस्थायी ढांचे और खुली जगहों पर रखी चीजें उड़ने लगीं या पलट गईं। हालांकि किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। इस बीच, शनिवार को गंगानगर राज्य का सबसे गर्म इलाका रहा जहां अधिकतम तापमान 44.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जैसलमेर में दिन का तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

### दुर्घटना में जान गंवाने वाली महिला के परिवार को मिले 16.93 लाख

नयी दिल्ली। दिल्ली के एक मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने जनवरी 2023 में पश्चिमी दिल्ली में शिवाजी पार्क मेट्रो स्टेशन के पास एक सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाली 49 वर्षीय एक महिला के परिवार को 16.93 लाख रुपये का मुआवजा दिये जाने का आदेश दिया है। पीठासीन अधिकारी गुंजन गुप्ता इस महिला के पति और दो बेटों की दावा याचिका की सुनवाई कर रही थीं। सुमन नामक यह महिला हरियाणा के बहादुरगढ़ की रहने वाली थी। न्यायाधिकरण ने एक जून को अपने आदेश में कहा, जांच विधिवत की गई जिससे न केवल दुर्घटना में वाहन की संलिप्तता का पता चला, बल्कि यह भी सामने आया कि गाड़ी को लापरवाही और तेज गति से चलाया जा रहा था, जिसके परिणामस्वरूप दुर्घटना हुई।

# अन्याय के खिलाफ जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के अल्पसंख्यक एवं अनुसूचित जाति विभागों ने शनिवार को फैसला किया कि वे अल्पसंख्यकों और दलितों के साथ होने वाले उत्पीड़न और अन्याय के खिलाफ संयुक्त रूप से देशव्यापी अभियान शुरू करेंगे। इसी क्रम में वे 20 जुलाई को दिल्ली में जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन का आयोजन करेंगे। पार्टी के एससी विभाग के प्रमुख राजेंद्र पाल गौतम और अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने दोनों विभागों की संयुक्त बैठक के बाद इस कार्यक्रम की जानकारी दी। गौतम ने संवाददाताओं से कहा, आज यह निर्णय लिया गया कि कांग्रेस का अनुसूचित जाति विभाग और अल्पसंख्यक विभाग संयुक्त रूप से लोगों की लड़ाई लड़ेंगे। इस अभियान के तहत अधिवेशन केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आगामी अधिवेशनों में अल्पसंख्यक विभाग और एससी विभाग के साथ आदिवासी विभाग को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद पिछड़े वर्ग और देश के सामान्य वर्ग के गरीबों को भी एक साथ जोड़ने का प्रयास होगा ताकि इन सभी वर्गों की आवाज उठाई जा सके।

# विदिशा में स्थापित होगा कैंसर हॉस्पिटल : शिवराज

एजेंसी

विदिशा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि देश की प्रमुख कैंसर उपचार एवं अनुसंधान संस्था टाटा मेमोरियल अस्पताल की एक इकाई मध्यप्रदेश के विदिशा में स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे राज्य के इस क्षेत्र के कैंसर मरीजों को उपचार के लिए मुंबई और अन्य शहरों की यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। चौहान ने कहा, टाटा मेमोरियल अस्पताल न केवल भारत बल्कि दुनिया की अग्रणी कैंसर उपचार संस्थाओं में गिना जाता है। इस परियोजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा और 15 अगस्त के बाद डे-केयर सुविधाएं शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं विदिशा से लोकसभा सदस्य चौहान ने मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल की मौजूदगी में विदिशा मेडिकल कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय निःशुल्क कैंसर जांच शिविर के उद्घाटन के बाद यह बात कही। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए



चौहान ने इस शिविर को मानव सेवा का एक महान यज्ञ बताते हुए कहा कि जांच के दौरान चिन्हित प्रत्येक मरीज के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा, कैंसर शब्द सुनते ही लोग घबरा जाते हैं, लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है। जांच के बाद चिकित्सक तय करेंगे कि मरीज को दवाओं, कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी या सर्जरी में से किस उपचार की आवश्यकता है। हम केवल जांच तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि उपचार सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर के खिलाफ केंद्र सरकार के टीकाकरण अभियान का उल्लेख करते हुए चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में अग्रणी राज्यों में उभर रहा है। उन्होंने लोगों से गुटखा, तंबाकू और शराब से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि ये कैंसर के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मुंह के कैंसर के अधिकांश मामले तंबाकू सेवन से जुड़े होते हैं। चौहान ने लोगों को सलाह दी कि वे मुंह में लंबे समय तक रहने वाले छाले, मुंह में लाल या सफेद धब्बे, निगलने में कठिनाई और आवाज में बिना कारण होने वाले बदलाव जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करें। उन्होंने महिलाओं को सामाजिक संकोच के कारण चिकित्सकीय जांच में देरी नहीं करने की सलाह दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, यदि स्तन में गांठ महसूस हो या असामान्य रक्तस्राव अथवा लगातार दर्द की शिकायत हो तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए।

## पेज एक का शेष

### एच-1बी

अमेरिकी डॉलर का शुल्क लगाना जैसे कदम शामिल हैं। स्थायी निवास के रास्ते को समाप्त करने के अलावा विधेयक में एच- ।बी वीजा कार्यक्रम के संचालन में व्यापक बदलावों का प्रस्ताव है। विधेयक के अनुसार, एच-1बी आवेदकों को यह साबित करना होगा कि उनका स्थायी निवास अमेरिका के बाहर है और वे उसे छोड़ने का इरादा नहीं रखते। इसके अलावा, यह विधेयक उन प्रावधानों को भी खत्म करेगा जो वर्तमान में ग्रीन कार्ड प्रक्रिया लंबित रहने के दौरान एच- ।बी धारकों को अपने वीजा की अवधि बढ़ाने की अनुमति देते हैं। प्रस्तावित कानून के तहत एच-1बी वीजा की अधिकतम अवधि छह वर्ष से घटाकर दो वर्ष कर दी जाएगी। साथ ही मौजूदा लॉटरी प्रणाली के बजाय अधिक वेतन वाली नौकरियों के आवेदनों को प्राथमिकता दी जाएगी। एरिजोना से रिपब्लिकन सांसद एली क्रेन इस विधेयक के सह-प्रायोजक हैं। उन्होंने कहा कि यह कानून ऐसे महत्वपूर्ण सुधार लेकर आएगा जो भविष्य की पीढ़ियों की रक्षा करेंगे, न कि कॉरपोरेट हितों को बढ़ावा देंगे। रॉय ने यह भी घोषणा की है कि वह अमेरिकी कांग्रेस से सेवानिवृत्त हो रहे हैं और टेक्सास का अटॉर्नी जनरल बनने की दौड़ में हैं।

### वैश्विक संकट

अंतरराष्ट्रीय वोवीनाम फेडरेशन की देखरेख में लखनऊमें आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "वोवीनाम अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। वियतनाम दौरे के दौरान मैंने वहां वियतनामी मार्शल आर्ट का अद्भुत प्रदर्शन देखा था। सिंह ने कहा कि वोवीनाम खेल भारत और वियतनाम के बीच पारस्परिक संबंधों को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने भारत में खेल के प्रचार-प्रसार के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही नवंबर में कंबोडिया में होने वाली एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। प्रतिनिधिमंडल ने रक्षा मंत्री को पुष्पगुच्छ, वोवीनाम अंग वस्त्र और स्मृति चिह्न भेंट किए।

### उत्सव के

ने शनिवार को गोंडा के कटरा विधानसभा क्षेत्र में 256 करोड़ रुपये व करनैलगंज में 260 करोड़ रुपये (कुल 516 करोड़ रुपये) की 262 परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन भी किया। अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि असुरक्षा के वातावरण में निवेश नहीं होता। 2017 से पहले राज्य में पहचान का संकट, नौजवान बेहाल, किसान परेशान, बहन-बेटियां असुरक्षित थीं। जब विकास के पिछले पायदान में हमारी गिनती होती थी तो सम्मान भी नहीं मिलता था। अब सभी 75 जनपदों, 350 तहसीलों, 826 विकास खंडों, 762 नगर निकायों, लगभग 14 हजार वार्डों, 57 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों को बिना रोक-टोक योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोंडा के युवा ऊर्जावान, किसान परिश्रमी, बहन-बेटियां प्रतिभाशाली हैं। कारीगरों व हस्तशिल्पियों ने अपने हुनर की छाप देश-दुनिया तक पहुंचाने में कोई कोताही नहीं की। गोंडा ने स्वाधीनता आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई, लेकिन आजादी के बाद यहां जो अपेक्षित विकास होना चाहिए था, वह तुष्टिकरण, अराजकता, भाई-भतीजावाद, जातिवाद की भेंट चढ़ गया और इसका खामियाजा जनपद को भुगतना पड़ा। गोंडा विकास के अभाव में पिछड़ता गया। यूपी पुलिस की 60,244 भर्तियों में गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर के नौजवानों को भी नौकरी मिली। नियुक्ति पत्र देने से पहले मैं सूची देखता हूं तो खुशी होती है कि गोंडा का नौजवान भी बिना भेदभाव सरकारी नौकरी पाता है। उन्होंने कहा कि अब निवेश केवल नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ में नहीं हो रहा, बल्कि गोंडा में भी निवेश होने से स्थानीय नौजवानों को रोजगार मिल रहा है। अभी मंच पर 20 लाभार्थियों को अलग-अलग योजनाओं का लाभ मिला। अब चेहरा नहीं देखा जाता, बल्कि हर जाति, मत-संप्रदाय के पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ मिल रहा है। मोदी जी के सबका साथ-सबका विकास विजन के तहत सरकार बिना भेदभाव घर-घर तक विकास योजनाएं पहुंचा रही है।

### पहले प्रदेश में

को उतावला दिखता है। सीएम योगी ने कहा कि अब बाहर वाले मित्रवत व्यवहार करते हैं क्योंकि उन्हें पता है कि भगवान राम की असीम कृपा प्राप्त करनी है तो अयोध्या के बगल वाले जनपद गोंडा वालों से मैत्री करो। अब यूपी के नौजवानों को सरकारी नौकरी मिल रही है।

### दो-दो विधानसभाओं

कि दो विधानसभा क्षेत्रों का लगातार दौरा, कार्यों की समीक्षा, योजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास कर जनता को अहसास कराएंगे कि आपने अच्छे लोगों को सांसद-विधायक चुना है। विकास सभी का हो रहा है, लेकिन तुष्टिकरण किसी का नहीं।

### गोंडा के

एनर्जी के माध्यम से नेट जीरो के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बढ़ पाएंगे। ये योजनाएं आमजन के लिए लाभदायी तथा क्षेत्रीय विकास के लिए फलदायी होंगी। ये भावी पीढ़ी के लिए नए स्वरूप में उत्तर प्रदेश को नई पहचान दिलाएंगी।

### रेलवे सुरक्षा व

नियंत्रण और त्वरित पुलिस सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे नेटवर्क में अपराध और असामाजिक गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए तथा जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी दृढ़ता के साथ लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि रेलवे परिसरों, प्लेटफॉर्मों और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग किया जाए। जीआरपी के सांगठनिक ढांचे के बारे में डीजी रेलवे ने बताया कि वर्ष 1867 में स्थापित जीआरपी उत्तर प्रदेश वर्तमान में छह अनुभागों, 65 थानों तथा 89 अस्थायी चौकियों के माध्यम से कार्य कर रही है। प्रतिदिन 3031 से अधिक ट्रेनों, लगभग 1550 रेलवे स्टेशनों तथा 30 लाख से अधिक रेल यात्रियों की सुरक्षा का दायित्व जीआरपी निभा रही है। रेलवे ट्रैक और ट्रेन सुरक्षा की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने रेलवे प्रशासन, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय को और मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि रेलवे ट्रैक सुरक्षा के लिए संयुक्त गश्त, ड्रोन एवं सीसीटीवी आधारित निगरानी, डिजिटल सत्यापन, निरीक्षण एप के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, मुखबिर तंत्र को सुदृढ़ बनाने तथा कबाड़ बाजारों एवं संवेदनशील स्थलों की निगरानी जैसे उपाय किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने रेलवे परिसरों और ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं को पूरी तरह समाप्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जनजागरूकता, सुरक्षा चौपाल, अभिभावकों और युवाओं की काउंसिलिंग, रेल मित्र नेटवर्क, त्वरित अभियोजन तथा प्रभावी निगरानी के परिणामस्वरूप विभिन्न रेल मंडलों में पत्थरबाजी की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि त्योहारों, बड़े आयोजनों, भर्ती परीक्षाओं और विशेष अवसरों पर रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रवेश एवं निकास नियंत्रण, कतार प्रबंधन, सार्वजनिक घोषणाओं, 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी तथा रेलवे प्रशासन के साथ समन्वय के माध्यम से भीड़ नियंत्रण को प्रभावी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल बताते हुए निर्देश दिए कि रेलवे नेटवर्क में महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

### अपने हितों

हुक्म नहीं चलाया जा सकता, कोई हमें नहीं चला सकता, और कोई ऐसा करने की कोशिश भी नहीं करेगा। हम हमेशा वही करेंगे जो हमें सही लगेगा, और साझेदारों, खासकर भारत जैसे साझेदार देशों को दी गई प्रतिबद्धता पर हमेशा कायम रहेंगे। भारत के साथ रूस के पुराने रिश्तों, खासकर रक्षा क्षेत्र में संबंधों की बात करते हुए पुतिन ने कहा, "भारतीय दोस्तों के साथ हमारे रिश्ते खास हैं, जिसके लिए आपसी भरोसा एक वजह है। हम सिर्फ व्यापार पर ही ध्यान नहीं देते। सिर्फ खरीदने और बेचने पर ही नहीं, हम संयुक्त अनुसंधान और विकास पर भी ध्यान दे रहे हैं। पुतिन ने बताया कि कैसे दोनों देशों के विशेषज्ञ मध्यम श्रेणी की मिसाइल ब्रह्मोस के डिजाइन पर काम कर रहे हैं। पांचवीं पीढ़ी के स्टील्थ लड़ाकू सुखोई-57 के बारे में पुतिन ने कहा कि रूस ने पहले भारत के साथ संयुक्त विकास कार्यक्रम का प्रस्ताव रखा था, लेकिन बाद में योजना फलीभूत नहीं होने पर उसने अकेले इस परियोजना को आगे बढ़ाया। पुतिन ने कहा, "सुखोई-57 एक बहुत अच्छा विमान है, शायद सबसे आधुनिक, अभी तक दुनिया का सबसे अद्यतन विमान है। हमने पेशकश की थी कि हमें यह साथ मिलकर करना चाहिए। खैर, यह बात नहीं बनी, लेकिन हमने इसे अपने दम पर किया, और हम सुखोई-57 बेचने के लिए तैयार हैं।

### सिपाही ने

यादव के बड़े भाई अरविंद सिंह इटावा में ही एसआई के पद पर तैनात हैं। उन्होंने बताया कि फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच करके आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### राष्ट्र निर्माण का

करने और राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। साहित्य ने हमेशा समाज को आत्मबोध और परिवर्तन का मार्ग दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान भी साहित्य ने जनजागरण का कार्य किया। कविताओं, गीतों और लेखों ने लोगों में देशभक्ति का संचार किया तथा स्वतंत्रता की भावना को मजबूत किया। यही कारण है कि साहित्य को सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी साधन माना जाता है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद प्रतिष्ठित साहित्यकारों और कवियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी रचनाएं समाज को सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करने के साथ-साथ युवाओं को भी प्रेरित करती हैं। साहित्य की शक्ति लोगों को जोड़ने, संवेदनशील बनाने और राष्ट्रहित के प्रति जागरूक करने में सक्षम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड की पहचान केवल प्राकृतिक सौंदर्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रदेश अपनी समृद्ध लोकसंस्कृति, लोकभाषाओं और साहित्यिक विरासत के लिए भी जाना जाता है। यहां की सांस्कृतिक परंपराएं और लोक साहित्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। राज्य सरकार साहित्य, संस्कृति और लोक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है। ऐसे आयोजन नई प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने के साथ-साथ साहित्यिक संवाद को भी मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ. कुमार विश्वास, अशोक चक्रधर, हरिओम पंवार सहित अनेक साहित्यकारों, कवियों और रचनाकारों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों से आये साहित्यकार, शिक्षाविद, संस्कृति प्रेमी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में साहित्य अनुरागी उपस्थित रहे।

### विकास से

पर सलाह देना, व्यापक आर्थिक महत्व के मुद्दों पर विचार प्रस्तुत करना शामिल है। ये कार्य या तो स्वतः संज्ञान के आधार पर या प्रधानमंत्री अथवा किसी अन्य के संदर्भ पर किए जा सकते हैं। परिषद समय-समय पर प्रधानमंत्री द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य भी करती है।




# टी20 के कप्तान बने श्रेयस अय्यर

## युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी व प्रिंस यादव को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में किया शामिल

**एजेंसी**

मुंबई। भारतीय टी20 क्रिकेट में शनिवार को बदलाव की नई बयार देखने को मिली जब श्रेयस अय्यर को सूर्यकुमार यादव की जगह राष्ट्रीय टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया। महज 15 वर्ष और 71 दिन की उम्र में वैभव सूर्यवंशी राष्ट्रीय टीम में जगह पाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का वर्षों पुराना रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। तेंदुलकर ने 15 नवंबर 1989 को कराची में पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। उस समय उनकी उम्र 16 वर्ष और 205 दिन थी। भारतीय टीम 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगी। इसके बाद टीम एक से 11 जुलाई तक इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में हिस्सा लेगी। अय्यर की राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी तीन दिसंबर 2023 के बाद पहली बार हुई है। उन्होंने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच उसी दिन बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। विभिन्न दौरों के लिए भारतीय टीम की घोषणा करने के बाद मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा, श्रेयस के बारे में बात करें तो पिछले कुछ वर्षों में हमने देखा है कि उन्होंने विभिन्न फ्रेंचाइजी टीमों का नेतृत्व करते हुए किस प्रकार का प्रदर्शन किया है। भारत के इस पूर्व तेज गेंदबाज ने कहा, उन्होंने एक बार फाइनल भी जीता और इस साल अच्छी शुरुआत के बाद उसे मुश्किल सत्र का सामना करना पड़ा। एक कप्तान को जिन-जिन परिस्थितियों से गुजरना पड़ सकता है, वे सभी हमने उनके मामले में देखी हैं। व्यक्तिगत रूप से उनका प्रदर्शन भी काफी अच्छा रहा है। अगरकर ने कहा, वह टी20 विश्व कप की टीम में जगह बनाने के काफी करीब भी थे। लेकिन सूर्यकुमार की मौजूदगी में उनके लिए जगह नहीं बन पाई। मेरे अनुसार वह अब एक बेहद मजबूत दावेदार हैं, जिनके पास टी20 प्रारूप में कप्तानी का पर्याप्त अनुभव है। यह हालांकि निश्चित रूप से एक अलग तरह की चुनौती होगी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनकी शानदार कप्तानी और लगातार बेहतरीन प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया।



### आयरलैंड और इंग्लैंड टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम

श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी।

अय्यर ने 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाया था, जबकि 2025 में पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाया। बल्लेबाजी में भी दो लगातार सफल सत्रों ने उनके दावे को और मजबूत बनाया। यही कारण रहा कि चयन समिति ने टी20 विश्व कप 2026 विजेता कप्तान सूर्यकुमार के उत्तराधिकारी के रूप में श्रेयस पर भरोसा जताया। सूर्यकुमार ने कप्तानी के साथ टीम से जगह भी गंवा दी। अगरकर ने कहा कि पिछले दो सत्रों में सूर्यकुमार की लगातार गिरती फॉर्म ने उन्हें टी20 कप्तानी से हटाने के फैसले को प्रभावित किया। मुंबई के इस खिलाड़ी के बल्ले से औसत प्रदर्शन के बावजूद कप्तान के रूप में अच्छा काम किया था। अगरकर ने कहा, सूर्यकुमार के मामले में यह निश्चित रूप से एक कठिन निर्णय था, खासकर तब जब उन्होंने हाल ही में टी20 विश्व कप जीता था। हम हालांकि अधिकांश विश्व कप के बाद आकलन करते है कि आगे की दिशा क्या होनी चाहिए। उन्होंने कहा, यह निर्णय कुछ हद तक उनकी फॉर्म को देखते हुए लिया गया, लेकिन साथ ही भविष्य खासकर अगले विश्व कप तक के समय को ध्यान में रखते हुए हमने लगा यह सही तरीका है। हम मानते है कि श्रेयस एक बेहद योग्य कप्तान हैं। अगरकर ने कहा, इस पर काफी विचार-विमर्श हुआ, खासकर तब जब किसी खिलाड़ी ने आपको विश्व कप जिताया हो। ऐसे निर्णय लेना आसान नहीं होता। लेकिन मेरा यह भी मानना नहीं है कि किसी स्तर पर हमें इस बदलाव पर विचार करना ही था। अब यह कहना कि आईपीएल फॉर्म ने इसे तय किया, मैं पूरी तरह से सहमत नहीं हूं। इस पर पहले से ही चर्चा चल रही थीं।



# गिल व राहुल के शतक, भारत ने तीन विकेट पर 368 रन बनाये

मुल्लांपुर। कप्तान शुभमन गिल और सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल के शतक से भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शनिवार को यहां तीन विकेट पर 368 रन बनाकर मजबूत शुरुआत की। गिल ने 143 गेंद में 11 चौकों और एक छक्के से नाबाद 103 रन की पारी खेली जबकि राहुल ने अपने 12वें टेस्ट शतक के दौरान 165 गेंद में 11 चौकों की मदद से 100 रन बनाए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी भी की। राहुल ने इससे पहले साई सुदर्शन (81) के साथ दूसरे विकेट के लिए 185 गेंद में 139 रन जोड़कर भारत को ठोस मंच प्रदान किया। दिन का खेल खत्म होने पर ऋषभ पंत नाबाद 50 रन बनाकर गिल का साथ निभा रहे थे।



दोनों चौथे विकेट के लिए 121 रन की अटूट साझेदारी की चुके हैं। अफगानिस्तान की ओर से मोहम्मद सलीम सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 67 रन देकर दो विकेट चटकाए। जियाउर रहमान ने 61 रन देकर एक विकेट हासिल किया। अफगानिस्तान को तेज गर्मी के बीच खराब क्षेत्ररक्षण का खामियाजा भी भुगतना पड़ा क्योंकि उसके क्षेत्ररक्षकों ने कई कैच टपकाए। शतकवीर राहुल को भी किस्मत का सहारा मिला। वह 11वें ओवर में जब 16 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे तब रहमान की गेंद पर विकेटकीपर अफसर जजाई ने उनका कैच लपका लेकिन मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया। रीप्ले में दिखा कि गेंद राहुल के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर के पास गई थी लेकिन अफगानिस्तान ने डीआरएस का सहारा नहीं लिया। भारत ने बल्लेबाजी की अनुकूल पिच पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सलामी बल्लेबाज जायसवाल (32 गेंद में 24 रन, पांच चौके) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई लेकिन उन्हें मलाल रहेगा कि वह अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे और साधारण शॉट खेलकर अपना विकेट गंवा बैठे।

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज सलीम की गेंद थोड़ी अधिक उछली और जायसवाल ने उसे अपने कूल्हे के पास से फाइन लेग की तरफ मोड़ने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले को हल्का सा छूकर विकेटकीपर जजाई के हाथों में चली गई। जायसवाल ने आउट होने से पहले कुछ अच्छे शॉट खेले और ऑन ड्राइव, स्ट्रेट ड्राइव और मिडविकेट की तरफ चौके जड़े। इससे पहले राहुल भी भाग्यशाली रहे जब रहमान की गेंद पर मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया और अफगानिस्तान की टीम ने डीआरएस का सहारा नहीं लिया। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने तीसरे नंबर के बल्लेबाज के तौर पर सुदर्शन पर एक बार फिर भरोसा दिखाया और उन्होंने निराश नहीं किया लेकिन अपने पहले शतक से चूक गए।

राहुल ने सपाट लग रही पिच पर शानदार शॉट खेले। उन्होंने अफगानिस्तान के प्रभावी गेंदबाजी आक्रमण के सामने मजबूत डिफेंस का नजारा भी पेश किया। सुदर्शन को भी शुरुआत में जीवनदान मिला जब पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के स्पिनर नांगेयालिया खरोटे की गेंद पर रहमानुल्लाह गुरबाज ने पहली स्लिप में उनका कैच टपका दिया। बीच-बीच में सुदर्शन से कुछ चूकें हुईं। कुछ शॉट विकेटकीपर और पहली स्लिप के बीच खाली जगह से निकल गए जिन्हें आमतौर पर पकड़ा जा सकता था। सुदर्शन ने अधिकतर चौके मिडविकेट क्षेत्र में जड़े।

## संक्षेप

### कनाडा ने आयरलैंड से 1-1 से ड्रॉ खेला

मांट्रियल। कनाडा के फुटबॉल विश्व कप से पहले आखिरी तैयारी मैच में चिएडोजी ओग्बेने के गोल की बदौलत आयरलैंड ने मुकाबले को 1-1 से ड्रॉ कराया। कनाडा को 24वें मिनट में आयरलैंड के डिफेंडर जेक ओब्रायन के आत्मघाती गोल से बढ़त मिली। स्टीफन यूस्टाकियो की कॉर्नर किक के समय ओब्रायन नेट के सामने खड़े थे। दूसरे हाफ में आयरलैंड को पेनल्टी मिली जब काइल लारिन ने आयरलैंड के जेमी मैकग्रा के खिलाफ लापरवाही से टैकल किया। कनाडा के गोलकीपर मैक्सिम क्रेपो ने ट्रॉय पैरोट के प्रयास को रोक दिया लेकिन ओग्बेने ने रिबाउंड पर गोल करके 60वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। इस साल के विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहे आयरलैंड की टीम 85वें मिनट में गोल करने में करीब पहुंची लेकिन क्रेपो ने मेसन मेलिया के प्रयास को नाकाम कर दिया।

### बुमराह और हार्दिक को लंबे प्रारूप के लिए बचाकर रखा जायेगा : अगरकर

मुंबई। राष्ट्रीय चयन पैनल ने शनिवार को आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे के लिए मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को टीम में शामिल नहीं किया जिससे साफ संकेत मिलता है कि चयनकर्ता उनकी सेवाओं को आने वाले सत्र में टेस्ट और वनडे मैचों के लिए बचाकर रखना चाहते हैं। बुमराह और पंड्या हाल में हुए आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के लिए अपनी पुरानी लय में नहीं दिखे। वे पिछले साल के आखिर से ही लगातार टी20 मैच खेल रहे थे जिसमें विश्व कप जीत भी शामिल रही इसलिए इन दोनों खिलाड़ियों का सावधानी से इस्तेमाल करने की जरूरत है। बुमराह 17 सितंबर से तीन अक्टूबर तक होने वाले एशियाई खेलों में वापसी करेंगे, लेकिन मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने साफ कर दिया कि इस तेज गेंदबाज का इस्तेमाल ज्यादातर लंबे प्रारूप में किया जाएगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या बुमराह को टेस्ट मैचों के लिए बचाकर रखा जा रहा है तो अगरकर ने जवाब दिया, हां और वनडे विश्व कप के लिए भी जैसा पिछले विश्व कप में टी20 प्रारूप था। हम जानते हैं कि वह कितने अहम हैं। उन्होंने आगे कहा, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में अगर हम अगले नौ टेस्ट मैच में अच्छा खेलते हैं तो हमारे पास फाइनल के लिए क्वालीफाई करने का मौका है।

# ईरान की विश्व कप टीम को मिला अमेरिकी वीजा

**एजेंसी**

वाशिंगटन। अमेरिकी के दो अधिकारियों ने बताया कि ईरान की विश्व कप फुटबॉल टीम के सदस्यों को अमेरिका का वीजा मिल गया है। इससे वे इस महीने लॉस एंजिलिस के पास होने वाले अपने शुरुआती दो मैच से पूर्व मैक्सिको के तिजुआना में बने अपने ट्रेनिंग बेस से अमेरिका आ सकेंगे। इजराइल और अमेरिका के साथ ईरान के युद्ध के कारण विश्व कप में टीम की भागीदारी को लेकर मुश्किलें पैदा हो गई थीं। वीजा प्रक्रिया में दिक्कतों की वजह से ईरान को अपना ट्रेनिंग बेस एरिजोना के टक्सन से हटाकर कैलिफोर्निया की सीमा से लगे मैक्सिको के तिजुआना में ले जाना पड़ा था। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ईरान की टीम के सभी खिलाड़ियों के वीजा मंजूर हो गए हैं और उन्हें वीजा मिलने की प्रक्रिया चल रही है।

### एमवाईएएस युवा सम्मेलन में 6000 से अधिक प्रतिभागी शामिल

नयी दिल्ली। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा शनिवार को आयोजित माय भारत युवा सम्मेलन में विभिन्न पृष्ठभूमियों के 6,000 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। युवा विकसित भारतः माय भारत युवा सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी के त्यागराज खेल परिसर में किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागी युवाओं को केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों से संवाद करने का अवसर प्राप्त हुआ।

# 'कप्तानी के दबाव में कमजोर बड़ी सूर्यकुमार की बल्लेबाजी

**एजेंसी**

मुल्लांपुर। पिछले वर्ष के अंत में आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने छात्रों के साथ संवाद में अपने प्रदर्शन को लेकर उठे सवालों का जवाब हल्के-फुल्के अंदाज में दिया था। एक छात्र ने तब 2025 में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की 19 पारियों में उनके 218 रन के अपेक्षाकृत कम स्कोर के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा, 'मेरे 14 सिपाही मेरा काम संभाल रहे हैं, उन्हें पता है कि जिस दिन मैं चल पड़ा, क्या होगा। यह टिप्पणी उस दौर की ओर संकेत करती है जब भारतीय टीम लगातार जीत दर्ज कर रही थी, लेकिन कप्तान के रूप में सूर्यकुमार का व्यक्तिगत प्रदर्शन चर्चा का विषय बना हुआ था।

उनका ध्यान व्यक्तिगत योगदान से अधिक टीम प्रबंधन पर केंद्रित होता चला गया, जिससे उनकी बल्लेबाजी प्रभावित होती दिखाई दी। पेशेवर खेल की दुनिया में, हालांकि, सिर्फ प्रदर्शन को ही प्रमुख पैमाना माना जाता है। पैंतीस वर्ष की आयु पार कर चुके सूर्यकुमार यादव के लिए अब अपने 113 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 3272 रनों के आंकड़े में उल्लेखनीय इजाफा करना कठिन माना जा रहा है। यह टिप्पणी उस स्थिति की ओर संकेत करती थी जिसमें वे लंबे समय तक चले खराब फॉर्म के बावजूद मानसिक रूप से सहज दिखाई दे रहे थे। कई बार उनका आत्मविश्वास आत्ममुग्धता की सीमा को छूता प्रतीत होता था। उनका ध्यान व्यक्तिगत योगदान से अधिक टीम प्रबंधन पर केंद्रित होता चला गया।

# अफगान श्रृंखला में जायसवाल ने ली विराट कोहली की जगह

**एजेंसी**

मुंबई। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली मांसपेशियों में खिंचाव से उबर नहीं सके हैं जिससे वह इस महीने के अंत में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे और चयनकर्ताओं ने उनकी जगह शनिवार को यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल किया।

ये तीन वनडे मैच 13, 17 और 20 जून को क्रमशः धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में खेले जाएंगे। टेस्ट और टी20 से संन्यास लेने के बाद सिर्फ एक प्रारूप में खेलने वाले कोहली को अहमदाबाद में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटन्स के बीच हाल में हुए आईपीएल फाइनल के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव हो गया था। कोहली ने नाबाद 75 रन बनाकर आरसीबी को लगातार दूसरी बार आईपीएल का खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। बीसीसीआई मुख्यालय में एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने पत्रकारों से कहा, विराट को फाइनल में चोट लगी भी जिसे अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ है।

हम उनकी स्थिति का आकलन करेंगे, लेकिन अभी हमें समय-सीमा के बारे में पता नहीं है। उन्होंने कहा, यशस्वी उनकी जगह लेंगे। लेकिन लगता है कि वह (कोहली) इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज (जुलाई में) के लिए फिट हो सकते हैं, हालांकि अभी यह पक्का नहीं है।

# नार्वे शतरंज का खिताब प्रज्ञानानंदा ने जीता

ओस्लो। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा इतिहास रचते हुए अंतिम दौर में जर्मनी के विन्सेंट कीमर को हराकर प्रतिष्ठित नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। प्रज्ञानानंदा ने आखिरी दिन की शुरुआत 15 अंक के साथ तीसरे स्थान से की। उन्होंने सबसे अहम मौके पर बेहतरीन खेल दिखाया और क्लासिकल बाजी में जीत हासिल करके पूरे तीन अंक बटोरे। इस तरह वे 18 अंक पर पहुंचे और एलीट शतरंज की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफियों में से एक अपने नाम की। चेन्नई के इस 20 वर्षीय



खिलाड़ी ने वह उपलब्धि हासिल की जो 2013 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से भारतीय शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद और मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश जैसे खिलाड़ी भी हासिल नहीं कर पाए थे। नार्वे शतरंज में दूसरी बार हिस्सा ले रहे प्रज्ञानानंदा की शुरुआत धीमी रही थी लेकिन टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में उन्होंने रफ्तार पकड़ी और लगातार चार जीत हासिल की। प्रज्ञानानंदा के अभियान की सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने नार्वे शतरंज के सात बार के चैंपियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल बाजी में दो बार हराया।

### वीर अहलावत ने कोर्स रिकॉर्ड के साथ संयुक्त बढ़त बनायी

लुसर्ने। भारत के वीर अहलावत ने दूसरे दौर में 10 अंडर 61 के कोर्स रिकॉर्ड के साथ यहां होटल प्लानर टूर के स्विस चैलेंज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त बना ली।

# पेनल्टी स्ट्रोक में मध्य कमान ने जीती ट्रॉफी

**खेल संवाददाता**

लखनऊ। मध्य कमान (सेंट्रल कमांड) मुख्यालय ने ऑफिसर्स 6-ए-साइड हॉकी टूनामेंट-2026 का खिताब शानदार जीत के साथ 2-1 से अपने नाम कर लिया। 11 गोरखा राइफल्स सेंटर स्टेडियम में खेले गए रोमांचक फाइनल में मध्य कमान ने मध्य यूपी सब एरिया को पेनल्टी स्ट्रोक में 2-1 से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। निर्धारित समय में दोनों टीमों के बीच मुकाबला 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ, जिसके बाद विजेता का फैसला पेनल्टी स्ट्रोक के माध्यम से किया गया। पेनल्टी स्ट्रोक में मध्य कमान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल दागकर जीत सुनिश्चित की गई। वहीं मध्य यूपी सब एरिया की ओर से पेनल्टी स्ट्रोक में प्रयास किए गए, लेकिन टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी।

❍ ऑफिसर्स 6-ए-साइड हॉकी टूनार्मेंट के फाइनल में मध्य यूपी सब एरिया को 2-1 से हराया



# भारत ने कोरिया को हराया, जीता कांस्य

**एजेंसी**

काकामिगाहारा (जापान)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने शनिवार को यहां कोरिया के खिलाफ तीसरे स्थान के मैच में 3-0 से शानदार जीत दर्ज करते हुए अंडर-18 एशिया कप में कांस्य पदक जीता।




भारत की ओर से संदीप कुमारी (दूसरे मिनट), कप्तान स्वीटी कुजूर (16वें मिनट) और नौशीन नाज (33वें मिनट) ने गोल दागे और टीम को पोडियम पर जगह दिलाई। सेमीफाइनल में चीन के खिलाफ शूटआउट में मिली करीबी हार के बाद भारतीय टीम ने कोरिया के खिलाफ शानदार शुरुआत की और शुरुआती दो मिनट में ही बढ़त बना ली। संदीप कुमारी ने बेहतरीन संयम दिखाया और दूसरे ही मिनट में शानदार फिनिश के साथ भारत को बढ़त दिला दी। भारत ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा और सर्कल के अंदर कुछ अच्छे मूव बनाए। टीम को इस इनाम 16वें मिनट में मिला जब स्वीटी कुजूर ने मैदानी गोल करके भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। भारतीय टीम मध्यांतर तक 2-0 से आगे थी। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत ने एक और गोल दागा जब 33वें मिनट में टूर्नामेंट की शीर्ष स्कोरर नौशीन ने मैदानी गोल दागकर प्रतियोगिता में अपने कुल गोल की संख्या 12 तक पहुंचाई। मैच में शानदार प्रदर्शन और शुरुआती गोल करने के लिए संदीप कुमारी को मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

❍ महिला अंडर-18 एशिया कप

### एशियाड स्वर्ण पदक विजेता तीरंदाज प्रथमेश ने दो साल का प्रतिबंध स्वीकार किया: आईटीए

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (आईटीए) ने कहा कि एशियाई खेलों में कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले तीरंदाज प्रथमेश जावकर ने दो साल का प्रतिबंध स्वीकार कर लिया है जो पिछले साल तीन बार अपने स्थान की जानकारी नहीं देने के कारण लगाया गया। प्रथमेश 2022 एशियाड में कंपाउंड टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली उस तिकड़ी का हिस्सा थे जिसमें ओजस प्रवीण देवतले और अभिषेक वर्मा भी शामिल थे। उन्होंने 12 महीने के अंदर तीन बार अपने ठिकाने की जानकारी नहीं देने की गलती की थी। उन्हें सितंबर-अक्टूबर में जापान में होने वाले एशियाई खेलों के लिए 12 सदस्यीय भारतीय तीरंदाजी टीम में शामिल नहीं किया गया था। विश्व तीरंदाजी की ओर से डोपिंग से जुड़े मामलों को देखने वाली आईटीए ने एक बयान में कहा, आईटीए की रिपोर्ट है।

### गंभीर के भरोसे ने बढ़ाया सुदर्शन का आत्मविश्वास

मुल्लांपुर। मुख्य कोच गौतम गंभीर के भरोसे ने युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन को मानसिक रूप से काफी मजबूती दी जिससे उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के पहले दिन खुलकर खेलने की आजादी मिली। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट से पहले गंभीर ने कहा था कि तमिलनाडु के बाएं हाथ के बल्लेबाज को खुद को साबित करने के लिए पर्याप्त मौके दिए जाएंगे। उनका मानना है कि केवल छह मैचों के आधार पर किसी खिलाड़ी की प्रतिभा का आकलन नहीं किया जा सकता। सुदर्शन ने कोच के इस भरोसे पर खरा उतरते हुए 81 रन की आकर्षक पारी खेली। भारत ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट पर 368 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। कप्तान शुभमन गिल 103 जबकि ऋषभ पंत 50 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। केएल राहुल ने 100 रन बनाये। दिन का खेल खत्म होने के बाद सुदर्शन ने कहा, जब कोच, कप्तान और पूरी टीम आपका समर्थन करती है, तो इससे बहुत आत्मविश्वास मिलता है। यह जानकर अच्छा लगता है कि वे चाहते हैं कि आप देश और टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करें और मैच जिताएं।

# द पाल्म्स के 'ऐस मैन' शिखर सिंह ने रचा इतिहास

**खेल संवाददाता**

लखनऊ। गोल्फ की दुनिया में जिस उपलब्धि का सपना अधिकांश खिलाड़ी अपने पूरे जीवन में भी पूरा नहीं कर पाते, उसे द पाल्म्स गोल्फ क्लब के प्रतिभाशाली गोल्फर शिखर सिंह ने तीसरी बार हासिल कर अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया है। 6 जून 2026 को द पाल्म्स गोल्फ क्लब के चुनौतीपूर्ण होल नंबर 6 पर शिखर सिंह ने शानदार शॉट लगाकर अपना तीसरा होल-इन-वन दर्ज किया। इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी श्री अशीथ अस्थाना, श्री वीरेंद्र श्रीवास्तव एवं श्री आर.पी. शाही रहे, जिन्होंने इस अविश्वसनीय शॉट को अपनी आंखों से देखा। विशेष बात यह है कि शिखर सिंह का यह तीसरा होल-इन-वन है, जो उनकी निरंतरता, तकनीकी दक्षता और खेल पर अद्वितीय नियंत्रण को दशार्ता है। उनका पहला होल-इन-वन 24 जनवरी 2025 को होल नंबर 4 पर हुआ था। उस समय उनके साथ एस.के. सिंह, शिवसागर सिंह एवं वीरेंद्र श्रीवास्तव मौजूद थे। इस शानदार उपलब्धि के लिए उन्होंने 7 आयरन का प्रयोग किया था। दूसरा होल-इन-वन 22 मार्च 2026 को होल नंबर 3 पर आया, जहां उनके साथ श्रीकृष्ण शुक्ला, हरिनाथ जायसवाल एवं वर्तुल श्रीवास्तव खेल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 8 आयरन से सटीक शॉट लगाकर गेंद को सीधे कप में पहुंचा दिया। और अब तीसरी बार, 5 आयरन के साथ होल नंबर 6 पर यह करिश्मा दोहराकर शिखर सिंह ने स्वयं को द पाल्म्स गोल्फ क्लब के सबसे सफल और चर्चित गोल्फरों में शामिल कर लिया है। गोल्फ विशेषज्ञों के अनुसार, एक होल-इन-वन अपने आप में दुर्लभ उपलब्धि है, जबकि तीन बार यह कारनामा कर दिखाना किसी खिलाड़ी की उच्च स्तरीय एकाग्रता, तकनीकी उत्कृष्टता और असाधारण खेल कौशल का प्रमाण माना जाता है।

❍ तीसरी बार किया होल-इन-वन का अद्भुत कारनामा



# नशामुक्त समाज बनाना हमारी जिम्मेदारी

## उपराज्यपाल ने नार्को-आतंकी नेटवर्क को खत्म करने का संकल्प लिया

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को किश्तवाड़ जिले में एक विशाल मादक पदार्थ-रोधी पदयात्रा का नेतृत्व किया। पदयात्रा के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों ने केंद्र शासित प्रदेश में नशामुक्त समाज के निर्माण और मादक पदार्थों के खतरे से निपटने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उपराज्यपाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 56 दिनों में 19 जिलों में चलाए गए नशामुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान ने अनगिनत लोगों के जीवन को प्रभावित किया है और यह नशाखोरी के खिलाफ एक सशक्त आंदोलन के रूप में उभरा है। सिन्हा ने कहा, आज, जब नशामुक्त जम्मू-कश्मीर अभियान किश्तवाड़ में एक विशाल पदयात्रा के साथ समाप्त हो रहा है, नागरिकों ने इस उद्देश्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जोरदार तरीके से दोहराया है। हमारा लक्ष्य नशाखोरी के खिलाफ जमीनी स्तर पर प्रतिरोध को बढ़ावा देना और नार्को-आतंकवाद को समाप्त करना है। उन्होंने कहा, हर आवाज मायने रखती है, हर कार्वाई महत्वपूर्ण है तथा साथ मिलकर हम एक सुरक्षित और स्वस्थ केंद्र शासित प्रदेश बना सकते हैं। सिन्हा ने जोर देकर कहा कि प्रशासन हर स्तर



पर मादक पदार्थों के व्यापार की कड़ी को तोड़ रहा है और मादक पदार्थों से जुड़ी आतंकवाद रोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्वाई कर रहा है।

उन्होंने कहा, हम मादक पदार्थों के व्यापार की हर कड़ी को तोड़ रहे हैं। चाहे सीमा पार तस्कर हों, मादक पदार्थ तस्कर हों या आतंकी संगठनों को वित्तपोषित करने वाले हों, किसी को पनाह नहीं मिलेगी। हमारी एजेंसियां हर नार्को-आतंकवादी का पीछा कर रही हैं और उनके नेटवर्क को पूरी तरह से नष्ट कर रही हैं। जम्मू-कश्मीर के भविष्य को संवारने में युवाओं की भूमिका पर जोर देते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने और उन्हें अपनी क्षमता का एहसास कराने के अवसर प्रदान करने की समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा, हमारा भविष्य युवाओं का है और समाज को नशामुक्त बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। जब जम्मू-कश्मीर के युवा नशा से ऊपर उठते हैं, तो उन्हें कोई रोक नहीं सकता। आइए, हम उन्हें बड़े सपने देखने, जीवन जीने और उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाएं। सिन्हा ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के व्यापार और आतंकवाद के वित्तपोषण में शामिल लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। उपराज्यपाल ने माताओं, बहनों और बेटियों से अपने गांवों, कस्बों और मोहल्लों की रक्षक बनने का आह्वान किया, साथ ही युवाओं से मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई में अपने स्कूलों और कॉलेजों के संरक्षक बनने का आग्रह किया। पदयात्रा में नागरिकों, युवा समूहों, छात्रों, नागरिक समाज के सदस्यों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर दागी गईं ईरानी मिसाइलें व ड्रोन मार गिराये



ब्रिजवॉटर (अमेरिका)। अमेरिकी सेना ने कहा कि उसने शुक्रवार को ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य और खाड़ी के अरब देशों की ओर छोड़ी गयीं मिसाइलों तथा ड्रोन को मार गिराया और इसके जवाब में इस्लामी गणराज्य के कुछ तटीय निगरानी रडार ठिकानों पर हमला किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा ईरान पर दबाव बढ़ाने के बीच इस कार्वाई से नाजुक संघर्षविराम पर खतरा और बढ़ गया है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शुक्रवार रात को सोशल मीडिया पर बताया कि ईरान ने कुवैत और बहरीन की ओर सात बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं, जिनमें से छह को अमेरिकी सेना ने रोक लिया, जबकि सातवीं मिसाइल अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाई। सेना ने कहा कि अमेरिकी कर्मियों को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंची है। अमेरिका द्वारा पहले होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर छोड़े गए चार ईरानी ड्रोन को मार गिराए जाने के बाद बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गईं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा, इन हमलावर ड्रोन से क्षेत्रीय समुद्री यातायात को तत्काल खतरा था।

कुवैत की सेना ने कहा कि उसके सुरक्षा बल देश पर किए जा रहे मिसाइल और ड्रोन हमलों को निष्क्रिय कर रहे हैं। जबकि बहरीन ने हवाई हमले के सायरन बजा दिए हैं और लोगों को निकटतम सुरक्षित स्थान पर जाने तथा सरकारी निर्देशों का पालन करने को कहा है। ईरान के अर्द्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा कि उसने कुवैत में अमेरिकी सैनिकों की मौजूदगी वाले अली अल सलेम एयरबेस और खाड़ी के छोटे द्वीपीय देश बहरीन में स्थित अमेरिकी नौसेना के 5वें बेड़े को निशाना बनाया है। यह जानकारी सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए ने दी। अमेरिकी सेना ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी कर रही है। यह कदम वैश्विक तेल और प्राकृतिक गैस आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य पर तेहरान द्वारा बनाए गए दबाव के जवाब में उठाया गया है।

## संक्षेप

### इजराइली में लेबनानी सैनिकों समेत नौ की मौत

बेरूत। दक्षिणी लेबनान में इजराइली हवाई हमलों में तीन लेबनानी सैनिकों समेत नौ लोगों की मौत हो गई। लेबनानी सेना और सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। हमला दोनों पक्षों के बीच नए युद्धविराम समझौते के कुछ दिन बाद हुआ है। सेना ने कहा कि सुबह नबातियेह शहर को मरजायूं कस्बे से जोड़ने वाली सड़क पर एक वाहन पर हुए एक हवाई हमले में एक ब्रिगेडियर जनरल, एक कैप्टन और एक अन्य सैनिक की मौत हो गई। हालांकि, सेना ने उनके नाम सार्वजनिक नहीं किए। सरकारी नेशनल न्यूज एजेंसी ने बताया कि सक्साकियाह गांव में हुए एक अन्य हवाई हमले में छह लोगों की मौत हो गई और चार व्यक्ति घायल हो गए। सेना ने बयान में कहा, लेबनान, इसके लोगों और सेना के खिलाफ इजराइल की आक्रामकता से हमारा संकल्प, विश्वास व दृढ़ निश्चय और मजबूत होगा। इसने कहा कि इजराइल के हमलों का उद्देश्य स्थिरता बहाल करने, व्यापक युद्धविराम स्थापित करने और कब्जे वाले लेबनानी क्षेत्रों से इजराइल की वापसी का मार्ग प्रशस्त करने के प्रयासों को विफल करना है। इजराइली सेना ने एक वाहन को निशाना बनाए जाने की पुष्टि की और कहा कि इस घटना की जांच की जा रही है।

# संस्थान में तोड़फोड़ के मामले में अग्रिम जमानत याचिका दायर करेंगे खान सर

एजेंसी

पटना। खान सर के नाम से मशहूर शिक्षक फैसल खान के एक वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल पटना दीवानी अदालत में अग्रिम जमानत के लिये याचिका दायर करेंगे। खान के कोचिंग संस्थान में हुई तोड़फोड़ के संबंध में दर्ज एक प्राथमिकी में उनका नाम शामिल किया गया है। वकील अरविंद कुमार महुआर ने आरोप लगाया कि उनके मुवक्किल को बदनाम करने की साजिश के तहत उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पटना के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्तिकेय शर्मा ने शुक्रवार को कहा था कि खान ग्लोबल स्टडीज इंस्टिट्यूट में तोड़फोड़ के मामले से जुड़ी प्राथमिकी में शिक्षक और यूट्यूबर फैसल खान का नाम शामिल किया गया है। पुलिस ने कोचिंग संस्थान के दो गार्ड को हिरासत में लिया था। आरोप है कि मंगलवार रात 15-20 लोगों के एक समूह ने कोचिंग सेंटर का पोस्टर फाड़ दिया और परिसर में पथराव किया।

# एनएफएचएस-6 स्वास्थ्य सेवा में बदलावों को दर्शाता है

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस)-6 के निष्कर्षों की आलोचना पर पलटवार करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी.

> अधूरा ज्ञान खतरनाक, खरगे पर पलटवार

नड्डा ने शनिवार को कहा कि अधूरा ज्ञान खतरनाक होता है। उन्होंने कहा कि नवीनतम आंकड़े मोदी सरकार के तहत भारत के स्वास्थ्य सेवा संकेतकों में महत्वपूर्ण सुधार को दर्शाते हैं। ये टिप्पणियां तब आईं जब खरगे ने दो



दिन पहले सोशल मीडिया पोस्ट में आरोप लगाया था कि एनएफएचएस-6 के आंकड़ों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की पूर्ण अक्षमतौ को उजागर किया है और उस पर स्वास्थ्य सेवा और पोषण में उसकी विफलताओं को उजागर करने वाले महत्वपूर्ण आंकड़ों को जानबूझकर छिपाने का आरोप लगाया था। कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणियों का जवाब देते हुए, नड्डा ने उन पर राजनीतिक उद्देश्यों के लिए सर्वेक्षण के निष्कर्षों को चुनिंदा रूप से पढ़ने का आरोप लगाया और कहा कि आंकड़े प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत के स्वास्थ्य तंत्र में हुए उल्लेखनीय परिवर्तन को दर्शाते हैं।

नड्डा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, श्री खरगे जी का अधूरा ज्ञान खतरनाक है। जन स्वास्थ्य इतना महत्वपूर्ण है कि इसे राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं किया जा सकता। चयनात्मक पठन राजनीति के काम आ सकता है, लेकिन राष्ट्र की सेवा तथ्य ही करते हैं।

# वैष्णव ने बंगाल में रेलवे परियोजनाओं में अवरोध के लिए तृणमूल सरकार को ठहराया दोषी

एजेंसी



कोलकाता। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में कई रेलवे और मेट्रो परियोजनाएं पिछली तृणमूल कांग्रेस सरकार के सहयोग की कमी के कारण वर्षों से ठप पड़ी थीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य के दृष्टिकोण में बदलाव के बाद अब काम में तेजी लाई जाएगी। राज्य सचिवालय नबान्न में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ एक बैठक के दौरान, वैष्णव ने दावा किया कि तृणमूल शासन के तहत बंगाल में रेलवे परियोजनाओं को अनुमतियों, भूमि मुद्दों और कानूनी चुनौतियों को लेकर बार-बार बाधाओं का सामना करना पड़ा है, जिसे उन्होंने विकास विरोधी करार दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि अगले पांच वर्षों में कोलकाता मेट्रो के लिए अगली पीढ़ी की साठ ट्रेनें शुरू की जाएंगी। वैष्णव ने दावा किया, पिछली सरकार ने विकास के सभी रास्तों को अवरुद्ध कर दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास बंगाल के लिए योजनाएं हैं, और यह राज्य में रेलवे परियोजनाओं के लिए आवंटित 14,205 करोड़ रुपये से स्पष्ट है। संप्रग सरकार के तहत बंगाल को केवल 4,000 करोड़ रुपये मिले थे। हाल के वर्षों में मेट्रो रेल विकास की गति पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से विस्तार कार्य में काफी तेजी आई है।

उन्होंने कहा, 42 वर्षों में कोलकाता मेट्रो का केवल 28 किलोमीटर का काम पूरा हुआ। मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद परियोजनाओं में तेजी लाई गई। 12 वर्षों में कोलकाता मेट्रो का 45 किलोमीटर और विस्तार हो गया। इसे कहते हैं विकास कार्य। वैष्णव ने आरोप लगाया कि पहले तो सामान्य मंजूरी में भी देरी हुई, जिससे मेट्रो और रेलवे के महत्वपूर्ण कार्यों पर असर पड़ा। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, टीएमसी सरकार ने हमें कई परियोजनाओं के लिए अनुमति नहीं दी। कुछ मामलों में तो वे अदालतों में भी चले गए। उन्होंने कोलकाता मेट्रो लाइनों के चिंगरीघाटा खंड में लंबे समय तक होने वाली देरी को उदाहरण के रूप में उद्धृत किया। वैष्णव ने कहा, चिंगरीघाटा में कोलकाता मेट्रो परियोजना के लिए।

# उन्हें बता दीजिए, हम डरते नहीं हैं : अभिजीत दिपके

एजेंसी

नयी दिल्ली। सैकड़ों प्रदर्शनकारी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करते हुए कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के बैनर तले शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर एकत्र हुए और इस दौरान सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने प्रदर्शनकारियों से यह संदेश देने को कहा कि हम डरते नहीं है।

प्रदर्शन का आह्वान करने वाले दीपके शनिवार सुबह अमेरिका से दिल्ली पहुंचे। दिल्ली पुलिस से अनुमति मिलने के बाद वह जंतर-मंतर पहुंचे, जहां सुबह से ही लोग एकत्र होने लगे थे। प्रधान के इस्तीफे की मांग वाले पोस्टर लिए प्रदर्शनकारी कॉकरोच (तिलचट्टे) के मुखौटे पहने नजर आए। ये मुखौटे प्रदर्शन स्थल पर बांटे जा रहे थे। प्रदर्शनकारियों ने



शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। इसके अलावा उन्होंने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हिंदू-मुस्लिम की राजनीति बंद करने की मांग करते हुए भी नारेबाजी की और भारत माता की जय के नारे भी लगाए। दीपके ने प्रदर्शनकारियों से कहा कि वे केवल देश, महात्मा गांधी एवं बी. आर. आंबेडकर के समर्थन में नारे लगाएं और सांप्रदायिक राजनीति का विरोध करें। सीजेपी संस्थापक ने कहा कि उनके अमेरिका जाते समय उनकी मां उतना नहीं रोई थीं, जितना वह उनके लौटने पर रोईं, क्योंकि उन्हें डर था कि भारत लौटने पर उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, यह सिर्फ मेरी मां का डर नहीं है, यह हर उस युवा के माता-पिता का डर है, जो राजनीति पर बोलता है। हम कब तक डर में जीते रहेंगे? उन्हें बता दीजिए, हम डरते नहीं हैं। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुए प्रदर्शन में दीपके के साथ बाद में जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक भी शामिल हुए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) की एनी राजा और वामपंथी छात्र एवं युवा संगठनों के कार्यकर्ता भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

# बाफ्टा यंग गेम डिजाइनर्स अवार्ड की दौड़ में भारतीय शामिल

लंदन। ब्रिटेन के एक विश्वविद्यालय में पढ़ रहे एक भारतीय छात्र को भारत के एक कारखाने में काम करने वाले मजदूर के जीवन पर आधारित गेम के लिए बाफ्टा यंग गेम डिजाइनर्स अवार्ड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। स्कॉटलैंड के ग्लासगो स्थित स्ट्रैथक्लाइड विश्वविद्यालय के कंप्यूटर एवं सूचना विज्ञान विभाग में प्रथम वर्ष के छात्र डार्सी ढांडा को उनके गेम माया के लिए 15-18 वर्ष के आयु वर्ग में नामांकित किया गया। यह गेम एक विधवा की कहानी पर आधारित है, जो एक कपड़े के कारखाने में लंबे समय तक काम करती है, साथ ही एक बच्चे का पालन-पोषण करती है।

## इंटरटेनमेंट...

# 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर जारी, 19 को आयेगी फिल्म

मुंबई। रिपोर्ट्स के अनुसार शाहिद और रश्मिका की जोड़ी 'कॉकटेल 2' के बाद फिर एक रोमांटिक कॉमेडी में नजर आ सकती है। शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है, जिन्होंने 2012 में आई कॉकटेल का भी

> कृति और रश्मिका के किरदारों के बीच बनते-बिगड़ते रिश्तों को दिखाया गया है

निर्देशन किया था। हालांकि यह फिल्म 'कॉकटेल' की सीधी कहानी को आगे नहीं बढ़ाती लेकिन इसकी थीम रिश्तों, दोस्ती और प्रेम के जटिल समीकरणों पर आधारित है। इस बार फिल्म में पूरी तरह नई स्टार कास्ट और नई कहानी देखने को मिलेगी। ट्रेलर में शाहिद, कृति और रश्मिका के किरदारों के बीच बनते-बिगड़ते




रिश्तों को दिखाया गया है। कहानी एक ऐसे लव ट्रायंगल के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां दोस्ती और प्यार की सीमाएं धुंधली होने लगती हैं। फिल्म आधुनिक रिश्तों की उलझनों और भावनात्मक संघर्षों को केंद्र में रखती है। फिल्म की कहानी तरुण जैन और लव रंजन ने लिखी है। इसका संगीत प्रीतम ने तैयार किया है, जबकि गीत अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। ट्रेलर में लोकप्रिय गीत 'तुम्ही हो बंधु' की वापसी भी देखने को मिलती है।

# डकैत- एक प्रेम कथा : दर्शक अब सिर्फ एक्शन नहीं, महसूस करना चाहते है रोल्स

**मुंबई**। अदिवि शेष इन दिनों अपनी एक्शन-ड्रामा फिल्म 'डकैतः एक प्रेम कथा' को लेकर चर्चा में हैं। 'क्षणम, 'गूढ़ाचारी' और 'मेजर' जैसी फिल्मों के जरिए अपनी अलग पहचान बना चुके शेष ने इस फिल्म के माध्यम से एक बार फिर दर्शकों के सामने नई कहानी पेश करने की तैयारी की है। बातचीत में अदिवि शेष ने अपनी आगामी से अपने जुड़ाव और इसके अन्य पहलुओं पर चर्चा की।

'डकैत' मूल रूप से सबसे पहले एक प्रेम कहानी है। मैं हमेशा इसे इसी तरह देखता हूं कि यह प्यार की कहानी में बुना गया एक्शन है, न कि एक्शन की कहानी में जोड़ा गया प्यार। अगर आपने फिल्म का गाना 'रूबरू' सुना है, जिसे फहीम अब्दुल्ला ने आवाज दी है, तो उसमें एक बेहद सादगी भरा, रूहानी और पुराने दौर के प्रेम का एहसास मिलता है। यह वैसी ही भावनाओं को दर्शाता है, जैसा कभी पुराने उपन्यासों या पिछली पीढ़ियों की प्रेम कहानियों में देखने को मिलता था। फिल्म का मूल विचार यही था कि जब इतने सरल, पवित्र और भावनात्मक प्रेम के बीच अचानक हिंसा और तीव्र एक्शन प्रवेश करता है, तो पूरा परिवेश किस तरह बदलता है।

यही विरोधाभास इस कहानी की सबसे बड़ी ताकत है। मेरे लिए 'डकैत' का उद्देश्य केवल एक्शन दिखाना नहीं था, बल्कि यह दिखाना था कि भावनात्मक रूप से गहरे रिश्तों के बीच संघर्ष और हिंसा किस तरह असर डालते हैं।

# रिव्यू : 'बंदर' बॉबी देओल की दमदार परफॉर्मेंस

**मुंबई**। अनुराग कश्यप की फिल्म 'बंदर' 5 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। अनुराग कश्यप की फिल्मों से हमेशा उम्मीद रहती है कि वे आसान सवाल नहीं पूछेंगी। फिल्म बंदर भी एक ऐसे विषय को उठाती है जिस पर बहस लंबे समय तक चल सकती है। एक ढलते हुए एक्टर और सिंगर पर लगा सीरियस आरोप, सोशल मीडिया की अदालत और जेल के भीतर की दुनिया। सुनने में यह सब बेहद दिलचस्प लगता है। लेकिन दिक्कत तब शुरू होती है जब फिल्म एक जटिल विषय को समझने के बजाय सिर्फ एक पक्ष की पीड़ा दिखाने में उलझ जाती है। नतीजा यह होता है कि फिल्म सोचने पर मजबूर कम और थकाने का काम ज्यादा करती है। कहानी समर मेहरा की है। कभी वह बड़ा सितारा था, लेकिन अब उसकी चमक फीकी पड़ चुकी है। एक शादी में लोग उसके साथ तस्वीर लेने के बजाय खुद की तस्वीरें लेने में ज्यादा दिलचस्पी दिखाते हैं। यही दृश्य उसके गिरते स्टारडम का सबसे सटीक परिचय बनता है।

> लेकिन कमजोर स्क्रीनप्ले और अनबैलेंस्ड नजरिया फिल्म को पीछे खींचता है

# 'है जवानी तो इश्क होना है' धवन की टाइमिंग संभालती फिल्म

**मुंबई**। डेविड धवन की फिल्मों को देखने जाते वक्त दर्शक लॉजिक नहीं, हंसी ढूंढते हैं। गलतफहमियां, रिश्तों का गड़बड़झाला, भागदौड़ और ढेर सारी अफरा तफरी उनकी फिल्मों की पहचान रही है।

है जवानी तो इश्क होना है भी उसी स्कूल की फिल्म है। यहां कहानी से ज्यादा जोर उन हालातों पर है जो धीरे धीरे इतने बेतुके हो जाते हैं कि दर्शक या तो हंसता है या फिर सिर पकड़कर बैठ जाता है। फिल्म में मनोरंजन के कुछ अच्छे पल जरूर हैं, लेकिन उन्हें पाने के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ता है। जस एक खुशमिजाज लेकिन बेहद जोशीला इंसान है। उसकी पत्नी बानी उससे प्यार तो करती



है, लेकिन उसकी जरूरतों और सोच के साथ तालमेल नहीं बैठा पाती। जस पिता बनना चाहता है, जबकि बानी उसकी इस जल्दबाजी और लगातार बढ़ते दबाव से परेशान हो चुकी है। बात इतनी बिगड़ जाती है कि वह जस से तलाक लेने का फैसला कर लेती है। टूटे हुए रिश्ते से बाहर निकलने की कोशिश में जस की जिंदगी में प्रीत की एंट्री होती है। दोनों करीब आते हैं और जस को लगता है कि जिंदगी फिर पटरी पर लौट रही है, लेकिन डेविड धवन की फिल्म में चीजें इतनी आसान कहां होती हैं। असली गड़बड़ तब शुरू होती है जब बानी और प्रीत दोनों गर्भवती हो जाती हैं और दोनों बच्चों का पिता जस निकलता है। इसके बाद फिल्म पूरी तरह से गलतफहमियों, झूठ, छिपाने और कई मजेदार हालात के साथ आगे बढ़ती है।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com